

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200
नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित
वर्ष: 4 अंक: 57 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 06 दिसम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

# भारत-रूस की दोस्ती 'ध्रुवतारे' जैसी
## आतंकवाद के खिलाफ दोनों देश एकजुट : पीएम मोदी

समाज जागरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद जारी साझा बयान में कहा कि भारत और रूस की मित्रता एक ध्रुवतारे की तरह अटल और स्थिर है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए स्पष्ट किया कि आतंकवाद के खिलाफ भारत और रूस पूरी मजबूती से एकजुट हैं।



### भारत के प्रति गहरी मित्रता और अटूट प्रतिबद्धता के लिए राष्ट्रपति पुतिन का हृदय से आभार

पीएम मोदी ने कहा, "आज भारत और रूस के 23वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति पुतिन का स्वागत करते हुए मुझे अत्यंत खुशी हो रही है। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब हमारे द्विपक्षीय संबंध कई ऐतिहासिक मील के पत्थरों से गुजर रहे हैं। ठीक 25 वर्ष पहले राष्ट्रपति पुतिन ने हमारी रणनीतिक साझेदारी की नींव रखी थी। वर्ष 2010 में इस साझेदारी को 'विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी' का दर्जा मिला। पिछले ढाई दशकों में उनके नेतृत्व और दूरदर्शिता ने इन संबंधों को लगातार मजबूत किया है। भारत के प्रति उनकी गहरी मित्रता और अटूट प्रतिबद्धता के लिए मैं राष्ट्रपति पुतिन का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।"

### भारत-रूस की मित्रता समय की कसौटी पर हमेशा खरे उतरे हैं

उन्होंने आगे कहा कि पिछले आठ दशकों में विश्व ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं। मानवता कई चुनौतियों और संकटों से गुजरी है, लेकिन इन सबके बीच भारत-रूस की मित्रता स्थिर और प्रगाढ़ है। परस्पर सम्मान और गहरे विश्वास पर आधारित यह संबंध समय की कसौटी पर हमेशा खरे उतरे हैं। आज हमने इस मजबूत नींव पर सहयोग को और व्यापक बनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों की विस्तृत समीक्षा की है।

### भारत-रूस व्यापार मंच से दोनों देशों के व्यापारिक रिश्तों को नई गति मिलेगी

पीएम मोदी ने बताया कि आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाना दोनों देशों की प्राथमिकता है। इसी दिशा में 2030 तक के लिए 'इकोनॉमिक कोऑपरेशन प्रोग्राम' पर सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि भारत-रूस व्यापार मंच से दोनों देशों के व्यापारिक रिश्तों को नई गति मिलेगी और इससे निर्यात, सह-उत्पादन और सह-नवाचार के नए अवसर खुलेंगे।

### ऊर्जा सुरक्षा भारत-रूस साझेदारी का महत्वपूर्ण स्तंभ

*"ऊर्जा सुरक्षा को भारत–रूस साझेदारी का महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि असैन्य परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में दशकों पुराना सहयोग स्वच्छ ऊर्जा की साझा प्राथमिकताओं को साकार करने में अहम भूमिका निभाता रहा है। महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग से वैश्विक स्तर पर सुरक्षित और विविध आपूर्ति श्रृंखलाएं सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।"*

### कृषि और उर्वरक के क्षेत्र में घनिष्ठ सहयोग खाद्य सुरक्षा और किसानों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण

उन्होंने कहा कि यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन के साथ एफटीए को जल्द अंतिम रूप देने के प्रयास तेज किए जा रहे हैं। कृषि और उर्वरक के क्षेत्र में घनिष्ठ सहयोग खाद्य सुरक्षा और किसानों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। "मुझे खुशी है कि यूरिया उत्पादन को लेकर दोनों पक्ष मिलकर प्रयास कर रहे हैं," उन्होंने कहा।

### भारत के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर

पीएम मोदी ने यह भी बताया कि भारत के नाविकों की पोलर वॉटर में ट्रेनिंग के लिए सहयोग बढ़ाया जाएगा। इससे आर्कटिक क्षेत्र में सहयोग को नई शक्ति मिलेगी और भारत के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। जहाज निर्माण के क्षेत्र में गहरा सहयोग 'मेक इन इंडिया' को और सशक्त करेगा तथा रोजगार, कौशल विकास और क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देगा।

### आतंकवाद मानव मूल्यों पर सीधा हमला है

आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई पर उन्होंने कहा, "पहलगाम में हुआ आतंकी हमला हो या क्रोकस सिटी हॉल पर किया गया कायरतापूर्ण आघात - इन सभी की जड़ एक ही है। भारत का दृढ़ विश्वास है कि आतंकवाद मानव मूल्यों पर सीधा हमला है और इसके विरुद्ध वैश्विक एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है।"

### यूक्रेन मसले पर भारत शुरूआत से ही शांति के पक्ष में

पीएम मोदी ने कहा कि क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। यूक्रेन मसले पर भारत ने शुरूआत से ही शांति का पक्ष लिया है और शांतिपूर्ण, स्थायी समाधान के लिए किए जा रहे सभी प्रयासों का स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा योगदान देने के लिए तैयार रहा है और आगे भी रहेगा।

## पीएम मोदी का रूस को खास तोहफा, 30 दिनों के लिए मिलेगा भारत का फ्री ई-टूरिस्ट वीजा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज शुक्रवार को भारत-रूस के बीच



सांस्कृतिक संबंधों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि लोगों के बीच संबंधों ने हमेशा द्विपक्षीय संबंधों में एक खास जगह रखी है और नई दिल्ली जल्द ही रूसी नागरिकों के लिए 30 दिन का मुफ्त ई-टूरिस्ट वीजा और 30 दिन का ग्रुप टूरिस्ट वीजा शुरू करेगी।

पीएम मोदी ने कहा, "भारत-रूस के संबंधों में हमारे सांस्कृतिक सहयोग और लोगों के संबंधों का विशेष महत्व रहा है। दशकों से दोनों देशों के लोगों में एक-दूसरे के प्रति स्नेह, सम्मान, और आत्मीयता का भाव रहा है। इन संबंधों को और मजबूत करने के लिए हमने कई नए कदम उठाए हैं।

## जाते-जाते पुतिन कर गए ऐसा काम

दिल्ली में दो दिवसीय भारत यात्रा के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का एक बेहद सादा और दिल



छू लेने वाला अंदाज सामने आया. होटल में ठहरने के दौरान वहां के कुछ स्टाफ सदस्यों ने उनसे फोटो की फरमाइश की. इसके बाद पुतिन ने बिना झिझक मुस्कुराकर कैमरे के सामने पोज दे दिया. दुनिया के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शामिल पुतिन का यह अंदाज सोशल मीडिया पर चर्चा का मुद्दा बन गया है.


रूसी मीडिया की रिपोर्टों के मुताबिक होटल के स्टाफ ने पुतिन से एक ग्रुप फोटो की निवेदन किया था. पुतिन न सिर्फ रुके बल्कि मुस्कुराते हुए तस्वीर के लिए खड़े हुए. फोटो क्लिक होने के बाद स्टाफ ने उनकी गर्मजोशी के लिए धन्यवाद दिया, तो उन्होंने भी मुस्कुराते हुए विदाई दी. उनकी यह सहजता भारत दौरे के माहौल को और मानवीय बनाती दिखी.

## राष्ट्रपति पुतिन ने रूसी तेल खरीदने को लेकर दिया बड़ा ऑफर, बोले- 'भारत के लिए बिना रुकावट जारी रहेगा शिपमेंट'

समाज जागरण

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने आज शुक्रवार को रूसी तेल खरीदने को लेकर भारत के लिए बड़ा ऐलान किया है। पुतिन ने कहा कि भारत के लिए बिना रुकावट तेल का शिपमेंट जारी रहेगा।

राष्ट्रपति पुतिन ने कहा, "हम बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए ईंधन की बिना रुकावट शिपमेंट जारी रखने के लिए तैयार हैं।" यह घोषणा तब हुई जब दोनों देशों ने फर्टिलाइजर और फूड सेफ्टी से लेकर शिपिंग और मैरीटाइम लॉजिस्टिक्स तक अलग-अलग क्षेत्रों में समझौते किए



हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग पर जोर देते हुए कहा, "भारत और रूस 2030 तक व्यापार बढ़ाने के लिए एक आर्थिक सहयोग कार्यक्रम पर सहमत हुए हैं।"

इससे पहले क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने इस हफ्ते की शुरूआत में कहा कि रूस को उम्मीद है कि वह भारत को अपना तेल निर्यात फिर से बढ़ाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के कारण आई मौजूदा गिरावट को वह अस्थायी मानते हैं।

यूक्रेन युद्ध के बाद भारत रूस के समुद्री तेल का सबसे बड़ा खरीदार बन गया था। हालांकि, हाल ही में अमेरिका ने रूस के बड़े तेल प्रोड्यूसर रोसनेफ्ट और लुकोइल पर बैन लगा दिया। इसकी वजह से भारत ने कच्चे तेल के आयात में कटौती की है। इसके बाद, यूरोप ने भी रूसी क्रूड ऑयल से बने पेट्रोलियम प्रोडक्ट की खरीद पर बैन लगाने का ऐलान किया है। भारत-रूस के बीच 2023-24 में द्विपक्षीय व्यापार 65.70 बिलियन डॉलर था, जिसमें 4.26 बिलियन डॉलर का भारतीय निर्यात और 61.44 बिलियन डॉलर का आयात शामिल था। दोनों देशों का मकसद 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 बिलियन डॉलर तक ले जाना है।

## पंजाब के किसानों ने मांगों को लेकर रेल रोको आंदोलन
### मांगें नही पूरी की गई तो 19 को फिर रेल रोको आंदोलन होगा

(दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)

जैतो,5 दिसम्बर :पंजाब में एक बार फिर से किसान अपनी मांगों को लेकर सक्रिय हो गए है। उनके घरों पर छापेमारी कर रही है और उन्हें धमका रही है। उनकी प्रमुख माँगें में बिजली संशोधन विधेयक 2025: केंद्र सरकार के प्रस्तावित बिजली



संशोधन विधेयक 2025 को रद्द करना, न्यूनतम समर्थन मूल्य सभी फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी सुनिश्चित करना, प्रीपेड मीटर: प्रीपेड बिजली मीटर लगाने के निर्णय को वापस लेना, सार्वजनिक संपत्तियों के निजीकरण को रोकना शामिल हैं। इनके अतिरिक्त अन्य मुद्दों किसानों और खेत मजदूरों के लिए कर्ज माफी और मनरेगा के तहत 200 दिन का रोजगार और 700 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी की गारंटी भी लंबे समय से चली आ रही मांगों में शामिल हैं।

नवीनतम जानकारी के अनुसार, किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा गैर-राजनीतिक) के बैनर तले किसानों ने आज राज्यव्यापी 'रेल रोको' आंदोलन किया है। उन्होंने आज दोपहर 1 बजे से 3 बजे के बीच पंजाब के 19 जिलों में लगभग 26 स्थानों पर रेलवे ट्रैक जाम कर दिए जाने की सूचना हैं, जिससे ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई है।

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर और मंजीत सिंह राय ने घोषणा की है कि आगामी दिसंबर महीने में विरोध प्रदर्शन तेज होंगे, जिसमें प्रीपेड स्मार्ट मीटर के खिलाफ प्रदर्शन (10 दिसंबर), डीसी कार्यालयों के बाहर धरने (17-18 दिसंबर), और यदि मांगें पूरी नहीं हुई तो पूर्ण 'रेल रोको' आंदोलन (19 दिसंबर) शामिल हैं। किसान नेताओं ने आरोप लगाया है कि पंजाब सरकार और पुलिस उन्हें विरोध प्रदर्शन करने से रोकने के लिए

यह आंदोलन मुख्य रूप से पंजाब के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की लगातार समस्याओं, जैसे ऋणग्रस्तता और पर्यावरणीय आपदाओं के कारण उत्पन्न हुए हैं। विभिन्न किसान संगठन, जैसे भारतीय किसान यूनियन के विभिन्न गुट, इन मुद्दों पर सक्रिय रूप से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

## लोनी में अवैध झुग्गियों का मामला गमार्या, निरीक्षण पर पहुंचे विधायक

लोनी, 5 दिसंबर: क्षेत्र में अवैध रूप से बनी झुग्गियों का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। क्षेत्रीय भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर शुक्रवार को बिना किसी पूर्व सूचना के लोनी क्षेत्र में बनी अस्थायी झुग्गी बस्तियों में पहुंचे। उनके वहां अचानक पहुंचते ही झुग्गियों में रह रहे लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कई लोग मौके से बचकर भागते नजर आए।

### हजारों लोग बिना पहचान और अनुमति के रह रहे हैं।

निरीक्षण के दौरान भाजपा विधायक नंदकिशोर गूर्जर ने दावा किया कि इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग बिना किसी वैध दस्तावेज, पहचान पत्र या सरकारी रिकॉर्ड के निवास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति सुरक्षा और प्रशासनिक दृष्टि से अति गंभीर है। गुर्जर ने आरोप लगाया कि इन झुग्गियों में रहने वाले कई लोग बांग्लादेशी और रोहिंग्या होने की आशंका जताई जा रही है, और ऐसे तत्व किसी भी हाल में लोनी में स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### अवैध बिजली कनेक्शन पर

निरीक्षण के दौरान बिजली व्यवस्था पर भाजपा विधायक ने तीखी प्रतिक्रिया जताई, उन्होंने कहा कि बिना किसी दस्तावेज और सत्यापन के यहां बिजली कनेक्शन कैसे जारी किए गए? यह प्रशासन और विद्युत विभाग की मिलीभगत का मामला लगता है।जो अत्यंत गंभीर है। उन्होंने उच्च



अधिकारियों से विद्युत विभाग से विस्तृत रिपोर्ट तलब करने के लिए कहां है।

इसके उपरांत विधायक लोनी तहसील स्थित जनसुविधा केंद्र भी पहुंचे। वहां उन्होंने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और कर्मचारियों से जनता को मिलने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उन्हें लोगों से शिकायतें मिलीं कि केंद्र पर डिजिटल कार्यों में देरी और लापरवाही की जा रही है। इस पर विधायक ने संचालक को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि जनता को परेशान किया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई तय है। उन्होंने कहां की नागरिकों का काम पारदर्शिता के साथ होना चाहिए।

विधायक ने कहा कि जिन लोगों ने सांठगांठ करते हुए अवैध बिजली कनेक्शन जारी किये है उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही कराई जाएगी, प्रशासन और विधुत विभाग से इसके लिए जिम्मेदार लोगों का जवाब मांगा जाएगा संदिग्ध विदेशी नागरिकों की पहचान कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोनी में रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कानून व्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है। सूत्र बताते हैं कि विधायक की इस कार्यवाही के बाद प्रशासन जल्द ही अवैध निर्माण और बिना दस्तावेज के निवास कर रहे लोगों की सर्वे और सत्यापन अभियान शुरू करने वाला है।

## हिमाचल हाईकोर्ट से सुक्खू सरकार को तगड़ा झटका, पंचायत चुनाव के नियमों में संशोधन रद्द, अदालत बोली- ये ठीक नहीं

समाज जागरण

शिमला. हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने पंचायती राज (चुनाव) नियम, 1994 में हाल ही में किए गए संशोधन को रद्द करते हुए शिमला जिला परिषद के वार्डों का नए सिरे से परिसीमन करने के आदेश दिए हैं. अदालत ने कहा कि यह संशोधन मनमाना है और समान प्रतिनिधित्व से जुड़े संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करता है. कोर्ट का आदेश प्रदेश की सुक्खू सरकार के लिए तगड़ा झटका माना जा रहा है. जस्टिस विवेक सिंह ठाकुर और जस्टिस रोमेश वर्मा की खंडपीठ ने संशोधित नियम 9 (2) को रद्द करते हुए कहा कि ग्राम सभा क्षेत्र की जगह पंचायत समिति क्षेत्र को परिसीमन की इकाई बनाना जनसंख्या का असंतुलन पैदा करता है.

### सुविधा को प्राथमिकता

अदालत ने पाया कि संशोधित परिसीमन आदेशों में वार्डों की जनसंख्या में भारी अंतर है. डोडरा क्वार में जहां लगभग 6,300 की आबादी है, वहीं कोटखाई में यह संख्या 37,000 से अधिक है, जो निष्पक्ष प्रतिनिधित्व के संवैधानिक सिद्धांत (अनुच्छेद 243C) का उल्लंघन करता है. खंडपीठ ने कहा कि संशोधन में संवैधानिक अनुपालन की बजाय प्रशासनिक सुविधा को प्राथमिकता दी गई है. यह संशोधन हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम की धारा 214 के तहत विधानसभा के पटल पर नहीं रखा गया था, जिसके चलते यह अमान्य हो गया.

## साइबर क्राइम पुलिस की बड़ी कार्रवाई: GST और ITR फजीवाड़ा करने वाला आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण

नई दिल्ली/गौतमबुद्धनगर। थाना साइबर क्राइम पुलिस ने इनकम टैक्स रिटर्न और GST पोर्टल पर लगभग 11 करोड़ रुपये के फर्जी इनवॉइस तैयार कर करीब 2 करोड़ रुपये का अवैध GST क्लेम करने वाले वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोबाइल फोन और कूटरचित GST बिल भी बरामद किए। यह कार्रवाई




साइबर अपराधों और आर्थिक धोखाधड़ी के खिलाफ पुलिस की सतत सक्रियता को दशार्ती है। अधिकारियों के अनुसार आरोपी लंबे समय से इस तरह के फजीर्वाड़े में शामिल था। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है और अन्य सहयोगियों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

साइबर क्राइम पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि इस प्रकार की धोखाधड़ी की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि ऐसे अपराधों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

# अब न रेलें भरोसे की रहीं न हवाई जहाज




कहने को भारत में घरेलू विमानन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है, जो दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू बाजार है। 2025 में, यह क्षेत्र प्रतिदिन लाखों यात्रियों को सेवाएं प्रदान कर रहा है। लेकिन बेहतरीन ऑन टाइम परफार्मेंस के भरोसे नंबर वन तक खिताब पाने वाली इंडिगो एयरलाइन पिछले दो दिनों से अपने पैसेंजर्स को खूब रुला रही है. भारत में सडक और रेल सुविधाएं पहले से विश्व स्तर की घटिया सेवाएं हैं.

दिल्ली हो या मुंबई, लखनऊ हो या पटना, हर एयरपोर्ट से इंडिगो की फ्लाइट धड़ाधड़ कैंसल हो रही हैं. सिर्फ 4 दिसंबर को ही दोपहर 11 बजे तक 272 से अधिक उडानें रद्द हो चुकी है. इंडिगो अपने पैसेंजर्स को भले ही इस कैंसलेशन के पीछे सिर्फ ऑपरेशन रीजन बता रही हो, लेकिन इसकी असल वजह कुछ और ही है.

भारत में हवाई यात्रियों की संख्या लगातार बढ रही है लेकिन हवाई सेवाएं उस अनुपात में नहीं बढ रहीं. आधिकारिक आंकडों के मुताबिक मार्च 2025 में कुल 1,02,319 घरेलू उड़ानें संचालित हुईं, जो फरवरी 2025 के 92,291 से अधिक है। यह ऐतिहासिक उच्च स्तर है।

सूत्रों के मुताबिक भारत में प्रति दिन औसतन 3,100 से 3,200 उड़ानें संचालित की जाती हैं.। उदाहरण के लिए, नवंबर 2025 में औसत दैनिक 3,161 उड़ानें थीं, जो पिछले महीने से 8 अधिक हैं। कुल दैनिक उड़ानों (घरेलू + अंतरराष्ट्रीय) में से लगभग 70 फीसदी हैं.लेकिन अब ये आंकडे गडबडा रहे हैं.

इंडिगो की फ्लाइट में हो रहे डिले और कैंसलेशन के क्राइसिस की असल वजह नई फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिट पॉलिसी की प्लानिंग में हुई देरी है. डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने जनवरी 2024 में ही एफडीटीएल के संशोधित नियम जारी कर दिए थे. साथ ही, डीजीसीए ने इंडिगो सहित सभी एयरलाइंस को साफतौर पर बता दिया था कि एफडीटीएल में हुए बदलाव का दूसरा चरण पहली नवंबर से लागू कर दिया जाएगा. आरोप है कि पर्याप्त समय मिलने के बावजूद इंडिगो ने अपनी तैयारी पूरी नहीं की.

एविएशन सूत्रों के मुताबिक, एयरलाइंस को अपने क्रू रोस्टर कम से कम 15 दिन पहले फाइनल करने होते हैं. इसी के आधार पर पायलटों की ड्यूटी, आराम समय और उड़ान शेड्यूल सेट किए जाते हैं. लेकिन इंडिगो ने रोस्टर एडजस्टमेंट में देरी कर दी. जब नए नियम लागू होने के करीब समय बचा और डीजीसीए से किसी तरह की रियायत नहीं मिली, तब इंडिगो ने रोस्टर समायोजन का काम शुरू किया, जिससे कई रूट्स पर पायलट और क्रू की उपलब्धता संभव नहीं हो पाई. नतीजा यह हुआ कि इंडिगो की करीब 8 फीसदी उड़ानें प्रभावित हुईं और सैकड़ों कैंसल कर दी गई.

नई एफडीटीएल पॉलिसी में पायलटों के आराम समय को बढ़ाया गया है. साथ ही, रात की उड़ानों पर कुछ पाबंदियां भी लगाई गई हैं. नई एफडीटीएल पॉलिसी में लगातार उड़ान भरने की सीमाएं सख्त की गई हैं. यह बदलाव सुरक्षा के लिए जरूरी था और पायलटों की थकान को कम करने के मकसद से लाया गया था. पायलट्स के अनुसार, इन नियमों का मतलब यह नहीं कि एयरलाइंस को पायलटों की संख्या दोगुनी करनी पड़े. जरूरत सिर्फ बेहतर और समय पर प्लानिंग की होती है.

इंडिगो की क्राइसिस में यही कमी साफ दिखी. एयरलाइन के पास जनवरी से नवंबर तक लगभग दस महीने का समय था कि वह अपने शेड्यूल, क्रू असाइनमेंट और बैकअप प्लान को नए सिस्टम के हिसाब से तैयार कर ले. लेकिन देर से शुरू की गई तैयारी ने ऑपरेशन को भारी दबाव में डाल दिया. अब डीजीसीए ने अब इस मामले पर पैनी नजर बनाए रखी है और एयरलाइंस से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है. वहीं इंडिगो का कहना है कि वह क्रू रोस्टर को तेजी से स्थिर करने में जुटी है और अगले कुछ दिनों में स्थिति सामान्य हो जाएगी.

हमारे यहाँ सडक बस सेवाएं पहले से गडबड हैं. रेलें समय से चलती नहीं हैं. ऐसे में लोग हवाई यात्राओं के प्रति आकर्षात हुए. वर्ष 2024 में कुल 1.63 करोड़ से अधिक यात्री घरेलू उड़ानों से यात्रा कर चुके हैं, और 2025 में यह संख्या 8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बढ़ने की उम्मीद है। कुल क्षमता में 8.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

मजे की बात ये है कि हवाई उडान उद्योग में क्षमता की कमी के बावजूद, 2025 में विकास जारी है।वर्ष 2025 में भारत में लगभग 10 प्रमुख यात्री एयरलाइंस घरेलू उड़ानें संचालित कर रही हैं। इनमें फुल-सर्विस कैरियर, लो-कॉस्ट कैरियर और क्षेत्रीय ऑपरेटर शामिल हैं। कुछ नई एयरलाइंस (जैसे एयर केरला शुरू हो रही हैं, जो संख्या को बढ़ा सकती हैं।

इस समय इंडिगो, एयर इंडिया, स्पाइस जेट, एयर इंडिया एक्सप्रेस, आकाशा एयर, विस्तारा, अलायंस एयर, स्टार एयर फ्लाई विग और जेटविंग्स जैसी कंपनियां अपनी सेवाएं दे रहीं हैं. इनमें सबसे ज्यादा 60 फीसदी हिस्सा इंडिगो का है.गो फर्स्ट जैसी कुछ एयरलाइंस (2023 से निलंबित) को बाहर रखा गया है। क्षेत्रीय एयरलाइंस उडान योजना के तहत छोटे शहरों को जोड़ रही हैं। देश में हवाई अड्डों का भी तेजी से विस्तार हुआ है किंतु अधिकांश जिला स्तरीय हवाई अड्डों पर हवाई जहाज की जगह चिडियां उडती नजर आ रही हैं. हवाई अड्डे शो पीस बनकर रह गये हैं.

@राकेश अचल

# भारतीय वैज्ञानिकों ने खोजी 12 अरब प्रकाश वर्ष दूर ब्रह्मांड की सर्पिल अलकनंदा

ब्रह्मांड की अथाह गहराइयों में कभीझ्रकभी कोई खोज केवल विज्ञान को आगे नहीं बढ़ाती, बल्कि हमारी समझ, हमारे अहंकार और हमारी कल्पना—तीनों को एक साथ चुनौती देती है। भारतीय शोधकताओं द्वारा खोजी गई सर्पिल गैलेक्सी ह्यअलकनंदाह्न ऐसी ही खोज है, जिसने खगोल विज्ञान के दायरे से बाहर निकलकर भारत की वैज्ञानिक यात्रा को भी एक नई दिशा में उजागर किया है। पृथ्वी से 12 अरब प्रकाश वर्ष दूर स्थित यह गैलेक्सी मात्र एक खगोलीय पिंड नहीं, बल्कि प्रारंभिक ब्रह्मांड की एक ऐसी झलक है, जिसकी उम्मीद वैज्ञानिक समुदाय ने बहुत बाद में देखने की की थी। नासा के जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप खहरळ की मदद से पुणे के नेशनल सेंटर फॉर रेडियो एस्ट्रोफिजिक्स से जुड़े दो भारतीय शोधकताओं, राशी जैन और योगेश वडदेकर ने यह उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह बिग बैंग के सिर्फ डेढ़ अरब वर्ष बाद की संरचनात्मक जटिलता को सामने लाती है, जो अब तक के वैज्ञानिक अनुमान के विपरीत है।

इस खोज की कहानी केवल तकनीक या उपकरणों की क्षमता की कहानी नहीं है, बल्कि मानव जिज्ञासा और वैज्ञानिक साहस की यात्रा भी है। एबेल 2744 नामक गैलेक्सी क्लस्टर के गुरुत्वाकर्षण लेंसिंग प्रभाव का उपयोग करके शोधकताओं ने वह दृश्य प्राप्त किया जिसे सामान्य परिस्थितियों में देख पाना असंभव था। यह तकनीक दूर स्थित वस्तुओं की रोशनी को मोड़कर और बढ़ाकर टेलीस्कोप तक पहुँचाती है—मानो ब्रह्मांड स्वयं हमारे लिए एक प्राकृतिक दूरबीन बन जाता हो। खहरळ ने 21 अलगझ्रअलग इन्फ्रारेड फिल्टर्स के जरिए इस दूरस्थ गैलेक्सी को देखने की क्षमता प्रदान की, और भारत के वैज्ञानिकों ने उस क्षमता का अप्रत्याशित उपयोग किया।

अलकनंदा की खोज का मूल आकर्षण केवल इतनी दूर स्थित किसी गैलेक्सी का दिख जाना नहीं, बल्कि उसमें संरक्षित वह व्यवस्था है जो आज मिल्की वे में दिखाई देती है। एक परिपक्व सर्पिल गैलेक्सी—जिसमें साफझ्रसुथरी भुजाएँ हों, चमकदार केंद्र हो और तारों के बनने की तेज गति हो—ऐसा रूप आमतौर पर ब्रह्मांड के बाद के युग में मिलता है, तब जब पदार्थ पर्याप्त रूप से ठंडा और स्थिर हो चुका हो। लेकिन अलकनंदा ब्रह्मांड की वर्तमान आयु के मात्र दस प्रतिशत समय में ही इस परिपक्व अवस्था तक पहुँच चुकी थी। यह निश्चित रूप से सवाल उठाता है कि क्या हमारा गैलेक्सी निर्माण का मानक मॉडल अधूरा है, या हमें डार्क मैटर और गुरुत्वाकर्षण प्रक्रियाओं को समझने के लिए नए ढाँचे विकसित करने होंगे।

अलकनंदा का व्यास लगभग 30,000 प्रकाश वर्ष है, जो मिल्की वे के आकार से काफी मेल खाता है। इसमें दो प्रमुख सर्पिल भुजाएँ दिखाई देती हैं, जिनमें तीव्र गति से तारे बन रहे हैं। यह गैलेक्सी प्रतिवर्ष लगभग 60 सूर्यों के बराबर द्रव्यमान के नए तारे बना रही है, यानी हमारी मिल्की वे की तुलना में लगभग बीस गुना तेज। इससे पता चलता है कि प्रारंभिक ब्रह्मांड में स्टारझ्रफॉर्मेशन की प्रक्रियाएँ कितनी उग्र रही होंगी। अनुमान यह भी बताता है कि इसके आधे तारे लगभग 20 करोड़ वर्षों के भीतर ही बन चुके थे—एक ऐसी गति जो आज हमें लगभग असंभव प्रतीत होती है। जब हम यह समझते हैं कि तारों का निर्माण गैस और धूल के बादलों के जटिल संकुचन से होता है, और यह प्रक्रिया सामान्य परिस्थितियों में लाखोंझ्रकरोड़ों वर्षों तक चलती है, तो यह समझना आसान है कि अलकनंदा जैसी गैलेक्सी ब्रह्मांड के शुरूआती तूफानी काल में कैसे विज्ञान की पारंपरिक धारणाओं को चुनौती देती है।

अलकनंदा नाम का चयन भी इस खोज के सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करता है। हिमालय की पवित्र नदी अलकनंदा, जिसे गंगा की एक मुख्य धारा कहा जाता है, भारतीय सभ्यता की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है निरंतर प्रवाह, शक्ति, शुद्धता और सृजन का। यही तत्व वैज्ञानिकों ने इस गैलेक्सी में भी देखे एक ऐसा प्रवाह और ऊर्जा जो अरबों वर्ष दूर होते हुए भी हमें अपनी ओर आकर्षित करती है। यह नाम बताता है कि विज्ञान केवल निष्पक्ष तथ्यों की खोज नहीं, बल्कि संस्कृति और पहचान के साथ संवाद भी है।

अलकनंदा की खोज, भारत की वैज्ञानिक क्षमता के परिप्रेक्ष्य में भी एक महत्वपूर्ण अध्याय है। पिछले एक दशक में भारत ने चंद्रयान, मंगलयान, आदित्यझ्र1 जैसे मिशनों के जरिए अपनी अंतरिक्ष क्षमता को दुनिया के सामने रखा है। लेकिन वैज्ञानिक प्रतिष्ठा केवल सरकारी मिशन और बड़े प्रोजेक्टों से नहीं बनती; वह उन शोधकताओं के लगातार प्रयासों से बनती है, जो दुनिया के अग्रणी उपकरणों का उपयोग कर ज्ञान की नई सीमाएँ तय करते हैं।

इस खोज के वैज्ञानिक प्रभाव दूरगामी हैं। यह गैलेक्सी निर्माण के मानक सिद्धांतों को पुनः परखने के लिए प्रेरित करती है। गैलेक्सियों के निर्माण को लेकर यह धारणा रही है कि प्रारंभिक ब्रह्मांड में पदार्थ अत्यधिक अराजक स्थिति में था, जिससे सुव्यवस्थित संरचनाएँ बन पाना कठिन था। लेकिन अलकनंदा की परिपक्व सर्पिल भुजाएँ बताती हैं कि शायद गुरुत्वाकर्षण, डार्क मैटर या अन्य अज्ञात कारकों ने संरचनाओं को हमारी अपेक्षा से अधिक तेजी से स्थिर किया। संभव है कि ब्रह्मांड में गैलेक्सियों की पहली पीढ़ियाँ हमारी कल्पना से अधिक जटिल रहीं हों। यह भी संभव है कि हमारे मॉडल केवल इस वजह से अधूरे हों क्योंकि अब तक हमारे पास इतनी दूर तक देखने की तकनीक नहीं थी। खहरळ ने इस सीमा को तोड़ दिया है और साबित किया है कि वैज्ञानिक सत्य कभीझ्रकभी उपकरणों की सीमाओं के पीछे छिपा होता है।

भविष्य की संभावनाएँ इससे भी अधिक रोमांचकारी हैं। भारतीय शोधकर्ता अब इस क्लस्टर के आसपास अन्य सर्पिल गैलेक्सियों की खोज कर रहे हैं, ताकि यह समझा जा सके कि अलकनंदा अकेली अपवाद है या प्रारंभिक ब्रह्मांड में ऐसी संरचनाएँ आम थीं। यदि अगली खोजें भी इसी प्रकार की संरचनाएँ उजागर करती हैं, तो हमें गैलेक्सी विकास के पूरे इतिहास को नए सिरे से समझना पड़ेगा। और यदि यह एक दुर्लभ घटना पाई जाती है, तब भी यह खोज हमारे मॉडल में महत्वपूर्ण संशोधन की मांग करेगी।

विज्ञान में ऐसे क्षण बारझ्रबार नहीं आते। एक दूरस्थ, लगभग कालातीत सर्पिल गैलेक्सी जिसे देखने में प्रकाश को बारह अरब वर्ष लगे हमसे कहती है कि भविष्य की ओर देखने के लिए कभीझ्रकभी अतीत की ओर झाँकना पड़ता है। अलकनंदा ब्रह्मांड की उसी गहरी स्मृति का हिस्सा है। उसकी रोशनी आज हमें यह याद दिलाती है कि ज्ञान की यात्रा अनंत है, और भारत उस यात्रा में अब केवल सहभागी नहीं, बल्कि अग्रणी बन रहा है।



महेन्द्र तिवारी

# भूजल के लिए सुसंगत नीति जरूरी, प्रदूषक पदार्थों से बढ़ी चिंता

भूजल का इस्तेमाल लगातार बढ़ने के साथ ही उसकी गुणवत्ता भी बिगड़ती जा रही है जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य, कृषि और जल सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है

पिछले कुछ वर्षों में भूजल पर भारत की निर्भरता और बढ़ गई है। देश में लगभग 85 प्रतिशत ग्रामीण परिवार अभी भी पेय जल के स्रोत के रूप में इसी पर निर्भर हैं और सिंचाई से जुड़े लगभग दो-तिहाई कार्य जलभृतों (एक्विफर) से पूरे होते हैं। भूजल का इस्तेमाल लगातार बढ़ने के साथ ही उसकी गुणवत्ता भी बिगड़ती जा रही है जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य, कृषि और जल सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है।



केंद्रीय भूजल बोर्ड द्वारा जारी वार्षिक भूजल गुणवत्ता रिपोर्ट 2025 में कहा गया है कि संकट अब कुछ राज्यों या प्रदूषक पदार्थों तक सीमित नहीं है। भारत अब अनेक प्रदूषकों के साथ आपात स्थिति का सामना कर रहा है और देश के कई क्षेत्रों में नाइट्रेट, फ्लोराइड, आर्सेनिक, यूरेनियम, लवणता और भारी धातुओं के लिए निर्धारित सुरक्षित सीमा पार हो गई है।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि देश के उत्तरी राज्यों एवं क्षेत्रों में यूरेनियम की मात्रा खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के जिलों में यूरेनियम स्वीकार्य 30 पार्ट्स पर बिलियन (पीपीबी) सीमा से बहुत अधिक हो गया है।

यूरेनियम का यह खतरनाक स्तर सबसे अधिक पंजाब में देखा गया है जहां मॉनसून से पहले के 53.04 प्रतिशत नमूनों और मॉनसून के बाद के 62.50 प्रतिशत नमूनों में इसकी मात्रा स्वीकार्य सीमा से अधिक पाई गई। इसके साथ ही नाइट्रेट की मात्रा भी अधिक हो गई है जो अक्सर उर्वरक के अत्यधिक उपयोग और खेतों से रसायनयुक्त पानी के बहकर जल स्रोतों तक पहुंचने का नतीजा है। रिपोर्ट में लगभग 20 प्रतिशत नमूनों में नाइट्रेट सीमा से अधिक है और लगभग 8 प्रतिशत में बीआईएस मानक से ऊपर फ्लोराइड है।

इस तरह का संदूषण (कंटैमिनेशन) प्राकृतिक और मानवजनित कारकों दोनों से उत्पन्न होता है। राजस्थान या पंजाब के कुछ हिस्सों में भूगर्भीय संरचनाएं ऐसी हैं कि भूजल स्तर गिरने पर फ्लोराइड या यूरेनियम की मात्रा बढ़ने लगती हैं। औद्योगिक अपशिष्ट, अनियमित खनन और अनुपचारित सीवेज तेजी से उन हिस्सों में पानी की गुणवत्ता खराब कर रहे हैं जहां शहरों एवं संबंधित व्यवस्था का विकास तेजी से हो रहा है।

अपर्याप्त अपशिष्ट प्रबंधन के कारण शहरी जलभृतों में सूक्ष्मजीव संदूषण अधिक रहता है। उक्त रिपोर्ट में सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि संदूषक पदार्थों की सूची में कई गांव एक साथ नजर आते हैं जो जलभृत स्तर में क्षरण का संकेत देते हैं। इसके गंभीर नतीजे सामने आ सकते हैं। लाखों लोग जो जल के लिए बोरवेल पर निर्भर हैं, उनमें फ्लोरोसिस, नाइट्रेट विषाक्तता, आर्सेनिक से संबंधित बीमारियां और भारी धातुओं और यूरेनियम से जुड़े दीर्घकालिक कैंसर का खतरा अधिक रहता है। कृषि पर इसका प्रभाव भी उतना ही चिंताजनक है। दूषित भूजल न केवल उपज कम करता है बल्कि खाद्य श्रृंखला में विषाक्त पदार्थों के प्रदूषित होने का खतरा भी बढ़ा देता है।

तमिलनाडु में छतों पर वर्षा जल संचयन से संबंधित कानून या पश्चिम बंगाल में आर्सेनिक-शमन जैसे राज्य-स्तरीय प्रयास अपर्याप्त हैं। इस संकट से निपटने के लिए एक सुसंगत राष्ट्रीय भूजल स्वास्थ्य मिशन की आवश्यकता है। फसल विविधीकरण, उर्वरकों के नियंत्रित इस्तेमाल और मिट्टी में नमी संरक्षण जैसे कृषि जल उपाय किए जा सकते हैं। अधिक संदूषण का संकट झेल रहे गांवों के लिए विकेंद्रीकृत निस्पंदन प्रणाली जैसे सामुदायिक-स्तर पर आरओ और आयन-एक्सचेंज इकाइयां आदि को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। शहरी क्षेत्रों में सख्त सीवेज उपचार मानकों, रिसाव का पता लगाने वाली प्रणालियों और औद्योगिक निर्वहन निगरानी की आवश्यकता होती है।

पाइप से जलापूर्ति, पीने योग्य पानी के कियोस्क और वास्तविक समय पर गुणवत्ता पर नजर रखने जैसे उपायों के माध्यम से सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। दूषित पदार्थों में स्पष्ट क्षेत्रीय भिन्नता के मद्देनजर स्थानीय भूजल प्रबंधन भी आवश्यक है। स्थानीय सरकारों को जल भूविज्ञान आकलन करने, जल-सुरक्षा योजनाएं बनाने और जलभृत पुनर्भरण संरचनाओं का प्रबंधन करने में सक्षम बनाकर सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा मिल सकता है। बेतरतीब ढंग से जल निष्कर्षण रोकने के लिए भूमि स्वामित्व से अलग एक स्पष्ट रूप से परिभाषित भूजल अधिकारों की तरफ कदम बढ़ना भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है।

# भीमराव आम्बेडकर

डॉ. भीमराव रामजी आम्बेडकर (जन्मः 14 अप्रैल, 1891 - मृत्युः 6 दिसंबर, 1956) एक बहुजन राजनीतिक नेता और एक बौद्ध पुनरुत्थानवादी भी थे। उन्हें बाबासाहेब के नाम से भी जाना जाता है। आम्बेडकर ने अपना सारा जीवन हिन्दू धर्म की चतुवर्ण प्रणाली और भारतीय समाज में सर्वत्र व्याप्त जाति व्यवस्था के विरुद्ध संघर्ष में बिता दिया। उन्हें बौद्ध महाशक्तियों के दलित आंदोलन को प्रारंभ करने का श्रेय भी जाता है। आम्बेडकर को भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया है जो भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। अपनी महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों तथा देश की अमूल्य सेवा के फलस्वरूप डॉ. अम्बेडकर को आधुनिक युग का मनु कहकर सम्मानित किया गया। डॉ. भीमराव रामजी आम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 में हुआ था। वे रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई मुरबादकर की 14वीं व अंतिम संतान थे। उनका परिवार मराठी था और वो अंबावडे नगर जो आधुनिक महाराष्ट्र के रत्नागिरी ज़िले में है, से संबंधित था। अनेक समकालीन राजनीतिज्ञों को देखते हुए उनकी जीवन-अवधि कुछ कम थी। वे महार जाति के थे जो अछूत कहे जाते थे। किन्तु इस अवधी में भी उन्होंने अध्ययन, लेखन, भाषण और संगठन के बहुत से काम किए जिनका प्रभाव उस समय की और बाद की राजनीति पर है। भीमराव आम्बेडकर का जन्म निम्न वर्ण की महार जाति में हुआ था। उस समय अंग्रेज निम्न वर्ण की जातियों से नौजवानों को फौज में भर्ती कर रहे थे। आम्बेडकर के पूर्वज लंबे समय तक ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना में कार्यरत थे और भीमराव के पिता रामजी आम्बेडकर ब्रिटिश फौज में सूबेदार थे और कुछ समय तक एक फौजी स्कूल में अध्यापक भी रहे। उनके पिता ने मराठी और अंग्रेजी में औपचारिक शिक्षा की डिग्री प्राप्त की थी। वह शिक्षा का महत्त्व समझते थे और भीमराव की पढ़ाई लिखाई पर उन्होंने बहुत ध्यान दिया।

अछूत समझी जाने वाली जाति में जन्म लेने के कारण अपने स्कूली जीवन में आम्बेडकर को अनेक अपमानजनक स्थितियों का सामना करना पड़ा। इन सब स्थितियों का धैर्य और वीरता से सामना करते हुए उन्होंने स्कूली शिक्षा समाप्त की। फिर कॉलेज की पढ़ाई शुरू हुई। इस बीच पिता का हाथ तंग हुआ। खर्चे की कमी हुई। एक मित्र उन्हें बड़ौदा के शासक गायकवाड़ के यहाँ ले गए। गायकवाड़ ने उनके लिए स्कॉलरशिप की व्यवस्था कर दी और आम्बेडकर ने अपनी कॉलेज की शिक्षा पूरी की। 1907 में मैट्रिकुलेशन पास करने के बाद बड़ौदा महाराज की आर्थिक सहायता से वे एलिफिन्सटन कॉलेज से 1912 में ग्रेजुएट हुए।

1913 और 15 के बीच जब आम्बेडकर कोलंबिया विश्वविद्यालय में अध्ययन कर रहे थे, तब एम.ए. की परीक्षा के एक प्रश्न पत्र के बदले उन्होंने प्राचीन भारतीय व्यापार पर एक शोध प्रबन्ध लिखा था। इस में उन्होंने अन्य देशों से भारत के व्यापारिक सम्बन्धों पर विचार किया है। इन व्यापारिक सम्बन्धों की विवेचना के दौरान भारत के आर्थिक विकास की रूपरेखा भी बन गई है। यह शोध प्रबन्ध रचनावली के 12वें खण्ड में प्रकाशित है।

कुछ साल बड़ौदा राज्य की सेवा करने के बाद उनको गायकवाड़-स्कालरशिप प्रदान किया गया जिसके सहारे उन्होंने अमेरिका के कोलम्बिया विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में एम.ए. (1915) किया। इसी क्रम में वे प्रसिद्ध अमेरिकी अर्थशास्त्री सेलिगमैन के प्रभाव में आए। सेलिगमैन के मार्गदर्शन में आम्बेडकर ने कोलंबिया विश्वविद्यालय से 1917 में पी एच. डी. की उपाधी प्राप्त कर ली। उनके शोध का विषय था -'नेशनल डेवलेपमेंट फॉर इंडिया : ए हिस्टोरिकल एंड एनालिटिकल स्टडी'। इसी वर्ष उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स में दाखिला लिया लेकिन साधनाभाव में अपनी शिक्षा पूरी नहीं कर पाए। कुछ दिनों तक वे बड़ौदा राज्य के मिलिटरी सेक्रेटरी थे। फिर वे बड़ौदा से बम्बई आ गए। कुछ दिनों तक वे सिडेनहैम कॉलेज, बम्बई में राजनीतिक अर्थशास्त्र के प्रोफेसर भी रहे। डिप्रेस्ड क्लासेज कांफरेंस से भी जुड़े और सक्रिय राजनीति में भागीदारी शुरू की। कुछ समय बाद उन्होंने लंदन जाकर लंदन स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स से अपनी अधूरी पढ़ाई पूरी की। इस तरह विपरीत परिस्थिति में पैदा होने के बावजूद अपनी लगन और कर्मठता से उन्होंने एम.ए., पी एच. डी., एम. एस. सी., बार-एट-लॉ की डिग्रियाँ प्राप्त की। इस तरह से वे अपने युग के सबसे ज्यादा पढ़े-लिखे राजनेता एवं विचारक थे। उनको आधुनिक पश्चिमी समाजों की संरचना की माज-विज्ञान, अर्थशास्त्र एवं कानूनी दृष्टि से व्यवस्थित ज्ञान था। अछूतों के जीवन से उन्हें गहरी सहानुभूति थी। उनके साथ जो भेदभाव बरता जाता था, उसे दूर करने के लिए उन्होंने आन्दोलन किया और उन्हें संगठित किया।

1926 में वह बम्बई की विधान सभा के सदस्य नामित किए गए। उसके बाद वह निर्वाचित भी हुए। क्रमशः ऊपर चढ़ते हुए सन् 42-46 के दौर में वह गवर्नर जनरल की कार्यकारिणी की सदस्यता तक पहुँचे। भारत के स्वाधीन होने पर जवाहर लाल नेहरू के मंत्रिमंडल में विधि मंत्री हुए। बाद में विरोधी दल के सदस्य के रूप में उन्होंने काम किया। भारत के संविधान के निर्माण में उनकी प्रमुख भूमिका थी। वह संविधान विशेषज्ञ थे। अनेक देशों के संविधानों का अध्ययन उन्होंने किया था। भारतीय संविधान का मुख्य निमार्ता उन्हीं को माना जाता है। उन्होंने जो कुछ लिखा, उसका गहरा सम्बन्ध आज के भारत और इस देश के इतिहास से है। शूद्रों के उद्धार के लिए उन्होंने जीवन भर काम किया, पर उनका लेखन केवल शूद्रों के लिए महत्त्वपूर्ण नहीं है। उन्होंने दर्शन, इतिहास, राजनीति, आर्थिक विकास आदि अनेक समस्याओं पर विचार किया जिनका सम्बन्ध सारे देश की जनता से है। अंग्रेजी में उनकी रचनावली 'डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर राइटिंग्स एंड स्पीचेज' नाम से महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्रकाशित की गई है। हिन्दी में उनकी रचनावली 'बाबा साहब डॉक्टर आम्बेडकर सम्पूर्ण वाङ्मय' के नाम से भारत सरकार द्वारा प्रकाशित की गई है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# थाना प्रभारी पर पक्षपात और लापरवाही के आरोप, भाजपा

## (सभासद बोले:अंकुर बिहार थाने में शिकायत दर्ज कराना मिशन इम्पॉसिबल:)

समाज जागरण

लोनी, 5 दिसंबर: नगर पालिका क्षेत्र में स्थितअंकुर विहार थाने की कार्यप्रणाली पर फिर उठी उंगली, वार्ड 33 के भाजपा सभासद राम निवास त्रिपाठी ने थाना प्रभारी अंकुर बिहार पर गंभीर आरोप लगाया है. उनका कहना कि पुलिस पुलिस पीड़ितों की रिपोर्ट दर्ज करने की बजाय उल्टा किसी न किसी बहाने उन्हें टिरकाने का प्रयास करती है।



संदर्भ में बात करें तो सभासद द्वारा पुलिस उपायुक्त ग्रामीण को भेजी गई शिकायत में कहा गया है कि थाना प्रभारी न तो शिकायतें दर्ज करते हैं और न ही बढ़ते अपराधों पर कोई कार्यवाही करते हैं। आरोप है कि क्षेत्र में शराब तस्करी, अवैध वसूली व दबंगई जैसी गतिविधियाँ खुलेआम चल रही हैं और पुलिस इन पर कार्रवाई करने के बजाय चुप्पी साधे हुए है। जिस कारण अपराधिक घटनाएं दिन प्रतिदिन भू बढ़ रही है। त्रिपाठी ने बताया कि फायरिंग और बमबाजी जैसी गंभीर घटनाओं में भी FIR दर्ज करने में देरी की गई, जिससे अपराधियों के हौसले और बुलंद हैं। सभासद का कहना है कि जब उन्होंने इन घटनाओं पर आवाज उठाई तो उल्टा उन पर ही कमजोर धाराओं में मुकदमे दर्ज कर उन्हें परेशान करने की पुलिस ने कोशिश की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कई बार पुलिसकर्मियों या तथाकथित बिचौलियों द्वारा उन पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया गया। वही सभासद का कहना है कि एक जनप्रतिनिधि होने के बावजूद उनकी शिकायतों को पुलिस द्वारा गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है सभासद ने मामले में कमिश्नर से मिलने की बात कही है। वही पीड़ित सभासद त्रिपाठी के अनुसार, पहली शिकायत 30 अप्रैल 2025 को दी गई थी और अब तक कई बार लिखित व मौखिक रूप से शिकायतें की गईं, लेकिन पुलिस की कार्रवाई सिर्फ शब्दों में ही सीमित रही। 18 अक्टूबर को थाना परिसर में मुलाकात के दौरान भी उन्हें सिर्फ "देखेंगे" और "जल्द कार्रवाई होगीह्व जैसे जवाब मिले।

त्रिपाठी ने उच्च अधिकारियों से अंकुर बिहार थाना प्रभारी के खिलाफ निष्पक्ष जांच, थाना प्रभारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है, अब देखना है कि पुलिस प्रशासन इस मामल में कार्रवाई करता है, जिसकी हमारे सभी पाठकों को बेताबी से इंतजार है।

# ऑनलाइन उपस्थिति और अतिरिक्त कार्यों के विरोध में ग्राम सचिवों का धरना

## (मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा)

समाज जागरण

लोनी, 5 दिसंबर: प्रदेश के ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन लखनऊ के आह्वान पर शुक्रवार को विकासखंड लोनी के ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत क्षेत्रीय ग्राम सचिवों ने अपने लंबित मुद्दों और कार्य परिस्थितियों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस अवसर पर ग्राम सचिवों ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री और प्रदेश के मुख्य सचिव के नाम संबोधित, खंड विकास अधिकारी लोनी बिन्नी यादव को सौंपा।

ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली और अतिरिक्त कार्यों का विरोध धरने में शामिल ग्राम सचिवों ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था ग्रामीण परिस्थिति में व्यावहारिक नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क, उपकरणों और तकनीकी साधनों का अभाव है। ऐसे में यह व्यवस्था न केवल कार्यकुशलता में बाधा उत्पन्न



कर रही है बल्कि कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव भी बना रही है। उन्होंने यह भी कहा कि उनसे मूल विभागीय दायित्वों के अलावा स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व कृषि , पशुपालन सहित कई अन्य विभागों के कार्य लिए जा रहे हैं, जबकि इसके लिए कोई संसाधन, प्रशिक्षण या अतिरिक्त मानदेय उपलब्ध नहीं कराया जा रहा। नई बात तो यह है कि विरोध दर्ज कराने के क्रम में ग्राम सचिवों ने जिला स्तरीय अधिकारियों और खंड विकास कार्यालय के आधिकारिक संचार समूहों से खुद को लेफ्ट कर संगठनात्मक रूप में असहमति जताई है।

धरना एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मिश्रा एवं मंत्री सुधीर के नेतृत्व में आयोजित किया गया जिसमें प्रमुख रूप से अंकित सिंह मृत्युंजय तिवारी, रचना, अनुपम आदि ने भाग लिया।

प्रमुख मांगें –

ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली को तत्काल स्थगित किया जाए, बिना संसाधन उपलब्ध कराए अतिरिक्त विभागीय कार्य ना लिए जाएं,

लंबित सेवा नियमावली, पदोन्नति और मानदेय बढ़ोतरी लागू की जाए, तकनीकी संसाधन, प्रशिक्षण और कार्यकुशल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। धरने में मौजूद पदाधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार द्वारा जल्द कोई सकारात्मक निर्णय न लिया गया तो आंदोलन चरणबद्ध रूप से आगे बढ़ाया जाएगा। जरूरत पड़ने पर कार्य बहिष्कार जैसे कदम भी उठाए जाएंगे।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# शीतलहर और कोहरे की चुनौतियों पर जिला प्रशासन गंभीर

## जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में बनाई गई व्यापक कार्य योजना, आमजन की सुरक्षा और राहत कार्यों को प्राथमिकता

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 05 दिसंबर 2025: जिलाधिकारी मेधा रूपम के निदेशांनुसार डिप्टी कलेक्टर चारूल यादव की अध्यक्षता में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कार्यालय में शीतलहर और घने कोहरे की संभावित परिस्थितियों को देखते हुए जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आमजन की सुरक्षा, राहत कार्यों की सुचारू व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं के संचालन के लिए समग्र कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी अधिकारियों को अपनी कार्ययोजना की विस्तृत रिपोर्ट तीन दिनों के भीतर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

**सड़क और यातायात व्यवस्थाएँ:**
सड़कों की मरम्मत, गड्ढों की भराई, डिवाइडरों की पेंटिंग, रोड मार्किंग और निर्माणाधीन स्थलों पर सुरक्षा चिन्हांकन तत्काल पूर्ण करना होगा।



प्रमुख सड़कों और मोहल्लों में प्रकाश बिंदुओं की मरम्मत एवं समय पर संचालन सुनिश्चित किया जाएगा।

यातायात विभाग को वाहनों पर नारंगी चेतावनी रेडियम स्टिकर लगाने, सुरक्षित दूरी बनाए रखने, मास्क उपयोग और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कराने के निर्देश।

शीतलहर के दौरान सड़क पर कोई व्यक्ति रात में न सो पाए, यह सुनिश्चित करना अनिवार्य।

**राहत और रैन बसेरे व्यवस्थाएँ:**
नगर निकायों और संबंधित अधिकारियों को अलाव की व्यवस्था, गरीब एवं निराश्रित व्यक्तियों को कंबल वितरण सुनिश्चित करना होगा। सभी रैन बसेरों में साफ-सफाई, सैनिटाइजेशन, पेयजल, विद्युत, शौचालय, बिस्तर और कंबलों की 247 उपलब्धता अनिवार्य। प्रत्येक रैन बसेरे पर नोडल अधिकारी तैनात कर सूचना कार्यालय और आपदा प्रहरी ऐप पर दैनिक अपडेट करेंगे।

**पशु और स्वास्थ्य व्यवस्थाएँ:**
पशुचिकित्सा विभाग को गौशालाओं में अलाव, दवाइयों, टीकाकरण और पशु सुरक्षा सुनिश्चित करना होगा।

पशुओं में शीतलहरजनित बीमारियों की रोकथाम हेतु विशेष सतर्कता बरतना अनिवार्य। स्वास्थ्य विभाग को जिला एवं ब्लॉक स्तर के अस्पतालों में बेड आरक्षित, दवाओं का पर्याप्त भंडारण, चिकित्सकों की उपलब्धता और एम्बुलेंस सेवाओं का पूरा संचालन सुनिश्चित करना होगा।

**श्रमिक और गरीब वर्ग की सुरक्षा:**
श्रम विभाग को लेबर चौराहों का निरीक्षण कर वैकल्पिक व्यवस्था एवं जरूरतमंद श्रमिकों को कंबल उपलब्ध कराना होगा।

कोटेदारों को गरीब एवं असहाय लोगों की सूची तैयार कर तहसीलदार के माध्यम से कंबल वितरण सुनिश्चित करना होगा।

सभी अधिकारियों को राहत पोर्टल पर कंबल वितरण, रैन बसेरों में ठहरे व्यक्तियों की संख्या और अलाव स्थलों की जानकारी नियमित रूप से फीड करनी होगी।

**बैठक संचालन और उपस्थिति:**
बैठक का सफल संचालन जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुर्वेदी ने किया। बैठक में जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार, असिस्टेंट डायरेक्टर ऑफ फैक्ट्री राम बहादुर और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सौजन्य: सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना: यूपीएससी, नीट व जेईई की मुफ्त कक्षाएँ जारी

## जनपद के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर, आवेदन कर निःशुल्क लाभ लें

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 05 दिसंबर 2025: जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार ने जानकारी दी कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत यूपीएससी, नीट और जेईई की तैयारी के लिए मुफ्त कक्षाएँ लगातार संचालित की जा रही हैं।

जिले के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ इन कक्षाओं का लाभ ले रहे हैं।

विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा विषयवार नियमित कक्षाएँ संचालित की जा रही हैं, जिससे अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर मिल रहा है।

यूपीएससी की कक्षाएँ: डॉ. भीमराव आंबेडकर पुस्तकालय, सेक्टर-37, नोएडा

नीट और जेईई कक्षाएँ: पंचशील बालक इंटर कॉलेज, सेक्टर-93, नोएडा

योजना के तहत आय और जाति की कोई बाध्यता नहीं है। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर निःशुल्क योजना का लाभ ले सकते हैं। छात्रों का चयन प्रवेश परीक्षा मेरिट के आधार पर किया जाएगा।

**आवेदन:**
जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, कक्ष संख्या 116, 117, विकास भवन, सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा
डॉ. बी.आर. आंबेडकर पुस्तकालय, सेक्टर-37, नोएडा

**संपर्क सूत्र:**
सारांश श्रीवास्तव, वरिष्ठ सहायक - 8860517148
दीपांशु सिंह, कोर्स को-ऑर्डिनेटर - 8800770498

# जेवर में निर्माणाधीन भवन हादसे में मृतक चार श्रमिकों के आश्रितों को श्रम विभाग द्वारा सहायता राशि प्रदान

**उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत प्रत्येक परिवार को 1,25,000/- की आर्थिक सहायता**

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 05 दिसंबर 2025: सहायक श्रम आयुक्त डॉ. एस.पी. सिंह ने जानकारी दी कि दिनांक 19 नवंबर 2025 को ग्राम नगला, जेवर में एक निर्माणाधीन भवन की छत गिरने से चार श्रमिक झ नदीम पुत्र निजामुद्दीन, कामिल पुत्र सरफराज, जिशान पुत्र जाहिद खान और शाकिर पुत्र सरफराज झ गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तुरंत कैलाश अस्पताल, जेवर ले जाया गया, जहाँ उपचार के दौरान चारों की दुखद मृत्यु हो गई।

घटना के बाद मृतक श्रमिकों के आश्रितों को उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, लखनऊ द्वारा संचालित निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता प्रदान की गई। प्रत्येक परिवार को 1,25,000/- की सहायता राशि 04 दिसंबर 2025 को आरटीजीएस के माध्यम से उनके बैंक खातों में स्थानांतरित कर दी गई। इसके अतिरिक्त, माननीय विधायक जेवर धीरेन्द्र सिंह के प्रतिनिधि देवेंद्र भाटी द्वारा श्रम विभाग की ओर से जारी प्रमाण पत्र भी मृतक आश्रित परिवारों को उनके गाँव जाकर 04 दिसंबर 2025 को सौंपे गए। सौजन्य: सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# टॉप क्लास कॉलेज एजूकेशन योजना के लिए संशोधित समय-सारिणी जारी

**संस्थानों को आवंटित स्लॉट अनुसार आवेदन सुनिश्चित कराने के निर्देश**

गौतम बुद्ध नगर, 05 दिसंबर 2025: जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश कुमार सिसौदिया ने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु टॉप क्लास कॉलेज एजूकेशन फार ओबीसी, ईबीसी एवं डीएनटी योजना के अंतर्गत जनपद को आवेदन स्लॉट आवंटित किए गए हैं।

आवेदन प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के लिए भारत सरकार, मंत्रिमंडल सचिवालय, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण मिशन, नई दिल्ली द्वारा 01 नवम्बर 2025 को संशोधित समय-सारिणी जारी की गई है।

**संशोधित कार्यक्रम के अनुसार:**
योजना 02 जून 2025 से खुली है।
छात्रों के आवेदन की अंतिम तिथि 15 दिसंबर 2025।
दोषपूर्ण आवेदन का सत्यापन 31 दिसंबर 2025 तक।
संस्थागत सत्यापन 30 दिसंबर 2025 तक।
डीएनओ/एसएनओ/ एमएनओ स्तर पर सत्यापन 15 जनवरी 2026 तक।

जिला अधिकारी ने जनपद के सभी संबंधित शिक्षण संस्थानों से आग्रह किया कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप अपने संस्थान को आवंटित स्लॉट के अनुसार पात्र छात्रों के आवेदन कराना सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को योजना का लाभ समय पर प्राप्त हो सके। सौजन्य: सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# अब तांत्रिक बनेगी पूनम

समाज जागरण

फिल्मोनिया प्रोडक्शन और वागीश सारस्वत फिल्म प्रोडक्शन के संयुक्त बैनर तले बनने जा रही सस्पेंस थ्रिलर फिल्म 'कलिंका' इन दिनों चर्चा का केंद्र बनी हुई है। उत्तराखंड के खूबसूरत शहरों हरिद्वार, ऋषिकेश और देहरादून इस फिल्म की भव्य शूटिंग के साक्षी बनने वाले हैं।

फिल्म की दमदार कहानी लिखी है लेखक धीरज कुमार मिश्रा ने, जो रहस्य और सनातनी युग की अनकही दुनिया को एक नया और रोमांचक रंग देने वाले हैं। इस फिल्म को प्रोड्यूस कर रही हैं मशहूर कथक नृत्यांगना दुर्गेश्वरी सिंह, जो कथक गुरु बिरजू महाराज और उनकी सुपुत्री ममता महाराज की शिष्या हैं। उनकी मौजूदगी खुद में इस प्रोजेक्ट की गुणवत्ता की गारंटी है।

**इस पूरी फिल्म की सबसे चमकदार और प्रभावशाली हाइलाइट हैं — पूनम।**

पूनम 'कलिंका' में एक बेहद शक्तिशाली, रहस्यमयी और ग्लैमरस महिला तांत्रिक की भूमिका निभा रही हैं। तांत्रिकों के मेले की सनातनी पृष्ठभूमि में पूनम का दमदार



व्यक्तित्व, उनकी तीव्र अभिव्यक्तियाँ और स्क्रीन पर उनकी पकड़ इस फिल्म की सबसे बड़ी यूएसपी बनने वाली है।

उनका किरदार केवल एक तांत्रिक नहीं, बल्कि एक ऐसी दिव्य शक्ति का स्वरूप है, जिसमें खूबसूरती, तेज, रहस्य और शक्ति–चारों का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

पूनम की स्टाइल, उनकी इंटेंसिटी और उनका ग्लैमरस प्रेजेंस 'कलिंका' को एक नए और ऊँचे स्तर पर ले जाने वाला है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जनपद में 11 दिसंबर को समारोह, पात्र जोड़े कर सकते हैं पंजीकरण

## योजना में प्रति जोड़े 1,00,000 सहायता, आवेदन ऑनलाइन या संबंधित कार्यालयों में संभव

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 05 दिसंबर 2025: जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार ने जानकारी दी कि मा. मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद गौतमबुद्धनगर में सामूहिक विवाह समारोह दिनांक 11 दिसंबर 2025 (गुरुवार) को आयोजित किया जाएगा।

**योजना के तहत विवाह हेतु निर्धारित पात्रता शर्तें इस प्रकार हैं:**
कन्या के अभिभावक का उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य।
कन्या की आयु 18 वर्ष और वर की आयु 21 वर्ष से अधिक।
आवेदक की वार्षिक आय 2 लाख रुपये से कम हो।
कन्या का बैंक खाता और आधार कार्ड, तथा अनुसूचित जाति/ जनजाति और पिछड़ा वर्ग के आवेदकों के लिए जाति प्रमाण-पत्र आवश्यक।
विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांगजन अभिभावक की पुत्री और स्वयं दिव्यांग कन्याओं को प्राथमिकता।
योजना के तहत प्रति जोड़े कुल ₹1,00,000 व्यय किए जाते हैं:
₹60,000 कन्या के बैंक खाते में।
₹25,000 विवाह सामग्री हेतु।
₹15,000 भोजन, टेंट, बिजली-पानी आदि व्यवस्थाओं पर।

**पंजीकरण स्थल:**
शहरी क्षेत्र: संबंधित नगर निकाय कार्यालय। ग्रामीण क्षेत्र: विकासखंड कार्यालय। ऑनलाइन: जन सेवा केंद्रों के माध्यम से (cmsvy.upsdc.gov.in)। इच्छुक व्यक्ति कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास भवन, सूरजपुर से भी संपर्क कर सकते हैं।
सौजन्य: सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# आंगनवाड़ी भर्ती के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी, अब 20 दिसंबर तक कर सकते हैं आवेदन

## जिला प्रशासन की स्वीकृति के बाद संशोधित विज्ञप्ति जारी, इच्छुक महिला अभ्यर्थी समय पर करें आवेदन

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 05 दिसंबर 2025: जिला कार्यक्रम अधिकारी तरूण कुमार ने जानकारी दी कि आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के रिक्त 54 पदों तथा सहायिकाओं के रिक्त 240 पदों हेतु पत्र संख्या सी-1240 दिनांक 11-11-2025 द्वारा समाचार पत्रों में विज्ञप्ति प्रकाशित की गई थी। इस विज्ञप्ति में ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 03-12-2025 निर्धारित की गई थी। शासकीय हित में जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर की स्वीकृति के उपरांत ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 20-12-2025 कर दी गई है।

अतः इच्छुक महिला अभ्यर्थी 20 दिसंबर 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। शेष नियम एवं शर्तें पूर्ववत प्रभावी रहेंगी। सौजन्य: सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# नोएडा में फुटपाथ कारोबार का बदलता स्वरूप: शिकायतों के बीच बढ़ रहा 'सड़क पर व्यवसाय' का नया चलन

समाज जागरण

नोएडा। विदेश से नौकरी खोकर लौटे कई युवाओं और अन्य लोगों के बीच इन दिनों फुटपाथ पर फास्ट-फूड और छोटे व्यवसाय का चलन तेजी से बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दो से चार लाख की छोटी गाड़ी लेकर फास्ट फूड बेचने का यह मॉडल तेजी से फैल रहा है। इसके चलते पारंपरिक रेहड़ी-पटरी वाले गरीब कामगारों की रोजी-रोटी पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।



कई लोगों का आरोप है कि फुटपाथों पर कारोबार करने के लिए अनौपचारिक रूप से कुछ 'नियत भुगतान' की व्यवस्था चल रही है। आरोपों के अनुसार, स्थानीय स्तर पर कुछ लोग सुपरवाइजर, पुलिस और पीसीआर गाड़ियों को रकम देने की बात करते हैं, जिससे उन्हें बेधड़क कारोबार करने की 'छूट' मिलती है। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और न ही प्रशासन या पुलिस की ओर से इस तरह की किसी व्यवस्था को मान्यता दी गई है। स्थानीय रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं का कहना है कि पहले फुटपाथ पर रोजगार गरीब तबके का सहारा माना जाता था, लेकिन अब पूंजी वाले लोग भी इसी जगह पर कब्जा करने लगे हैं, जिससे गरीबों के लिए जगह और अवसर कम हो रहे हैं। उनका कहना है कि शाम 5 बजे के बाद फुटपाथ पर व्यवसाय करने में विशेष छूट जैसी स्थिति दिखाई देती है, जबकि पहले ऐसे समय में अधिक निगरानी होती थी। प्राधिकरण और पुलिस प्रशासन से इस मामले में पारदर्शिता और सख्त कार्रवाई की मांग उठ रही है। दूसरी ओर, रोजगार खोज रहे लोगों के लिए यह मॉडल आकर्षक लग रहा है, क्योंकि इसमें निवेश अपेक्षाकृत कम है और ग्राहक आसानी से मिल जाते हैं। स्थानीय संगठनों का कहना है कि फुटपाथ पर कारोबार के लिए स्पष्ट नीति, लाइसेंसिंग और निगरानी की व्यवस्था जरूरी है, ताकि न गरीबों का हक मारे और न ही अराजक तरीके से सड़कें कब्जा हों।

(यह रिपोर्ट नागरिकों द्वारा उठाई गई चिंताओं और उपलब्ध जनसुनवाई जानकारी पर आधारित है।

# महिला सुरक्षा अभियान: नोएडा पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

नोएडा। #मिशनशक्ति5 के तहत महिला सुरक्षा को मजबूत करने और महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से नोएडा पुलिस की महिला सुरक्षा टीम ने शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया।

अभियान के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। टीम ने गुड टच-बैड टच, लैंगिक अपराध, बच्चों के प्रति होने वाले अपराध, साइबर क्राइम और डिजिटल सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषयों पर विस्तार से जागरूकता प्रदान की।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को आवश्यक हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी गई, जिनमें शामिल हैं–

- 1090 - महिला हेल्पलाइन
- 112 - इमरजेंसी सेवा
- 1098 - चाइल्ड हेल्पलाइन
- 1076 - मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

इसके साथ ही जागरूकता सामग्री और पंपलेट भी वितरित किए गए ताकि लोग इन्हें पढ़कर जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता ले सकें।

# नोएडा पुलिस की बड़ी कार्रवाई: मोबाइल चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, 11 फोन बरामद

समाज जागरण

नोएडा। पुलिस कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर के थाना सेक्टर-49 पुलिस ने मोबाइल चोरी की घटनाओं में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के 11 मोबाइल फोन, 01 टैब, 2500 रुपये नकद, वारदात में प्रयुक्त स्कूटी और एक अवैध शस्त्र भी बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से क्षेत्र में मोबाइल चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। लगातार शिकायतों के बाद पुलिस ने विशेष टीम गठित की और सर्विलांस व मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया।

आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि चोरी किए गए मोबाइल कहीं बेचे जा चुके हैं या किसी गैंग से जुड़े हैं। पुलिस कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर ने आम जनता से अपील की है कि संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि अपराधों पर त्वरित रोक लगाई जा सके।

# मझोला थाना क्षेत्र में पेट्रोल पंप पर उत्पात, दो आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण

मुरादाबाद। थाना मझोला क्षेत्रान्तर्गत लाइनपार चौकी क्षेत्र के रिलायंस पेट्रोल पंप पर 7-8 व्यक्तियों द्वारा उत्पात मचाने और पुलिस टीम के साथ अभद्रता एवं मारपीट करने की घटना सामने आई है। इस दौरान आरोपियों ने कार्यपालिका के कामकाज में भी बाधा उत्पन्न की।

पुलिस ने बताया कि इस प्रकरण में थाना मझोला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज कर लिया गया है। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आवश्यक विधिक कार्रवाई जारी है।

इस मामले में पुलिस अधीक्षक नगर, @moradabadpolice ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है और पुलिस पूरी सतर्कता के साथ कार्रवाई कर रही है।

# रबूपुरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई: नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने वाले युवक-युवती गिरफ्तार

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर।थाना रबूपुरा पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक और युवती को गिरफ्तार किया है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए दबिशें दीं और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने नाबालिग लड़की को झांसा देकर




अपने साथ ले जाने की कोशिश की थी, जिसकी सूचना परिजनों ने थाने में दी। मामला संज्ञान में आते ही थाना रबूपुरा पुलिस ने तुरंत टीम गठित कर कार्यवाही शुरू की।

गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और आगे की आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में पोक्सो एक्ट, अपहरण सहित संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

स्थानीय लोगों ने तेज और प्रभावी कार्रवाई के लिए पुलिस की सराहना की है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नाबालिगों से जुड़े अपराधों पर सख्त रवैया जारी रहेगा और ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# गुन्नौर खेत में टैक्टर निकालने के विवाद में पुलिस ने चार आरोपियों को भेजा जेल

### पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद चार को गिरफ्तार कर भेजा जेल अन्य तलाश जारी

**समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरौरा काजी में गुरवार को सरसों के खेत में ट्रैक्टर निकालने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे व ईट पत्थर,धार हथियार से एक दूसरे पर जानलेवा प्रहार किए गए गया थे। जिसमे बुजुर्ग समेत 12 लोग घायल गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिसमें पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने 6 की गंभीर स्थिति देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।




जिसके बाद पुलिस ने दोनों तरफ से धीरेंद्र, विनोद, सुरेश, रामगजेंद्र, खुशीराम, भगतराम, सत्यपाल श्रीपाल, रघुनंदन, सोनू, पातीराम, प्रेम सिंह व 5 से 6 अज्ञात लोगों के खिलाफ हलका इंचार्ज उप निरीक्षक विशांत कुमार ने तहरीर देकर 12 नामदर्ज सहित 5-6 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा संबंधित धाराओं में पंजीकृत कराया था। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार प्रधान ने मय उपनिरीक्षक रोहित कुमार मय टीम के मुखबिर की सूचना पर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया ।जिसमें आरोपी खुशीराम,विनोद,भगतराम,श्रीपाल, को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वही फरार आरोपियों की तलाश कर जेल भेजा जायेगा। वही प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार प्रधान ने बताया किया कि चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है अन्य फरार आरोपियों को भी जेल भेजा जायेगा।

# गुन्नौर बमनपुरी प्रधान चुनाव की पुनर्मतगणना पूरी, कमलेश सात वोटों से दुबारा विजयी घोषित

**समाज जागरण**



गुन्नौर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत बमनपुरी के वर्ष 2021 में हुए प्रधान चुनाव को लेकर चल रहा विवाद आखिरकार पुनर्मतगणना के बाद समाप्त हो गया है। कोर्ट के आदेश दिनांक 26 सितंबर 2025 तथा विचारणीय न्यायालय के आदेश 26 नवंबर 2025 के अनुपालन में शुक्रवार को पुनर्मतगणना कराई गई। नेमसिंह पुत्र देवराज ने पिछली मतगणना पर सवाल उठाते हुए चुनाव याचिका दायर की थी। याचिका पर सुनवाई के बाद न्यायालय ने पुनर्मतगणना कराने का निर्देश दिया था। शुक्रवार को प्रभारी सहायक विकास अधिकारी कमल सिंह मतपत्रों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर न्यायालय पहुंचे। दोनों पक्षों की मौजूदगी और वीडियोग्राफी के बीच मतपेटियां खोली गईं और पुनर्मतगणना की गई। पुनर्मतगणना में याची नेमसिंह को कुल 307 वोट, जबकि वर्तमान प्रधान कमलेश पत्नी अजयपाल को 314 वोट मिले। इस प्रकार कमलेश को 7 वोटों की बढ़त के साथ पुनः विजयी घोषित किया गया। इससे पूर्व कमलेश वर्ष 2021 के चुनाव में 2 वोटों से विजयी हुई थीं। पुनर्मतगणना के बाद उनकी जीत का अंतर बढ़ गया है। न्यायालय ने पुनर्मतगणना प्रक्रिया पूर्ण होने पर पत्रावली को अंतिम आदेश के बाद दाखिल दफ्तर करने के निर्देश दिए हैं। कमलेश को दुबारा विजयी होने पर गांव में खुशी की लहर दौड गई और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया।

# बबराला हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से घर व पशुशाला में लगी आग घरेलू सामान जला पाया काबू

**समाज जागरण**

बबराला थाना क्षेत्र के गांव मीरमपुर में हाईटेंशन लाइन का तार टूटने के बाद घर में गिर गया। इस वजह से किसान के घर एवं पशु शाला में लगी भीषण आग। आग लगने से घर में रखा सामान जल गया। और पशुओं के लिए रखा चारा भी जल गया मुश्किल से किसी तरह परिवार वालों एवं पशुओं की जान बचाई उसे समय आग लगने और तार टूटने की सूचना के बाद मोहल्ले में अफरा तफरी मच गई। पुलिस मौके पर पहुंच गई और गांव के लोगों ने कड़ी मस्कट के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया लेकिन तब तक घर में रखा काफी सामान जलकर राख हो गया। गुन्नौर क्षेत्र के गांव मीरमपुर निवासी रामकिशन पुत्र बाबूराम सिंह हाईटेंशन लाइन का तार टूटने के बाद घर में गिर गया। इस वजह से किसान के घर एवं पशु शाला में लगी भीषण आग। आग लगने से घर में रखा सामान जल गया। और पशुओं के लिए रखा चारा भी जल गया मुश्किल से किसी तरह परिवार वालों एवं पशुओं की जान बचाई उसे समय आग लगने और तार टूटने की सूचना के बाद मोहल्ले में अफरा तफरी मच गई। पुलिस मौके पर पहुंच गई और गांव के लोगों ने कड़ी मस्कट के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया लेकिन तब तक घर में रखा काफी सामान जलकर राख हो गया।

# नालियों पर अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, 16,500 रुपये जुमार्ना वसूला

**समाज जागरण**

चनदोसै ।चंदौसी नगर में शुक्रवार को नगरपालिका और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने सख्त कार्रवाई करते हुए नालियों पर किए गए स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण को ध्वस्त कराया अभियान की शुरूआत फव्वारा चौक से हुई, जहां जेसीबी से दोनों ओर नालियों पर बने प्लेटफार्म, बढ़ाए गए दुकान शेड और सड़क पर फैले ठेले हटाए गए।कार्रवाई के दौरान कुछ स्थानों पर दुकानदारों ने विरोध और नोकझोंक का प्रयास किया, लेकिन भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हालात पूरी तरह नियंत्रण में रहे। अधिकारियों ने मौके पर ही



अतिक्रमण करने वालों के चालान काटे और कुल 16,500 रुपये का जुमार्ना वसूला। नगर पालिका अधिकारियों ने चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर भारी दंड लगाया जाएगा। यह अभियान फव्वारा चौक से मुरादाबाद गेट, हुसैनी बाजार, घंटाघर, फड़याई बाजार होकर ब्रह्मबाजार तक जारी रहा।

# एसआईआर कार्यो के अन्तर्गत कम प्रगति वाली विधानसभाओं में तेजी लाएं, गुणवत्ता में न हो कमी: जिलाधिकारी

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न, कार्य प्रगति की जिलाधिकारी द्वारा की गयी सराहना
- डाटा मैपिंग में त्रुटिहीनता सुनिश्चित करें: अपर जिलाधिकारी
- दबाव नहीं समन्वय से पूरा हो एसआईआर कार्य: जिलाधिकारी



**समाज जागरण**

बहजोई/संभल। कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण ( एसआईआर) के कार्य के विषय में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 के तहत नियमानुसार बीएलओ, सुपरवाइजर्स, सह निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपना कार्य करें'

और उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विधानसभाओं में एसआईआर कार्य धीमी गति से हो रहा है वहां तेजी लाने हेतु सकारात्मक कार्य किये जाएं, जिससे सभी विधानसभाओं में समयांतराल में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 का कार्य संपन्न हो सके, इसके साथ ही डाटा मैपिंग करते समय या उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजते हुए प्रत्येक बिंदु का पुनरावलोकन किया जाएं, जिससे कि रिपोर्ट में त्रुटि न रहे। कार्य करते समय गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएं।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बीएलओ का सहयोग किया जाएं। निर्वाचन कार्य में अशुद्धियां ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। एसआईआर कार्य को पूरा करने के लिए बीएलओ पर दबाव से नहीं अपितु सहयोग से पूर्ण कराया जाएं।

जिलाधिकारी ने समस्त उपस्थित अधिकारियों को अच्छा कार्य करने के लिए बधाई दी और उन्होंने कहा कि हम इसी तरह एस आई आर का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न करेंगे।

जिलाधिकारी ने डिजिटलाइजेशन के विषय में भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जिलाधिकारी ने कहा कि अपात्र मतदाता किसी भी दशा में सूची में ना रहे और पात्र मतदाता किसी भी दशा में सूची से ना छूटे।

शिफ्टेड मतदाताओं का विशेष ध्यान रखा जाए मतदाता सूची में शिफ्टेड मतदाता का नाम ना हो उसकी प्रत्येक दशा में देख लें जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त संबंधित अधिकारियों को कार्य होने के उपरांत निर्धारित प्रारूप पर अपना एक प्रमाण पत्र भी देना होगा।

खंड शिक्षा अधिकारी एम एल पटेल के द्वारा एस आई आर में अच्छा कार्य करने पर जिलाधिकारी ने शॉल एवं पुस्तक तथा पुरस्कार धनराशि 11000 देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, परियोजना निदेशक डीआरडीए संभल ज्ञान सिंह,उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी, उप जिलाधिकारी संभल रामानुज, उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, डिप्टी कलेक्टर निधि पटेल सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बबराला पुलिस ने तंमचा से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी को दवोचा

**समाज जागरण**

बबराला पुलिस ने वांछित आरीपी को दबोचा है। वांछित आरोपी झगड़े के दौरान तमंचे से फायर कर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त कैलाश पुत्र जीराज निवासी मेहुआ हसनगंज, थाना बबराला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त के खिलाफ बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज है।



मामले के अनुसार, विवाद के दौरान कैलाश नें बादी पर जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर किया था। घटना के बाद से वह फरार चल रहा था। 04 दिसंबर को बबराला थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नंगलिया काजी चौराहे से अभियुक्त को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त तमंचा व एक जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ। पुलिस ने अभियुक्त को आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश कर दिया है।

# शिक्षकों की लापरवाही के चलते स्कूल की छुट्टी के बाद क्लास में ही बंद कर गए कुत्ते को

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नहटौर। विद्यालय में शिक्षकों की लापरवाही के चलते स्कूल की छुट्टी के बाद एक कुत्ता क्लास में अंदर बंद रह गया। रात में कुत्ते के रोने की आवाज सुनकर ग्रामीणों ने किसी तरह दरवाजे का एक हिस्सा तोड़कर कुत्ते को बाहर निकाला। प्राप्त समाचार के अनुसार बुधवार को ग्राम जलालपुर आसरा उर्फ शादीपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में स्कूल बंद करते समय एक क्लास में कुत्ता बंद हो गया। रात्रि में कुत्ते के रोने की आवाज सुनकर ग्रामीणों ने दरवाजे का एक



हिस्सा तोड़कर उसे बाहर निकाला। करीब 6 घंटे तक कुत्ता स्कूल के कमरे में बंद रहा। कुत्ते ने बाहर निकलने की कोशिश में कमरे में जमकर उछल कूद मचाई। ग्रामीणों ने लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर कारवाई की मांग की है। मुख्य अध्यापक ब्रजपाल सिंह ने बताया कि कुत्ता जर्जर कक्ष में टूटी हुई खिड़की के रास्ते से अंदर पहुंच गया था। कक्ष जर्जर होने के कारण इसमें शिक्षण कार्य नहीं होता है। विद्यालय बंद करने के दौरान कक्ष में कुत्ता नहीं था। खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। शिक्षकों द्वारा बरती लापरवाही की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# घर में घुसकर की महिलाओं से अभद्रता और मारपीट, तीन घायल

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर धामपुर। गांव बसेड़ा खुर्द में रंजिश के चलते एक परिवार की महिलाओं के साथ घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस को तहरीर देकर इंसाफ दिलाने की गुहार लगाई है। गांव बसेड़ा खुर्द निवासी इसरार अहमद पुत्र लल्लू खान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शाम करीब साढ़े पाँच बजे चार लोग उसके घर में जबरन घुस आए।



उस समय घर में महिलाएं मौजूद थीं। आरोप है कि चार लोग लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर घर में घुसे और महिलाओं के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की। घटना में परिवार की तीन महिलाएं घायल हो गईं। आरोपी पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। आरोपियों ने महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट की। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने कोतवाली पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर इंसाफ की लगाई गुहार पहुंचा और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसे में गुलदार की मौत, अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, वन विभाग जांच में जुटा

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नूरपुर। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक गुलदार की मौत हो गई, सूचना पर मौके पर वन विभाग की टीम और पुलिस भी पहुंची। घटना स्थल का बारीकी से मुआयना किया। वन विभाग की टीम ने गुलदार के शव को कब्जे लेकर वन विभाग के कार्यालय ले जाया गया। जहां से अधिकारियों के अगले आदेश आने तक शव के पोस्टमार्टम की तैयारी की जाएगी। क्षेत्र में गुलदारों की उपस्थिति लगातार बनी हुई है। स्थानीय ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर गुलदार दिखाई देते रहते हैं। नूरपुर अमरोहा मार्ग पर थाना शिवाला कलां क्षेत्र में जुझेला की पुलिया के पास एक गुलदार की अज्ञात वाहन से टक्कर में मौत हो गई। घटना शिवाला कलां से पहले जुझेला के पास एक बैंकट हाल के समीप देर



रात की है। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वन विभाग मामले की जांच कर रहा है। आज शुक्रवार की सुबह सवेरे उस समय लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई जब मार्ग पर एक गुलदार जिसके मुंह से खून बह रहे का शव सड़क पर पड़ा दिखाई दिया। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि वह रात्रि के समय किसी अज्ञात वाहन ने इसको टक्कर मार दी और उसकी मौत हो गई। तुरन्त ही गुलदार की मौत की सूचना पर वन विभाग की टीम और पुलिस मौके पर पहुंच गई। गुलदार की सूचना पर वन विभाग के दरोगा मोती लाल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गुलदार के शव को कब्जे में लेकर घटना स्थल का मौका मुआयना किया। गुलदार की मौत के तथ्यों को जानने के लिए मौके पर जांच पड़ताल की। इस सम्बंध में वन विभाग की टीम ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है वन विभाग की टीम ने गुलदार के शव को घटना स्थल से उठाकर वन विभाग के कार्यालय में पहुंचाया जहां से अधिकारियों के अगले आदेश पर पोस्टमार्टम के बाद उसका अन्तिम संस्कार कर दिया जाएगा। वन विभाग के दरोगा मोती लाल ने बताया कि सभी तकनीकी पहलुओं पर जांच की जाएगी एवं अज्ञात वाहन के खिलाफ घटना की रिपोर्ट दर्ज की जायेगी।

# धामपुर में एक निजी नर्सिंग होम की ओटी सील

### अस्पताल में एक महिला की मौत के बाद जागा स्वास्थ्य विभाग

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर धामपुर स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी (क्वैक्स) डॉ. कृष्णकांत राहुल ने थाना क्षेत्र के गांव सुहागपुर में संचालित लोकप्रिय नर्सिंग होम की ओटी को सील कर दिया है। बता दें कि उक्त अस्पताल में चिकित्सक की लापरवाही के चलते ऑपरेशन के बाद बीते शनिवार को एक महिला की मौत हो गई थी। मामले में स्वास्थ्य विभाग ने जांच शुरू कर दी है। स्योहारा थाना क्षेत्र के गांव भोगपुर निवासी राजन ने अपनी 25 वर्षीय पत्नी पूजा को गत रविवार की देर रात को प्रसव के लिए सुहागपुर के संबंधित नोडल अधिकारी क्वैक्स डॉ. के. के. राहुल की टीम ने की कार्रवाई नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। डॉ. ने महिला का ऑपरेशन से प्रसव कर दिया, लेकर आप्रेशन के बाद महिला की हालत बिगड़ गई। डा. ने उसकी हालत बिगड़ने पर महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां शनिवार को उसकी मुरादाबाद में एक निजी अस्पताल में मौत हो गई थी। महिला ने जुड़वा बच्चियों को जन्म दिया था। घटना को संज्ञान में लेते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सुहागपुर के संबंधित अस्पताल का निरीक्षण किया और लापरवाही बरतने के आरोप में अस्पताल की ओटी को सील कर दिया। आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते अवैध रूप से अनेक नर्सिंग होम चल रहे है। इनमें आए दिन में प्रिया प्रसाद ऑपरेशन के बाद महिला की मौत हो जाती है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग सिर्फ ओटी को सील कर औपचारिकता पूरी करके मामले को निकल जाता है और कुछ दिनों बाद फिर ऐसे नर्सिंग होम की सील भी खोल दी जाती है।

# दलित युवती की फोटो पर अश्लील शब्द लिखकर वायरल करने के आरोप में युवक का चालान

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नूरपुर। पुलिस ने दलित युवती से छेड़छाड़ और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उसकी फोटो के ऊपर अश्लील शब्द लिखकर वायरल करने के आरोपित युवक को गिरफ्तार कर चालान करने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित व्यक्ति ने तहरीर दी कि अंकुर उर्फ दुल्ली यादव पुत्र मदन सिंह निवासी ग्राम बीरबलपुर उर्फ बूढ़पुर ने उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ करते हुए गाली गलौज कर जाति सूचक शब्द कहे तथा उसकी पुत्री के फोटो के ऊपर अप शब्द लिखकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर चालान किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक विकास कुमार तेवतिया ने इसकी पुष्टि की है। गिरफ्तार करने वाली टीम में महिला उपनिरीक्षक वर्षा यादव और हेड कांस्टेबल राजू सागर शामिल रहे।

# थाने में लगी किशोरी चौपाल, महिलाओं ने जाना अपना अधिकार

### महिलाओं ने किया कपसेठी थाने का भ्रमण, जानी पुलिस की कार्यप्रणाली

**समाज जागरण**

सेवापुरीः आशा ट्रस्ट और लोक समिति के तत्वाधान में चलाए जा रहे महिला हिंसा विरोधी पखवाड़े के तहत शुक्रवार को बुनकर दिहाड़ी मजदूर संगठन, किशोरी संगठन और महिला स्वयं सहायता समूह की सैकड़ों महिलाओं और लड़कियों को थाना कपसेठी भ्रमण करवाया गयो सेवापुरी क्षेत्र के दर्जनों गांवों से आई महिलाओं और किशोरियों ने थाने के अंतर्गत होने वाली प्रशासनिक कार्यवाइयों के बारे में जानो इस दौरान थाना में चौपाल लगाई गयी। थाना चौपाल में उपस्थित थानाध्यक्ष एस आर गौतम ने विस्तार से लड़कियों और महिलाओं को उनके अधिकार और विभिन्न कानूनों की जानकारी दिया। आपातकाल के दौरान मदद के लिये शुरू किये गए हेल्पलाइन लाइन नम्बर 100, 181, 1090 का इस्तेमाल करने के बारे में बताया और लड़कियों के सुरक्षा के लिए बनाये गए पॉस्को कानून की भी जानकारी दिया। इसके साथ ही महिलाओं किशोरियों ने थानाध्यक्ष के साथ सक्रिय चर्चा में हिस्सा लेते हुए, कई सवाल भी पूछे थानाध्यक्ष ने महिलाओं किशोरियों की बेबाकी और तार्किक सवालों की सराहना करते हुए बेहद संवेदनशीलता से उनके सवालों का जवाब दियो कई लड़कियों और महिलाओं ने अपने गाँव में हो रहे जुआ और शराब की दुकान बंद करने की माँग किया।

लोक समिति के संयोजक नन्दलाल मास्टर ने संस्था की तरफ थानाध्यक्ष एस आर गौतम को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया. उन्होंने बताया कि थाना भ्रमण का उद्देश्य है कि महिलाओं और किशोरियों को पुलिस की प्रशासनिक कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से जान सके और उनके साथ किसी भी तरह के होने वाली हिंसा के खिलाफ निडर होकर थाने में आकर अपनी शिकायत दर्ज करवा सके। एस आई राजेश सिंह ने बताया कि आज जब हम पुलिस को लेकर एक नकारात्मक छवि अपने मन में रखते है, जिसके कई कारण हो सकते है और इसके चलते युवाओं खासकर ग्रामीण किशोरियों के मन में पुलिस को लेकर डर बना रहता है नतीजतन कई बार वे संगीन अपराधों के बावजूद पुलिस तक मदद के लिए नहीं पहुँच पाती है ऐसे में, पुलिस प्रशासन का इस तरह महिलाओं किशोरियों के साथ थाना-भ्रमण और परिचर्चा का कार्यक्रम आयोजन करने में सहयोग करना, समाज के आगामी सकारात्मक बदलाव का शुभ संकेत है

कार्यक्रम का स्वागत अनीता पटेल, मनीषा स्वागत सोनी और रामबचन धन्यवाद ज्ञापन आशा राय और संचालन लोक समिति संयोजक नन्दलाल मास्टर ने किया।

कार्यक्रम में थानाध्यक्ष एस आर गौतम, एस आई राजेश सिंह, एस एस आई सोमन कुमार, एस आर अभिषेक तिवारी, महिला कांटेबल अंजू, अनीता, आशा,शीला, आशारानी, पूजा, सुषमा, ममता, उषा, तारा, सपना, रोशनी, सोनी, खुशी, काजल,पिंकी,विमला, पुष्पा और प्रेमा मौजूद रहे

# साधना, अध्ययन और आत्मानुशासन का श्रेष्ठ समय- ब्रह्ममुहूर्त

### तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के भारतीय ज्ञान परम्परा- आईकेएस केंद्र की ओर से फिलॉसफी ऑफ एजुकेशन इन एंसिऐंट इंडिया एंड इट्स रिलेवेंश फ्रॉम गुरूकुल टु ग्लोबल विस्डम पर 10वीं राष्ट्रीय ऑनलाइन कॉन्क्लेव

**सत्य और धर्म भारतीय विचारधारा के मूल स्तंभः प्रो. डीएस चौहान**
**गुरुकुल परंपरा के सिद्धांत वैश्विक युग में भी प्रासंगिकः प्रो. जैन**
**कागज और लेखन ज्ञान के विकास में मील का पत्थरः प्रो. गौतम**
**डॉ. प्रेम व्रत बोले, भारतीय मस्तिष्क विश्व में सबसे प्रतिभाशाली**
**अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमात्र पत्र भी किए गए वितरित**

**समाज जागरण**

जीएलए यूनिवर्सिटी, मथुरा के प्रो-चांसलर प्रो. डीएस चौहान ने कहा, ब्रह्माण्ड, आत्मा और जीवन के व्यापक आयामों को समझे बिना भारतीय शिक्षा-दर्शन अपूर्ण है। सत्य और धर्म भारतीय विचारधारा के मूल स्तंभ हैं। पंचमहाभूत- पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के संदर्भ में उन्होंने कहा, भारतीय शिक्षा मनुष्य और प्रकृति के गहरे संबंध को रेखांकित करती है। ज्ञान पुस्तक तक सीमित नहीं, बल्कि देखने, समझने, सोचने और सीखने की प्रक्रिया है। वेदों में निहित शांति और ज्ञान का संदेश आज भी समान रूप से प्रासंगिक है। ज्ञान का उद्देश्य आत्म-विकास, समाज-विकास और लोक-कल्याण है, न कि स्वार्थ। प्रो. चौहान ने कर्म और धर्म दोनों के ज्ञान को आवश्यक बताया। उन्होंने ब्रह्ममुहूर्त को आत्म-अनुशासन, अध्ययन और साधना का श्रेष्ठ समय कहा। स्कन्द पुराण का उल्लेख करते हुए उन्होंने गुरु के महत्व पर भ्री विस्तार से प्रकाश डाला। प्रो. चौहान तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के भारतीय ज्ञान परम्परा- आईकेएस केंद्र की ओर से फिलॉसफी ऑफ एजुकेशन इन एंसिऐंट इंडिया एंड इट्स रिलेवेंश फ्रॉम गुरूकुल टु ग्लोबल विस्डम पर 10वीं राष्ट्रीय ऑनलाइन कॉन्क्लेव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व मां सरस्वती की वंदना से कॉन्क्लेव का शंखनाद हुआ। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमात्र पत्र भी वितरित किए गए।

टीएमयू के कुलपति प्रो. वीके जैन ने ज्ञान, डेटा और सूचना के अंतर पर प्रकाश डालते हुए भारतीय पारंपरिक शिक्षा और आधुनिक-पश्चात्य शिक्षा प्रणालियों की तुलना की। उन्होंने कहा, कि गुरुकुल परंपरा के मूल सिद्धांत- अनुशासन, मूल्य-आधारित शिक्षण, अनुभवजन्य अधिगम और गुरु-शिष्य समर्पण आज के वैश्विक ज्ञान-युग में भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। प्रो. जैन ने प्रौद्योगिकी, रचनात्मकता, नवाचार, आजीवन सीखने, मूल्य-आधारित शिक्षा एवं नैतिक ज्ञान प्रणाली के महत्व पर जोर कहा कि भारतीय मस्तिष्क विश्व में सर्वश्रेष्ठ हैं। आईएसटीडी के प्रेसिडेंट एमेरिटस एवम् तथा इंटरनेशनल फे-डरेशन ऑफ ट्रेनिंग एंड डवलपमेंट ऑर्गना-इजेशन्स के सदस्य प्रो. वीएस गौतम ने बताया, आधुनिक तकनीक ने शिक्षा, उद्योग, अभियांत्रिकी और ज्ञान-संरचना की प्रकृति को



मूल रूप से बदल दिया है। उन्होंने कागज और लेखन की खोज को ज्ञान-विकास में महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। उन्होंने भारतीय और पाश्चात्य शिक्षा-प्रणालियों की तुलना करते हुए कहा, दोनों की आधारभूत धारणाओं को समझे बिना तुलना करना उचित नहीं है। भारतीय पद्धति जप, स्मरण, पुनरावृत्ति, उच्चारण और व्यावहारिक कौशलों पर आधारित रही है, जबकि पाश्चात्य प्रणाली रोजगार-केंद्रित ढांचे से संचालित होती है। प्रो. गौतम ने वेदों को केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि व्यापक वैज्ञानिक और दार्शनिक दृष्टि देने वाले ज्ञान स्रोत बताया।

प्रोफेसर ऑफ एमिनेंस और द एनसीयू, गुरुग्राम, हरियाणा के प्रो-चांसलर डॉ. प्रेम व्रत ने भारतीय शिक्षा-दर्शन और उसकी वैश्विक प्रासंगिकता पर बोलते हुए कहा, एनईपी- 2020 तथा नई शैक्षिक सिफारिशों का मूल उद्देश्य मानस और मनःस्थिति का रूपांतरण है। डॉ. व्रत बोले, भारतीय मस्तिष्क अत्यंत प्रतिभाशाली है, परंतु श्रेष्ठ मनःस्थिति के बिना प्रतिभा समाज के लिए हानिकारक भी हो सकती है। उन्होंने कहा, शिक्षा का असली लक्ष्य एक उत्कृष्ट मनुष्य का निर्माण है। मूल्य सिखाए नहीं जाते, बल्कि आत्मसात किए जाते हैं। उन्होंने अत्यधिक भौतिकता के दुष्प्रभावों की चेतावनी देते हुए सुझाव दिया, संपत्ति का उपयोग योगदान के लिए होना चाहिए। संबंध, सकारात्मक दृष्टिकोण, अनुशासन, धैर्य और फोकस दीर्घकालीन सफलता की कुंजी बताए। संचालन टीएमयू आईकेएस सेंटर की समन्वयक डॉ. अलका वर्मा और डॉ. माधव शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

# बी.पी.एन. जूनियर हाई स्कूल की एथलेटिक मीट में धमाकेदार प्रदर्शन, कई खिलाड़ी फाइनल में पहुँचे

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

नगर के बी.पी.एन. जूनियर हाई स्कूल में चल रही वार्षिक एथलेटिक मीट में खेल के दुसरे दिन छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर माहौल को रोमांचक बना दिया। विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाते हुए फाइनल में जगह बनाई।खो-खो प्रतियोगिता में बोस हाउस और नायडू हाउस की टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करके फाइनल में प्रवेश किया। लंबी कूद प्रतियोगिता में सद्दाम, सूर्य और सर्वेश ने बेहतरीन छलांग लगाते हुए क्वालीफाई किया। वहीं छोटे बच्चों की 50 मीटर दौड़ में अंश, अरहान, अम्माल, अथर और अमल ने अपनी गति का प्रदर्शन



कर फाइनल में जगह बनाई।50 मीटर रिले रेस में आरिश, आर्ची और हरमन हुसैन ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। ऊंची कूद में अक्षरा और अर्शी ने शानदार प्रदर्शन किया, जबकि जूनियर वर्ग में समीर, साद और अजित ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए फाइनल में जगह बनाई।प्रबंधक कुशांक चौहान ने बताया कि शनिवार, 6 दिसंबर 2025 को सभी फाइनल मुकाबले आयोजित किए जाएंगे, जिसके बाद विजेता खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्रदान किए जाएंगे साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दल को चैंपियंस ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बी.पी.एन. स्कूल का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास बढ़ाना है। प्रतियोगिता में बच्चों की ऊर्जा व प्रतिभा देखकर गर्व महसूस होता है। हमारा लक्ष्य है कि छात्र भविष्य में जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर स्कूल का नाम रोशन करें।

# बिजली कनेक्शन के लिए वृद्ध,काट रहा अधिकारियों के चक्कर,रुपये मांगने का आरोप

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

कस्बा एलम निवासी सेवानिवृत्त ब्लॉक कृषि अधिकारी रणवीर सिंह पिछले कई महीनों से घरेलू विद्युत कनेक्शन लेने के लिए ऊर्जा निगम के चक्कर काटते-काटते थक चुके हैं। पीड़ित वृद्ध ने आरोप लगाया है कि कनेक्शन के नाम पर ऊर्जा निगम के अधिकारी उससे 40 हजार रुपये की मांग कर रहे हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने ऊर्जा निगम के उच्चाधिकारियों से लेकर उत्तर प्रदेश ऊर्जा मंत्री तक को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।
शुक्रवार को ऊर्जा निगम के एक्शन के समक्ष पहुंचे वृद्ध व्यक्ति रणवीर सिंह ने बताया कि वह हरियाणा में ब्लॉक एग्रीकल्चर ऑफिसर के पद से सेवानिवृत्त हैं और वर्तमान में अपने परिवार के साथ कुरुक्षेत्र में



रहते हैं। इन दिनों वह कस्बा एलम में अपना नया मकान बनवा रहे हैं। इसी के लिए उन्होंने मई माह से घरेलू विद्युत कनेक्शन हेतु आवेदन किया था। पीड़ित का कहना है कि उनके घर के बिलकुल सामने ही बिजली का खंभा लगा हुआ है, इसके बावजूद महीनों बीत जाने पर भी कनेक्शन नहीं दिया जा रहा।आरोप है कि ऊर्जा निगम के अधिकारी बार-बार बिजलीघर बुलाकर उन्हें टालते आ रहे हैं और कनेक्शन देने के बदले 40 हजार रुपये की मांग की जा रही है। रुपए न देने पर फाइल आगे नहीं बढ़ाई जा रही। शुक्रवार को वह कुरुक्षेत्र से विशेष रूप से कांधला बिजलीघर पहुंचे और एक्सईएन रविंद्र सिंह, एसडीओ आशीष श्रीवास्तव, जेई व अन्य कर्मचारियों पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया।पीड़ित रणवीर सिंह ने मामले की लिखित शिकायत ऊर्जा मंत्री को भेजकर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई तथा जल्द से जल्द उनका विद्युत कनेक्शन जारी कराने की मांग की है। एसडीओ आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि, मामला संज्ञान में आया है मामले की खुद जाकर जांच करेंगे।

# बाइक के आगे आया बंदर,बाइक सवार मासूम सहित मां बेटा घायल

समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)

थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित गांव नानूपुरी के समीप बाइक सवार के आगे बंदर आ जाने से बाइक पर सवार एक मासूम सहित मां, बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने महिला व उसके पुत्र की



गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया है। बाबरी थाना क्षेत्र के गांव कुरमाली निवासी सलमान पुत्र मामू अपनी 3 वर्षीय बेटी, सिफा,व मां आशिया के साथ बाइक पर सवार होकर अपनी रिश्तेदारी में कस्बे में आ रहे थे। बाइक सवार मां,बेटा जैसे ही थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित गांव नानूपुरी के समीप पहुंचे तो बाइक सवार के आगे एक बंदर आ गया। बाइक के आगे बंदर आ जाने से बाइक सवार का संतुलन बिगड़ गया और बाइक गिर गई। बाइक पर सवार मासूम बच्ची सहित मां बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों 108 एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायलों को तत्काल नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे की जानकारी मिलने पर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में मां,बेटा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# एचटी लाइन का तार टूट कर खेतों में गिरा, गन्ने की फसल जल कर राख

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

विकासखंड क्षेत्र के गांव भभीसा निवासी तीन किसानों के गन्ने के खेत में एचटी लाइन का विद्युत तार टूट जाने से 14 बीघा फसल जलकर राख हो गई। राष्ट्रीय लोकदल के नेता ने मामले की शिकायत विद्युत विभाग को की। मौके पर पहुंचे विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने मुआवजे का आश्वासन दिया है। विकासखंड क्षेत्र के गांव भभीसा निवासी किसान, नरेंद्र, हरपाल, सतपाल ने बताया कि उनके खेतों के ऊपर से विद्युत विभाग की एचटी लाइन जा रही है। विधुत लाइन काफी दिनों से जर्जर हालत में है और जमीन से झूल रही है। शिकायत के बावजूद भी विद्युत विभाग के कर्मचारी समस्या का निस्तारण नहीं करते। शुक्रवार को



एचटी लाइन का तार टूट कर किसानों के खेत में गिर गया और चिंगारी उठ जाने से तीनों किसानों की 14 बिघा फसल जल गई। खेत में लगी आग की सूचना पाकर मौके पर दर्जनों ग्रामीण पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया मगर तब तक फसल जलकर राख हो चुकी थी। जानकारी मिलते ही मौके पर राष्ट्रीय रोक दल के नेता राजन जावला पहुंचे और मामले की शिकायत विद्युत विभाग के अधिकारियों से की। मौके पर एसडीओ आशीष श्रीवास्तव, जैई, इरफान व अन्य कर्मचारी पहुंचे और किसानो के खेतों का मौका मुआयना किया। किसानों सहित रालोद नेता ने हंगामा किया और मुआवजे की मांग की। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने जल्दी निस्तारण का आश्वासन दिया।

# इंसानियत शर्मसार,भिखारी के साथ मारपीट का लाइव वीडियो वायरल

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड पर भीख मांग रहे एक भिखारी के साथ दो लोगों ने जमकर मारपीट की मारपीट का लाइव वीडियो पास के लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया और किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया पुलिस जांच में जुटी हुई है। शुक्रवार को सीसीटीवी फुटेज का एक वीडियो तेजी के साथ वायरल हो गया वायरल वीडियो में दावा किया गया कि दो लोग बेरहमी से एक दिव्यांग भिखारी के साथ मारपीट कर रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे आरोपी दिव्यांग भिखारी के साथ बेरहमी से मारपीट करते हुए नजर आ रहे हैं और कई लोग मारपीट का




तमाशा देखते हुए नजर आ रहे हैं। इंसानियत को शर्मसार कर देना वाला यह वीडियो तेजी के साथ सोशल साइटों पर वायरल हो रहा है।वायरल वीडियो पर कई लोगों ने कई तरह के कमेंट भी किए हैं। समाचार लिखे जाने तक मारपीट का कारण स्पष्ट नहीं हो सका था। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि वायरल वीडियो की जानकारी संज्ञान में आई है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी यूपीआई अकाउंट बनाकर निकाली नगदी

समाज जागरण कांधला।

कस्बा निवासी एक युवक का किसी अज्ञात ठग ने फर्जी यूपीआई अकाउंट बनाकर खाते से हजारों रुपए की नगदी साफ कर दी। पीड़ित ने थाने के साइबर केंद्र पर पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।



कस्बा निवासी युवक आयुष ने बताया कि उसका कस्बे के इंडियन बैंक में बैंक खाता है। पीड़ित का आरोप है कि किसी अज्ञात ठग ने फर्जी तरीके से उसका यूपीआई अकाउंट बना लिया। और उसके खाते से 31 हजार रुपए की नगदी साफ कर दी। पीड़ित जैसे ही अपने बैंक अकाउंट की जांच करने के लिए बैंक में पहुंचा तो बैंक कर्मचारियों ने कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया। शुक्रवार को पीड़ित युवक ने थाने के साइबर केंद्र पर पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई का आश्वासन देते हुए छानबीन शुरू कर दी है।

# राशन डीलरों कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन, एडीएम को सौंपा ज्ञापन

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के बैनर तले जनपदभर के राशन डीलरों ने शुक्रवार को शामली कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान डीलरों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन एडीएम सत्येन्द्र सिंह को सौंपते हुए उत्तर प्रदेश के उचित दर विक्रेताओं का खाद्यान्न व चीनी पर मिलने वाला लाभांश बढ़ाने तथा मिनिमम इनकम गारंटी लागू किए जाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि कोरोना काल जैसी विषम परिस्थितियों में भी उत्तर प्रदेश के कोटेदारों ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत निशुल्क राशन का वितरण पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी से किया। कोटेदारों ने अपने तथा अपने परिवार के जीवन की परवाह किए बिना सरकार के निदेर्शों के अनुसार ई-पॉस मशीन से सफलतापूर्वक वितरण कार्य को अंजाम दिया, जिसकी



सराहना देशभर में की गई और भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश सरकार को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया।डीलरों ने बताया कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कोटेदारों को मात्र 90 रुपये प्रति कुंतल का लाभांश दिया जा रहा है, जबकि अन्य राज्यों में यह राशि कहीं अधिक है। हरियाणा में 200 रुपये, गोवा में 220 रुपये, केरल व दिल्ली में 200 रुपये प्रति कुंतल लाभांश, जबकि गुजरात में 20 हजार रुपये की मिनिमम इनकम गारंटी दी जा रही है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के कोटेदार आयुष्मान कार्ड, किसान फार्मर रजिस्ट्री, एसआईआर वोटर लिस्ट संशोधन जैसे अन्य सरकारी कार्यों में भी सहयोग कर रहे हैं। डीलरों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो 28 जनवरी से वे अनिश्चि तकालीन धरना-प्रदर्शन व विधान सभा घेराव करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ठाकुर श्याम सिंह, राजेंद्र भगत, सलेक वर्मा, इमरान खान,

# भाकियू अंबावत के पदाधिकारियों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) भारतीय किसान यूनियन (अंबावत) के पदाधिकारियों ने किसानों एवं आम नागरिकों से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को लेकर देश की राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने किसानों की आय, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, चिकित्सा एवं कर्जमाफी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि देश का अन्नदाता किसान आज गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। महंगाई, प्राकृतिक आपदाओं, फसलों



का उचित मूल्य न मिलना और कर्ज का बढ़ता बोझ किसानों की कमर तोड़ रहा है। ऐसे में किसानों के हित में ठोस एवं प्रभावी निर्णय लिया जाना आवश्यक है। भाकियू अंबावता ने प्रमुख रूप से एमएसपी को कानूनी दर्जा देने की मांग करते हुए कहा कि यदि किसी भी फसल की खरीद एमएसपी से कम मूल्य पर की जाती है तो संबंधित पर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान होना चाहिए, जिससे किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिल सके। इसके साथ ही विधवा एवं बुढ़ापा पेंशन पूरे देश में समान रूप से लागू करने की मांग की गई, ताकि बुजुर्गों और विधवा महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिल सके। संगठन ने शिक्षा और चिकित्सा को पूरे भारत में निशुल्क किए जाने की भी मांग उठाई, ताकि आर्थिक कमजोरी के कारण कोई भी नागरिक अपने बच्चों की पढ़ाई या इलाज से वंचित न रहे। इसके अलावा संपूर्ण किसानों का देशभर में कर्ज माफ करने की मांग करते हुए कहा गया कि किसान लगातार आर्थिक दबाव और घाटे से परेशान है। ज्ञापन में अनाज की कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाने की मांग भी की गई ताकि गरीब और मध्यम वर्ग को सस्ती दरों पर खाद्यान्न उपलब्ध हो सके। साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2016 में किसानों की आय दोगुनी करने की घोषणा का हवाला देते हुए इस पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विनय चौहान, जिला सचिव संजीव शर्मा, संजीव राणा, करणपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में स्काउट एवं गाइड को दिया व्यावहारिक प्रशिक्षण

समाज जागरण

शामली। प्रादेशिक मुख्यालय भारत स्काउट एंड गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय प्रगतिशील प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन स्काउट एवं गाइड को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।
प्रशिक्षण के दूसरे दिन जिला सचिव डॉ. हीरा सिंह के निर्देशन में जिला संगठन आयुक्त गीता रानी एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त गायत्री देवी द्वारा स्काउट-गाइड को प्राथमिक सहायता, स्ट्रेचर बनाना, पट्टी बांधना, विभिन्न प्रकार की गांठें-बन्धन तथा टेंट लगाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने आपातकालीन



परिस्थितियों में घायल व्यक्ति को सुरक्षित ढंग से सहायता पहुंचाने के तरीके भी सिखाए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अमित चौरसिया, प्रधानाचार्य विनोद वर्मा, पूजा मलिक , देवाशीष, अनुज सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्काउट-गाइड उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार का प्रशिक्षण बच्चों में अनुशासन, सेवा भावना और आपदा

# सपा के राष्ट्रीय महासचिव ने की बूथ लेवल व पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) शुक्रवार को एसआईआर को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी एसआईआर चौधरी रूद्रसेन ने शामली जिले में नियुक्त बूथ लेवल ऐजेन्ट व पार्टी पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित किया। उन्होने आने वाली समस्याओं एवं उन्हें दूर करने के बारे में जानकारी दी।
उन्होने शामली, थानाभवन एवं कैराना के सैंकड़ों बीएलए को संबोधित करते हुए बताया कि अधिकांश बूथों पर पार्टी पदाधिकारियों ने कैम्प लगाकर अधिकांश वोटर के एसआईआर फार्म भराए हैं तथा उन्हें बीएलओ के पास जमा करा दिया है। जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने बताया कि थानाभवन विधानसभा में 339 तथा शामली में 307 बूथों पर बीएलए की नियुक्ति कर जिलाधिकारी कार्यालय तथा लखनऊ पार्टी



कार्यालय को भेज दी गई है। कैराना विधानसभा मे 325 बूथों पर विधायक नाहिद हसन एवं पार्टी पदाधिकारियों ने बीएलए की नियुक्ति की है। प्रोफेसर सुधीर पंवार ने कहा कि निर्वाचन आयोग की सूचना के अनुसार शामली जिले के 99.98 प्रतिशत फार्म वितरित किए जा चुके हैं तथा 80.37 प्रतिशत फार्म डिजिटाइज्ड किए जा चुके है। बीएलए को सावधान रहना होगा कि 16 दिसंबर को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में सभी का नाम आ जाए तथा यदि किसी भी सही वोटर का नाम ड्राफ्ट लिस्ट में सम्मिलित नहीं होता है तो उसके दस्तावेज इकठ्ठे कर वोटर लिस्ट में नाम सम्मिलित कराना पड़ेगा। सपा नेता अखिल बंसल ने अपने संसाधनों से यहां बीएलओ व बीएलए को एक साथ बैठाकर वोटर की समस्याओं का समाधान कराया है। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल, राव तफरूज, अनुज जावला, डा. सतपाल कश्यप, मेहर चंद सिंघल, जावेद जंग आदि मौजूद रहे।

# सड़क दुघर्टनाओं से बचाव के उद्देश्य से चलाया सुरक्षा अभियान

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) शुक्रवार को अपर दोआब शुगर मिल शामली के केन यार्ड में ठंड व घने कोहरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उद्देश्य से विशेष जागरूकता एवं सुरक्षा अभियान चलाया गया।



इस अभियान के तहत क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रोहित राजपूत व चीनी मिल के उप महाप्रबंधक गन्ना दीपक राणा ने किसानों द्वारा लाए गए गन्ने की ट्रालियों एवं ट्रकों पर रिफ्लेक्टर और रेडियम पट्टियां लगवाईं। इस अवसर पर एसआरटीओ ने ट्रक व ट्रॉली चालकों को कोहरे के समय सावधानीपूर्वक वाहन चलाने, गति नियंत्रित रखने, लाइट व रिफ्लेक्टर का अनिवार्य उपयोग करने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि छोटी-सी सावधानी जान-माल की बड़ी हानि से बचा सकती है। मौके पर उपस्थित मिल अधिकारियों ने भी किसानों एवं वाहन चालकों से अपील की कि वे सुरक्षा नियमों का पालन कर स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं ट्रकों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए।

# वन विभाग की भूमि पर अवैध आवासीय निर्माण को किया ध्वस्त

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में विचाराधीन मूल वाद के अनुपालन में शुक्रवार को वन विभाग ने ग्राम बीबीपुर हटिया में वन भूमि पर अवैध रूप से किए गए आवासीय निर्माण को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई वन भूमि पर शमशाद द्वारा किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध नियमानुसार की गई। शुक्रवार को डीएम अरविन्द कुमार चौहान के निर्देश पर पूर्व में राजस्व विभाग व वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जनपद के सात गांवों में स्थलीय पैमाइश एवं अभिलेखों का परीक्षण किया गया था। इस



संयुक्त जांच के दौरान करीब 13 हेक्टेयर वन भूमि पर पक्के एवं स्थायी प्रकृति के अवैध अतिक्रमण पाए गए थे। इन सभी अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई चरणबद्ध रूप से की जा रही है। एनजीटी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि 5 जनवरी तक समस्त अवैध अतिक्रमण हटाकर उसकी अद्यतन रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत की जाए। उसी क्रम में बीबीपुर हटिया में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। वन विभाग ने चेतावनी दी है कि भविष्य में वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अपराधियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई: सीओ

समाज जागरण

शामलीकैराना। (फुरकान जंग) नवनियुक्त सीओ ने क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ बैठक कर अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की।

शुक्रवार को कोतवाली परिसर में नवनियुक्त सीओ हेमंत कुमार ने क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पुलिस क्षेत्रवासियों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पूरी तरह से कटिबद्ध है। क्षेत्र में अपराध किसी भी सूरत में बर्दाश्त



नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अपराधों में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री आदि मौजूद रहे।

# दो सगे भाइयों के साथ मारपीट

समाज जागरण

कैराना। गांव भूरा निवासी आर्यन ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बुधवार शाम करीब पांच बजे वह अपने भाई अमन के साथ बाइक द्वारा अली पब्लिक स्कूल की लाइब्रेरी में पढ़ने के लिए जा रहा था। रास्ते में साद, तौसीफ, अनस, उस्मान उर्फ काला तथा तसव्वर ने उनकी बाइक रोक ली तथा गाली–गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। अन्य लोगों के आ जाने पर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। मामले में पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

# मारपीट और छेड़खानी में रिपोर्ट दर्ज

समाज जागरण

कैराना। नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि करीब 12 दिन पूर्व रिश्तेदारी में उसके बेटे के साथ मोहल्ला आलखुर्द निवासी अहसान से कहासुनी हो गई थी, जिस पर अहसान उनके परिवार से रंजिश रखता था।
28 नवंबर दोपहर करीब 12 बजे उसका बेटा घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान अहसान, जुनैद और जुबैर लाठी–डंडे लेकर आए तथा उसके साथ मारपीट करने लगे। वह अपने बेटे को बचाने आई, तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की तथा छेड़खानी की। बाद में आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मामले में अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मोबाइल की किस्त के विवाद में मारपीट

समाज जागरण

कैराना। गांव नंगलाराई निवासी शाहवेज ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके दोस्त जुबैर ने कांधला रोड के निकट स्थित अंसारी मोबाइल की दुकान से उसे फाइनेंस पर मोबाइल दिलाया था। वह समय पर अपनी किस्त जमा कर रहा था। इस बार किस्त जमा होने में देर हो गई। इस पर उसके दोस्त जुबैर ने किस्त जमा कर दी लेकिन दुकानदार ने मोबाइल बंद करा दिया। उसने जब दुकानदार फुरकान से मोबाइल खोलने को कहा, तो उसने दुकान पर बुलाया। वह अपने दोस्त के साथ 24 नवंबर अपराह्न करीब तीन बजे दुकान पर पहुंचा। दुकानदार फुरकान ने मोबाइल छीन लिया तथा अपने साथी समीर को बुलाया। समीर और चार अज्ञात युवक वहां पहुंचे तथा बाकी चार किस्त एडवांस में जमा करने को कहा। मना किया तो आरोपियों ने उसके तथा जुबैर के साथ गाली–गलौज करते हुए मारपीट की। मारपीट की घटना दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। बाद में आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# लावारिश बुजुर्ग के लिए लाइफ लाइन बनी 108 एम्बुलेंस सेवा



**समाज जागरण बिजनौर।**
प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही एम्बुलेंस सेवा शुक्रवार को फिर जीवन रक्षक साबित हुई। सरकारी 108 एम्बुलेंस के इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (ईएमटी) ने अपनी सूझबूझ से मरीज के जीवन की रक्षा करने में अहम भूमिका अदा की। एम्बुलेंस संचालक संस्था के कार्यक्रम प्रबंधक राजन कुमार ने बताया कि शुक्रवार को साढ़े ग्यारह बजे जिला सयुक्त चिकित्सालय बिजनौर से रेफर लावारिश बुजुर्ग नारायण दास (65 वर्ष) को सांस लेने में दिक्कत एवं पैरो में दर्द की समस्या के कारण रेफर केस की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही एम्बुलेंस जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुँची। उसके उपरान्त ईएमटी ने अपनी तत्परता दिखाते हुए, लावारिश बुजुर्ग को एम्बुलेंस में शिफ्ट किया और मेरठ मेडिकल कॉलेज की ओर निकले। उसके बाद दिनेश (कमल) ने रास्ते में ही टेलिफोनिक कॉल के माध्यम से, ईआरसीपी टीम (लखनऊ) की मदद से फर्स्ट ऐड देने के साथ फ्लूइड लाइन (नार्मल स्लाइन/NS) चालू करके लावारिश बुजुर्ग को रास्ते में दर्द से दिलाई राहत। वही पायलट कावेन्द्र ने अपने कर्तव्य को पूरा निभाते हुए सही समय पर एम्बुलेंस से बुजुर्ग लावारिश को मेरठ मेडिकल चिकित्सालय पहुँचाया। लावारिश बुजुर्ग को लेकर जब एम्बुलेंस मेरठ मेडिकल पहुंचे तो डॉक्टर ने बुजुर्ग की जांच करने के बाद, ईएमटी एवं पायलट की समझदारी और कार्य कुशलता की सराहना की।

# नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज फुलेरा बागपत में पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन

## 250 छात्र छात्राओं को जर्सी मोजे किये गये वितरित

**समाज जागरण चांदीनगर**



फुलैरा गांव के नेहरू स्मारक इनटर कालिज में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे समाज सेवीयो द्वारा 250 छात्र छात्राओं को उपहार में जर्सी मोजे वितरित किये गये नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज फुलैरा व में आयोजित पुरातन छात्र सम्मेलन में विद्यालय के पुरातन छात्र एवं बिजनेसमैन श्रीपाल ने विद्यालय में लगभग 250 बच्चों को जर्सी और मोजे ,जूते वितरित किए व छात्रों को आशीर्वाद दिया एवं जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। विद्यालय के छात्रों को आगे आगे भी मदद एवं पुरस्कार देने एवं विद्यालयमें भौतिक संसाधनों का सहयोग करने का आश्वासन दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जयभगवान शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा विद्यालय में सहयोग करने के लिए उनको धन्यवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक महोदय विजयपाल सिंह प्रबंध समिति के अन्य पदाधिकारी गण, सदस्य गण प्रधानाचार्य जय भगवान शर्मा विद्यालय का समस्त स्टाफ छात्र/ छात्राएं उपस्थित रहे ।

# लायंस क्लब बडौत चेतना द्वारा लगाया गया निशुल्क नेत्र शिविर

**समाज जागरण बागपत।**



लायंस क्लब बड़ौत चेतना के द्वारा राष्ट्रीय लोकदल के नगर कार्यालय जिन्दल निवास पर आँखों का मासिक निशुल्क ऑपरेशन केम्प लगाया गया। इसमें समाचार लिखने तक 55 मरीजों की जाँच की गई तथा 21 मरीजों को आपरेशन के लिए चयनित किया गया। क्लब के सचिव एंव रालोद व्यापारी नेता डॉ योगेश जिन्दल ने अवगत कराया कि यह केम्प हर महीने की 5 तारीख को लगाया जाता है, जिसमे आँखों की मुफ्त जाँच और ऑपरेशन किये जाते हैं। आपरेशन मेडिसिटी हॉस्पिटल कोताना रोड बड़ौत मे प्रसिद्ध नेत्र सुजन डॉ शस्या तोमर के द्वारा निशुल्क किये जाते है। उन्होंने बताया कि अंधता निवारण लायंस क्लब का सबसे बड़ा कार्यक्रम है, जिसको दूर करने कि हर मेंबर को शपथ दिलाई जाती है। डॉ जिन्दल ने बताया कि लायंस क्लब ये केम्प 4 वर्षों से लगातार लगा रहा है और अब तक करीब 1800 से ज्यादा व्यक्तियों के आँखों के ऑपरेशन कराये जा चुके है। आँखों कि जाँच मेडिसिटी हॉस्पिटल कि टीम अंकुर गुप्ता, फरहिन, नूरबी खुशी, आरजू की टीम के द्वारा की गई। केम्प मे लायन अंकुर जैन , डॉ इरफान मलिक (अध्यक्ष खिदमत सोसाइयटी )लायन ललित जैन, लायन मनोज गोयल (चाँद ),लायन अंकुर जिन्दल, लायन सरिता जिन्दल, लायन पूजा ,जिन्दल लायन रोबिन गोयल, कृष्णा गोयल हर्ष आदि का विशेष सहयोग रहा।

# राजकीय कॉलेज की छात्रा जैनब ने नेशनल योगा चैंपियनशिप में झटका गोल्ड मेडल

**समाज जागरण बागपत।**



राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बागपत में पढ़ने वाली कक्षा 8 की छात्रा कुमारी जैनब ने नेशनल योगा चैंपियनशिप जो ऋषिकेश हरिद्वार में हुई थी, उसमें गोल्ड मेडल जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उसकी इस उपलब्धि का विद्यालय परिवार द्वारा जश्न मनाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉक्टर प्रीति शर्मा द्वारा जैनब को सर्टिफिकेट तथा गोल्ड मेडल पहनाते हुए उसे इस जीत की बधाई दी तथा समस्त स्टाफ द्वारा उसे उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर इंदु, वंदना शर्मा, छवि श्रीवास्तव, हुकुम सिंह, डॉक्टर सतवीर सिंह प्रधानाचार्य श्री नेहरू इंटर कॉलेज पिलाना, अंतरिक्ष कुमार प्रधानाचार्य राजकीय हाई स्कूल बसौद बागपत, अंकुर शर्मा,अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सेंट आर वी स्कूल में चल रही खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**समाज जागरण बागपत।**



सेंट आर वी कॉन्वेंट स्कूल बडौत में 4 दिवसीय खेल प्रतियोगिता का तीसरा दिन ऊर्जा और उत्साह से भरा रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ समा जसेवी अनुराग जैन निदेशिका चारू जैन, उपनिदेशक एडवोकेट प्रथम जैन, प्रधानाचार्य पंकज शर्मा तथा सेंट आर वी कॉन्वेंट स्कूल की जीवना ब्रांच के प्रधानाचार्य निर्दोष शर्मा ने सामूहिक रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। 800 मीटर रेस में अमेजॉन प्रथम, पेसिफिक द्वितीय तथा एवरेस्ट तृतीय स्थान पर रहा। 400 मीटर रेस में तेज रफ्तार, संतुलन और लक्ष्य पर फोकस ने इस रेस को बेहद प्रतिस्पर्धी बना दिया जिसमे अमेजॉन प्रथम, नाईल द्वितीय तथा एवरेस्ट तृतीय स्थान पर रहा। खो-खो प्रतियोगिता में नाईल सदन ने जीत हासिल की। कबड्डी प्रतियोगिता में अमेजॉन सदन ने एवरेस्ट को हरा कर बढ़त हासिल की। क्रिकेट मैच में नाईल सदन से पेसिफिक को हरा कर जीत का परचम लहराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वंदना मलिक, दीपा डांगी, संदीप कुमार, ईशान नागपाल, बेबी आर्या, अरुण तोमर, अंकुर चौधरी, अपूर्वा सिंह, प्रखर जैन, आकाश त्यागी, सिमान मिर्जा, इमरान, सन्नी राज वत्स, वंदना बिन्दल, दीपा तोमर, पूजा मलिक, आरती चौधरी, रुपल सैनी, सुष्मा शर्मा, निशा नैन, आँचल जैन, सुशीला वर्मा, दीपा जैन, बेबी तोमर, शालिनी, नमन जैन, सागर गर्ग, कशिश जैन, भावना कुमारी, पिंकी जैन, तनु राणा, शकुंतला जैन,पलक जैन, निशा शर्मा, आस्था, काजल डांगी, अंजलि डांगी, प्रिन्सी जैन, रशमी तोमर, पूजा चौहान, रीना गोस्वामी, आयुषी तोमर, नेहा तोमर, राधा मलिक, निधी देशवाल राजन जैन का पूर्ण योगदान रहा।

# 8.30 करोड़ के लक्ष्य के साथ वार्षिक सभा सम्पन्न

**समाज जागरण छपरौली।**
शबगा गांव में बहु उद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी०पैक्स) की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन समिति कार्यालय पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता योगेश कुमार पवार ने की। इस सभा में क्षेत्र की विभिन्न समितियों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभा में रमाला शुगर मिल के चेयरमैन जयदेव सिंह, बी०पैक्स बड़ौत के चेयरमैन आशीष, छपरौली समिति के चेयरमैन कृष्णपाल, नांगल के चेयरमैन रविंद्र कुमार, बड़ौत के चेयरमैन प्रमोद कुमार और कोताना के चेयरमैन धर्मपाल सिंह सहित कई पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। समिति के मैनेजर धर्मेंद्र कुमार, रणवीर सिंह और मोहित सरोहा ने भी संचालन संबंधी सुझाव दिए। बड़ौत के सहायक विकास अधिकारी प्रवीण कुमार सैनी ने विभागीय जानकारी साझा की। समिति सचिव ने आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। गहन चर्चा के बाद, सर्वसम्मति से समिति का अधिकतम लक्ष्य 8.30 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया। इस अवसर पर इकबाल सिंह, शिवम पंवार, बीरसैन, चेयरमैन बृजपाल शर्मा, ओमपाल सिंह, चेयरमैन आत्माराम, संचालक भोपाल सिंह और प्रमोद कुमार सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

# राजकीय स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह में मेधावी छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

विद्यार्थी के जीवन में अनुशासन ओर समयबद्धता बहुत जरूरी है - डॉ राजीव गुप्ता पुट्ठी

विद्यार्थी को सफलता के लिए जीवन में अनुशासित होना बहुत जरूरी है - डॉ राजीव गुप्ता पुट्ठी



**समाज जागरण बिनौली।**
फतेहपुर पुट्ठी के राजकीय हाईस्कूल में शक्रवार को स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के मेघावी छात्र छात्राओं को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि, मां अम्बा बालिका डिग्री कालिज के प्राचार्य शिक्षा रत्न से सम्मानित डॉ. राजीव गुप्ता, मास्टर रघुनाथ सिंह, डॉ सुनीता ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रवजलित कर किया। इस अवसर पर छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत की प्रस्तुति देकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में छात्रा रितिका, तनिषा, शाईस्ता, शिवानी, उर्वशी, तनु, खुशी, भावना, वर्षा, सलोनी, लवि तोमर, मोनिशा, सादिया ने श्याम बंशी बजाते हो, देश मेरा रंगीला, जलवा तेरा जलवा, तेरी मिट्टी में मिल जावां आदि देश भक्ति गीतों पर नृत्य और लोक नाटिका प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर अतिथियों ने परीक्षाओं ने उच्च स्थान, खेलकूद और विभिन्न स्पधाओं में स्कूल का नाम रोशन करने वाले छात्र छात्राओं को प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि डॉ राजीव गुप्ता पुट्ठी ने कहा कि विद्यार्थी की सफलता में अनुशासन और समय की कीमत का पता होना महत्वपूर्ण है।। समारोह में नितिन शास्त्री, रविन्द्र सैनी, रुचि खारी,सुमन मलिक, इंद्रपाल, सुषमा, गीतांजलि, सुनीता, अनुज आदि उपस्थित रहे।

# बागपत से गाजियाबाद के लिए रोडवेज बस शुरु

## विधायक योगेश धामा नें हरी झड़ी दिखा शुरू की बस सेवा

**समाज जागरण चांदीनगर।**



बागपत से गाजियाबाद के लिए रोडवेज बस सेवा शुरू होने से क्षेत्र में खुशी की लहर है। पांची चौराहे पर विधायक योगेश धामा ने बस को हरी झड़ी दिखा रवाना किया। पिछले बीस वर्षो से बागपत से गाजियाबाद के लिए को रोडवेज बस सेवा नही थी। जिससे क्षेत्र के लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ता था। जिस कारण क्षेत्र के लोग डग्गामार वाहन के साहरे सफर करने को मजबूर थे। जिसके बाद क्षेत्र के लोगो की समस्या को देखते हुए विधायक योगेश धामा के प्रयास से बागपत से गाजियाबाद के लिए रोड़वेज बस सेवा शुरू की गई। जिसका उद्घाटन विधायक योगेश धामा ने हरी झड़ी दिखाकर किया। बस के शुरू होने से ढिकोली, पांची, रटौल के लोगो को फायदा होगा। बस सेवा शुरू होने से रटौल और क्षेत्र के लोगो को जहा जिला मुख्यालय जाना आसान होगा। वही गाजियाबाद के लिए भी सफर आसान होगा। रटौल पहुंचने पर भाजपा नेता मुंतजिर चौधरी ने बस का स्वागत किया। वही सड़क दुर्घटना से भी निजात मिलेगी। डग्गामार वाहन के चलते पिछले बीस वर्षों में सैकड़ो लोगो की मौत हो चुकी है। रोडवेज बस चलते से क्षेत्र मे खुशी की लहर है। इस मौके पर देवेंद त्यागी जिला पंचायत सदस्य, प्रवेंद्र धामा ब्लॉक प्रमुख, प्रवीण प्रधान विधायक प्रतिनिधि, पीयूष नैन,बिंदु खलीफा, दिनेश प्रधान मुंतजिर, मुबाशिर, धर्मपाल चेयरमैन, जयकुमार प्रधान, बृजपाल , बेदू, योगिंदर, पिंटू,नासिर प्रधान, पवन , ब्रह्मप्रकाश, सतीश, मनोज पाबला आदि मौजूद रहे।

# शौकेंद्र खोखर राष्ट्रीय खोखर महासभा के राष्ट्रीय संयोजक मनोनीत

**समाज जागरण बड़ौत।**
बड़ौत क्षेत्र के बदरखा गांव निवासी शौकेंद्र खोखर को राष्ट्रीय खोखर महासभा की इकाई के संस्थापक एवं प्रबंधक निदेशक सुधीर सिंह खोखर ने



राष्ट्रीय संयोजक मनोनीत किया है। उनके मनोनीत किए जाने पर राष्ट्रीय इकाई के पदाधिकारीयों ने फूल मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया है। मेरठ में तेजस्वी बिल्डर कार्यालय पर भी मेरठ पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत हुआ है। बागपत में उनका आज जगह-जगह स्वागत किया गया। बदरका गांव के लोगों ने भी उनका स्वागत किया है। इस मौके पर शौकेंद्र खोखर बदरखा ने कहा की जो जिम्मेदारी संगठन द्वारा मुझे दी गई है। मैं उस जिम्मेदारी को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए। राष्ट्रीय संस्थापक के दिशा निर्देश अनुसार कार्य करने का काम करूंगा। संगठन को गांव-गांव घर-घर पहचाने का कार्य किया जाएगा। जनवरी माह में राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन संगठन द्वारा करने का काम भी किया जाएगा। इस मौके पर बागपत के लोगों ने उन्हें बधाई देकर उनका स्वागत भी किया है।

# दौड़ प्रतियोगिता में छात्राओं ने भाग लिया

**समाज जागरण बड़ौत।**
नगर के बावली रोड स्थित देव नगर में इंडियन पब्लिक इंटर कॉलेज में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं ने दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया। इस मौके पर दौड़ प्रतियोगिता का उद्घाटन बीना देवी और



विजयानंद ने दीप प्रज्वलित कर किया। दौड़ प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी अपनी कला का अच्छा प्रदर्शन किया। इस मौके पर छात्र परी, वंशिका, मेघा, महक, अब्दुल, वंश शर्मा, युविका तोमर, रिहान, वंश धनकड़, सौरव, आयान, अदनान, जावेद, अरमान आदि खिलाड़ियों ने दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया। इस मौके पर नीलम देवी, पवन कुमार, मंजू शर्मा, परविंदर, सुरेंद्र चौधरी, प्रेम वर्धन आदि अध्यापकों ने कार्यक्रम में सहयोग किया। कार्यक्रम में इंडियन पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रबंधक विजयानंद एवं बीना देवी ने कहा कि समय-समय पर कॉलेज में दौड़ प्रतियोगिता के आयोजन किए जाते है। जिसमें सैकड़ो छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में भाग लेते हैं और अच्छी कला का प्रदर्शन करके कॉलेज का नाम रोशन करते है।

# एसआईआर बैठक में भाजपाइयों को जमीनी स्तर पर कार्य करने के दिए निर्देश

**समाज जागरण बागपत।**



भाजपा द्वारा चमरावल रोड़ स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर एस आईआर को लेकर एक बैठक आयोजित कि गयी। जिसमें वक्ताओं द्वारा कार्यकताओं को जमीनी स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय की अध्यक्षता में हुई बैठक की शुरूआत भारत माता, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर हुई। कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी डॉ चन्द्रमोहन ने कहा कि मतदाता गहन पुनरीक्षण भाजपा संगठन के लिए अहम कार्यक्रम है। सभी कार्यकर्ता इसे जिम्मेदारी से जुट कर कार्य करें। एक भी पात्र व्यक्ति नागरिक मतदाता सूची से वंचित ना रहे। उन्होंने सभी कार्यकताओं से अपने-अपने बूथों पर कार्य करने की बात कहीं, जिससे सभी बूथ की मतदाता सूची त्रूटिरहित हो। पिछड़ावर्ग आयोग के सदस्य, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रवासी रमेश गौड़ कश्यप ने कहा कि 2027 व 2029 का चुनाव इस कार्यक्रम की महत्वपूर्ण कड़ी है। पुनः सीएम योगी आदित्यनाथ को प्रदेश का मुख्यमंत्री व पीएम नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाना हमारा लक्ष्य है। उनके हाथों को मजबूत बनाना है। और यह तबही सम्भव होगा जब हम अपने सभी बूथों की मतदाता सूची को 100 प्रतिशत त्रुटियों को दूर करने में सफल होंगे। बागपत विधायक योगेश धामा ने कहा कि बूथ स्तर पर मतदाताओं को पंजीकरण करने में सहयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करना सबकी जिम्मेदारी है। जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने सभी कार्यकताओं से आह्वान करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। बैठक का संचालन मंडल प्रभारी व एसआईआर के बड़ौत विधानसभा संयोजक डॉ नीरज कौशिक ने किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष सूरजपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष व कार्यक्रम जिला संयोजिका अनिता खोखर, अनिल तोमर, गन्ना समिति चैयरमेन प्रदीप ठाकुर, कृष्णपाल चैयरमेन, जिला पंचायत सदस्य मनूपाल बंसल, कुलदीप भारद्वाज, राकेश जैन कवरपाल गुर्जर, गौरव तोमर, अश्वनी त्यागी, सचिन मलिक, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष नितिन चौधरी, श्रीओम कश्यप आत्माराम मौर्य संदीप वशिष्ठ, सुंदर धामा, राजेश चौहान, करतार सिंह भडाना, सुधीर ठाकुर, प्रभात तोमर, दिनेश प्रधान, डॉ मनीष कुशवाहा, चिराग जैन, सोनू चोट्टी, मनजीत गुर्जर, विनोद देशवाल, संदीप प्रजापति, सुनील तोमर, डॉ देवेंद्र, सुधीर त्यागी, प्रमोद खोखर, शिक्षक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष राजीव तोमर, रविन्द्र आर्य, अरविंद तोमर, सत्यवीर सिंह बड़का, जयकुमार सतैन्द्र मौर्य, सुभाष शर्मा, अजय शर्मा, अमित जैन, शेर सिंह गुर्जर, अमित उपाध्याय, अक्षय चौधरी, सुनील मेवला, अनुज त्यागी, हर्ष दीक्षित, सुनील दीक्षित, रॉकी शर्मा आदि मौजूद रहे।

# मुस्कुराहट ही मनुष्य का प्रमुख गुण है : आचार्य सौरभ सागर

**समाज जागरण बागपत।**




संस्कारप्रणेता,ज्ञानयोगी,आचार्य श्री 108 सौरभ सागर महामुनिराज ने श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर कमेटी बडौत के तत्वावधान में आयोजित धर्मसभा में अतिथि भवन बड़ौत में मंगल प्रवचन दिये। कहा कि गुण रोहित मनुष्य व द्वारे रहित मकान मिलना अत्यन्त कठिन है, लेकिन आज मनुष्य अपने गुणों को छोड चुका है और दुर्गणों को ग्रहण कर रहा है। मनुष्य को दो गुण जन्म से ही प्राप्त हुये हैं -पहला मुस्कुराहट, दूसरा सिर का ऊँचा होना। जानवर न मुस्करा सकता है और उसका ऊँचा सिर है; क्योंकि उसने अतीत में अनेक दुष्कृत्य किये थे, जिसके फलस्वरूप यह अमूल्य गुणों से रहित है। उन्होंने मानव और मानवीयता का अन्तर बताते हुए कहा-कि मानव मिट्टी है, मानवीयता घड़ा है। मानवीयता आने के उपरान्त मनुष्य पात्र बन जाता है और वन्दनीय हो जाता है। उन्होंने कहा पशु में पशुता, देवों में दिव्यता- आज भी विद्यमान है, पर मनुष्य में मनुष्यता कायम नहीं है।सभा में पंकज जैन,अजय जैन काले ,सुखमाल जैन,राजकुमार जैन,राकेश जैन,कमल जैन,सौरभ जैन,प्रभात जैन,अंकुर जैन,प्रवीण जैन,मनोज जैन,सतीश जैन आदि उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि शाम को 5 बजे समाज द्वारा पंचकल्याणक के सौधर्म इंद्र सौरभ जैन सर्राफ का तिलक लगाकर सम्मान किया गया और मंगलाचार के अंतर्गत पूरी समाज से भक्ति के द्वारा खुशी मनाई गई।भक्ति संध्या में प्रसिद्ध गायक लवेश इंदौर,दीपक सरगम,अक्षय जैन और अंकिता जैन द्वारा सुंदर भजन प्रस्तुत किए गए। पंच कल्याणक का पांडाल प्रशासन के निदेर्शानुसार पुनः सुसज्जित हो गया है। 7 दिसंबर से पंच कल्याणक महोत्सव पर हर्षो

# नेत्र स्वास्थ्य पर जोरःखेकड़ा में मोतियाबिंद मरीजों के लिए विशेष जांच शिविर

**समाज जागरण बागपत।**
जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देश पर खेकड़ा तहसील में 6 दिसंबर 2025 को एक निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों को नेत्र संबंधी उपचार और मोतियाबिंद के ऑपरेशन की सुविधा निःशुल्क प्रदान करना है। शिविर में नेत्र विशेषज्ञों की एक टीम मरीजों की आंखों की जांच करेगी और मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित करेगी। चयनित मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन जिला संयुक्त चिकित्सालय बागपत में किया जाएगा। तहसील प्रशासन के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक तंगी और जानकारी के अभाव के कारण कई लोग नेत्र रोगों का समय पर उपचार नहीं करा पाते, जिससे उनकी दृष्टि कमजोर होती जाती है। इसी समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी ने जिले में ऐसे शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। जिला संयुक्त चिकित्सालय बागपत में चयनित मरीजों को सुरक्षित और आधुनिक तकनीक से निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा मिलेगी। अस्पताल प्रशासन द्वारा रोगियों के ठहरने, दवाइयों और ऑपरेशन के बाद की देखभाल की भी व्यवस्था की जाएगी।खेकड़ा तहसील के अधिकारियों ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस शिविर का लाभ उठाएं। शिविर की विस्तृत तिथि और समय की जानकारी स्थानीय स्तर पर जल्द ही जारी की जाएगी।इस शिविर के आयोजन से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के साथ-साथ गरीब और असहाय वर्ग को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। प्रशासन ने इस पहल को एक महत्वपूर्ण सामाजिक कल्याण कदम बताया है।

# शादी के पवित्र बन्धन में बंधी डिप्टी जेलर को आँखें के पर्यावरण रक्षकों ने भेट किया पौधा।

**समाज जागरण बड़ौत**



बडौली उज्जवला फार्म में रायबरेली जेल अधीक्षक प्रभात सुपुत्र साहब सिंह निवासी जौनपुर के साथ शादी के पवित्र बन्धन में बंधी लखनऊ जेल की डिप्टी जेलर अंशु मलिक सुपुत्री राज कुमार मलिक निवासी सिलाना बागपत को सुरज कुमार राय एस०पी० बागपत के नेतृत्व में आँखें के पर्यावरण रक्षक समाजसेवी आर०आर०डी०उपाध्याय, रविकुमार एडवोकेट, संजय मलिक, युवराज सूर्या एवं विकास कुमार ने विवाह संस्कार से पूर्व "विवाह संस्कार में पौधा रोपण संस्कार" अभियान के तहत पौधा भेट कर शादी की प्रत्येक वर्षगांठ पर पौधा रोपण करने का संकल्प दिलाया। आँखे के "विवाह संस्कार में पौधा रोपण संस्कार" अभियान की प्रशंसा करते हुए जनपद-बागपत के एस०पी० सूरज कुमार राय ने पौधा रोपण अभियान को पर्यावरण व मानवता के लिए समर्पित ईश्वरीय कार्य बताया। समाजिक संस्था आँखें मिडिया सोशल नेटवर्क के डायरेक्टर समाजसेवी आर०आर०डी० उपाध्याय ने कहा पेड़-पौधें पृथ्वी का आभूषण होने साथ हमें जीवन देने वाली जीवन दायनी ऑक्सीजन सहित मूल्यवान ओषधि व अन्य वस्तुयें प्रदान करते है। इनका रोपण व संरक्षण धार्मिक परम्पराओं का हिस्सा एवं पुण्य का कार्य माना जाता है।

इसीलिए हमारा नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम पर्यावरण को संरक्षण प्रदान करते हुए निरंतर पौधा रोपण करे। इस अवसर पर श्रीमती लोकेश मलिक, श्रीमती मांडवी देवी, खुशी, साक्षी, सुमन, शिवानी, शिमला, अनुज, आलोक, जसवीर राणा, राकेश मलिक, ध्रुव, कृपाल, मलिक, राहुल, प्रशांत, विशाल, अरूण, भानू आदि उपस्थित रहे।

# मोटरसाइकिल रेहड़ी व फिटर रेहड़ा का जुगाड़ बनाने वाले मिस्त्रियों के खिलाफ होगी कानूनी कार्रवाई।

## एसपी दीपक सहारन ने मोटरसाइकिल रेहड़ी व फिटर रेहड़ा का जुगाड़ बनाकर चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

**समाज जागरण**

सिरसा/कालांवाली (सुरेश जोरसिया) पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने यातायात थाना प्रभारी सहित जिला के सभी थाना प्रभारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि आमजन के जीवन के साथ खिलवाड़ करने वाले तथा हादसों को न्यौता देने वाले जुगाड़ बनाकर रोड़ पर चलने वाले मोटरसाइकिल रेहड़ी तथा फिटर रेहड़ा भविष्य में सड़क पर नजर नही आने चाहिए। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा गया है की कुछ लोग अपने मोटरसाइकिल के पीछे रेहड़ी जोडकर तथा फिटर रेहड़ो का इस्तेमाल कर माननीय अदालत तथा यातायात नियमों का सरेआम उल्लंघन कर रहे है,इसलिए ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उक्त वाहनों को इंपाउड करें। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मोटरसाइकिल रेहड़ी



तथा फिटर रेहड़ा अक्सर सड़क हादसों को न्यौता देते है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ऐसे वाहनों के साइड में लोहे की रॉड या पाइप लगी रहती है जो साथ में चल रहे दुसरे वाहन चालकों को भारी नुकसान पहुंचा सकती है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने जिला के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए है कि सभी थाना प्रभारी अपने-अपने इलाका में ऐसे जुगाड़ तैयार करने वाले मिस्त्रियों के बारे में पता लगाए तथा उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करें। पुलिस प्रशासन की और से आमजन से कहा गया है कि वे वाहनों को अपने मन मुताबिक मॉडिफाई करवाकर सडक पर न लाएं क्योंकि यह माननीय अदालत व यातायात नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि माननीय अदालत के आदेशों व ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वालों को किसी भी सूरत में बख्सा नही जाएगा। इसके अलावा उन्होंने वाहन चालकों से आह्वान करते हुए कहा है कि सभी वाहन चालक अपने-अपने वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाकर चले ताकि भविष्य में दुर्घटना की पुनरावृत्ति न हो सके। उन्होने कहा कि वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर खुद की व दूसरों की जान जोखिम में नहीं डालनी चाहिए।

# दिव्यांग खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस इसे निखारने की जरूरत है : श्री महंत डॉक्टर अशोक गिरी

**समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। सांसद खेल उत्सव के तहत विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जी लिट्रा क्रिकेट ग्राऊंड में फिजिकल चैलेंजेड क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (पीसीसीएआई) द्वारा भारत व नेपाल के बीच तीन दिवसीय राष्ट्रीय टी-20 मैचों का तीसरा दिन रहा। कप में सानिध्य श्री महंत डॉक्टर अशोक गिरी महाराज का रहा। इस अवसर पर विधायक घनश्याम सर्राफ व पीसीसीएआई अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया की अध्यक्षता रही।

श्रीमहंत डॉक्टर अशोक गिरी महाराज ने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है ,बस इसे निखारने की जरूरत है ।उन्होंने दिव्यांग खिलाड़ियों को अपना आशीर्वाद देते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।



स अवसर पर मुंबई से राजकुमार गुप्ता,भारत केसरी सुनील पहलवान, हरियाणा कुस्ती फेडरेशन के उप प्रधान राजबीर पहलवान, आर एस एस के महामंत्री सुनील शास्त्री, सोनू पहलवान भारत कुमार अवॉर्डी, भारत केसरी रविन्द्र छिकारा सोनीपत कुश्ती एकेडमी संचालक समाज सेवी बृजलाल सर्राफ, आगरा से हारून रशीद, समाजसेवी नरेश गर्ग ढिगावा, हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल, निदेशक सावित्री यादव, निदेशक सावित्री यादव, राजकुमार सुनसुना महासचिव, समाजसेवी लक्ष्मण गौड, नेपाल टीम के चेयरमैन सुल्टिम सेरपा, नेपाल टीम के कॉर्डिनेटर अतुल त्यागी, अग्रवाल सभा अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, प्रवक्ता मयूर जांगड़ा, समाजसेवी दीपक तोला, मनमानचंद, कॉर्डिनेटर हितेष देवली, टुनामेंट कॉर्डिनेटर अविनाश शर्मा, कॉमेंट्रेट अभिषेक तिवारी, इंडिया टीम मैनेजर शुभम शर्मा, एडवोकेट कपील शर्मा, एडवोकेट सुनील पंवार, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज, एडवोकेट सुनील पंवार, एडवोकेट संजय अग्रवाल , अमन सर्राफ, ,गोल्ड मेडलिस्ट डॉ देवेंद्र कुमार, मदन गोपाल, संजय सैनी, ओमवीर कौशिक, पंकज लोहिया, राजेश कोच मोनी कोच, स्वदेशी क्लब टीम के अध्यक्ष अशोक शर्मा सहित अनेक खेल प्रेमी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे को

# पंजाब डी.जी.पी.गौरव यादव ने पुलिस कर्मचारियों के लिए विभिन्न सख्त आदेश जारी

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो,5 दिसम्बर :पंजाब के डी.जी.पी. गौरव यादव ने आज पुलिस कर्मचारियों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग से जुड़े नए और सख्त आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों का उद्देश्य पुलिस बल के पेशेवर छवि को बनाए रखना है। डीजीपी के मुख्य आदेश में पुलिस कर्मचारी अब ड्यूटी के दौरान या पंजाब पुलिस की वर्दी पहनकर डांस या भांगड़ा करते हुए वीडियो/रील्स सोशल मीडिया पर पोस्ट नहीं कर सकेंगे। यदि किसी पुलिसकर्मी की फोटो अपराधियों या गैंगस्टरों के साथ पाई जाती है, तो उसके खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई की



जाएगी। पुलिसकर्मी ड्यूटी से संबंधित लाइव लोकेशन या किसी भी गतिविधि को सोशल मीडिया पर पोस्ट नहीं कर सकते। वर्दी के बिना भी ऐसी कोई गतिविधि नहीं की जा सकेगी जिससे विभाग की छवि को नुकसान पहुंचे।संदिग्ध सोशल मीडिया गतिविधियों पर नजर रखने और रिपोर्ट तैयार करने के लिए स्टेट साइबर क्राइम विंग को नोडल एजेंसी बनाया गया है। इन नियमों का उल्लंघन करने वाले कर्मचारियों की पदोन्नति (प्रमोशन) प्रभावित हो सकती है। इन आदेशों के अलावा, पंजाब के डीजीपी ने राज्य चुनाव आयुक्त के निर्देशों के बाद, पटियाला के एसएसपी से जुड़े एक कथित ऑडियो क्लिप मामले की जांच एडीजीपी (कानून और व्यवस्था) एसपीएस परमार को सौंप दी है, जिसमें विपक्षी उम्मीदवारों को नामांकन दाखिल करने से रोकने की रणनीति पर चर्चा की गई थी। पुलिस का दावा है कि ऑडियो क्लिप एआई-जनरेटेड या फेक हो सकता है

# डॉ. गिरिश मित्तल जैतो ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से की मुलाकात

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)**

जैतो,5 दिसम्बर :पाइनलैंड इंटरनेशनल स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. गिरिश मित्तल ने हाल ही में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से राष्ट्रपति भवन में शिष्टाचार भेंट की। यह बैठक ब्रहमाकुमारीज के विंग के प्रतिनिधि मंडल के साथ आयोजित की गई।इस दौरान शिक्षा और लीगल के क्षेत्र में किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों, नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और मूल्य-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने पर विस्तृत चर्चा हुई।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने हमारे



प्रयासों की सराहना की और मूल्यों पर आधारित जिन पहलों को हम आगे बढ़ा रहे हैं, उन्हें प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डॉ. गिरिश मित्तल ने बताया कि देश में राष्ट्रीय अभियान झ मूल्य आधारित न्याय : विधि की आत्मा और मूल्य आधारित न्याय एवं शिक्षा के माध्यम से न्याय और शिक्षा में नैतिक मूल्यों को सशक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान राष्ट्र और समाज निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. मित्तल ने आगे बताया कि विद्यालय का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण और संस्कारयुक्त शिक्षा पहुँचाना है, जिससे देश का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित हो सके।

# आवारा पशुओं के आतंक से स्थानीय निवासी परेशान

**समाज जागरण बादल हुसैन**

नई दिल्ली में तमाम दावों के बावजूद आवारा पशुओं की समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। दिल्ली के अशोक विहार फेस 1के एक ब्लांक में लोग आवारा पशुओं के आतंक से परेशान हैं। इलाके में आए दिन आवारा पशु राहगीरों को अपना निशाना बना रहा है। इलाके में डंग बाइट के मामले भी रोजाना सामने आ रहे हैं।जिसकी वजह से इलाके के लोगों ने घर से निकलना बंद कर दिया है। स्थानीय निवासी पतंजलि सोती का कहना है कि सड़क पर 40 से 50 गया व स्ट्रीट डंग झुंड बनाकर बैठे रहते हैं। आरोप है कि डेरी वाले दुध निकालने



के बाद इन गायों को सड़क पर ही छोड़ देते है। लोगों द्वारा सुरक्षा के लिए लगाएं गए गार्ड हमेशा गाये को भगाते रहते हैं। सड़क पर गाये के गोबर व गंदगी से लोग परेशान है। वहीं इसके अलावा इलाके में साफ सफाई व्यवस्था भी अबारा पशुयो के कारण बिगड़ी हुई है, एक ब्लांक रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पूर्व प्रधान सुशील अग्रवाल का कहना है कि कॉलोनी में समस्याएं प्रमुख हैं। जिसमें साफ सफाई आवारा पशु और सुरक्षा व्यवस्था प्रमुख मुद्दा है।इन समस्याओं के लिए प्रशासन को कई बार शिकायत कर चुके हैं। लेकिन कई एक्शन नहीं लिया जाता है। क्या कहना है अशोक बिहार आरडब्ल्यूए प्रेसिडेंट पवन अग्रवाल। आवारा पशुओं ने कॉलोनी में लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। कई बार बच्चों और बुजुर्ग को चोटिल कर चुके हैं।

# सीईटी में पास हुए युवाओं में उत्साह,उनका भविष्य स्वर्णिम, भविष्य में सरकार द्वारा बिना खर्ची और पर्ची के हजारों पदों की होगी भर्तियां : पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल

## लोहारू से दिल्ली एयरपोर्ट तक बंद हाईवे का निर्माण करवाने, बहल,लोहारू तथा सिवानी में औद्योगिक इकाई स्थापित करवाने और विधानसभा क्षेत्र के किसानों के खेतों में खजूर की खेती करवाने के लिए लगातार प्रयासरत रहूंगा: पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल

**समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 05 दिसंबर। पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने शुक्रवार को बुद्धशैली,मोरका, सिधनवा,चहड़ कंला, ढाणा जोगी, सेहर, झुपा कंला, ढाणी सुरजा ,लोहारू,फरटीया ताल आदि गांवो का दौरा कर शादी समारोह में शामिल हुए। उन्होंने नवविवाहितों को सुखमय जीवन के लिए आशीर्वाद दिया।

पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि शुक्रवार को सीईटी का परिणाम घोषित होने से युवाओं में बड़ा उत्साह है। सीईटी में पास हुए युवाओं का भविष्य स्वर्णिम है। भविष्य में सरकार द्वारा बिना खर्ची और पर्ची के कई हजार पदों की भर्तियां की जाएगी। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करनी चाहिए।

पूर्व कृषि मंत्री ने कहा कि किसान के घर पैदा हुआ हूं और जीवनभर किसान और गरीब की खुशहाली के लिए प्रयासरत रहूंगा। लोहारू क्षेत्र में किसानों के लिए यूरिया आदि उर्वरकों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

यूरिया, डीएपी आदि के लिए मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्रियों से बात हुई है, उन्होंने कमी न रहने का आश्वासन दिया है।

उन्होंने कहा कि लोहारू से दिल्ली एयरपोर्ट तक बंद हाईवे का निर्माण करवाने, बहल,लोहारू तथा सिवानी में औद्योगिक इकाई स्थापित करवाने और विधानसभा क्षेत्र के किसानों के खेतों में खजूर की खेती करवाने के लिए लगातार प्रयासरत रहूंगा।

उन्होंने कहा कि किसान को पुराने दर्रे को छोड़ नई तकनीक से खेती करनी होगी तभी उसकी आय बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि परंपरागत खेती में तो लागत बढ़ रही है और आय कम हो रही है इसलिए किसानों को बागवानी, पशुपालन, मधुमक्खी पालन तथा मछली पालन की नई तकनीक को अपनाना चाहिए। भिवानी के सिवानी जैसे खारे पानी के क्षेत्र में पैदा हुआ सफेद झींगा आज अमेरिका सहित विकसित देशों में जाता है।उनके कृषि मंत्री रहते किसान हित में नई-नई योजनाएं लागू की गई जिससे किसानों को सीधा फायदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में भाजपा की एकतरफा जीत पूरे देश में दिशा देने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नीतिगत फैसले लेकर की हर वर्ग की भलाई के लिए अंतोदय की भावना से काम कर रही है सभी वर्गों को इससे सीधा फायदा हो रहा है।



उन्होंने कहा कि फसल उत्पादन के साथ-साथ किसान को प्रोसेसिंग पर ध्यान देना चाहिए, जिससे उसका कारोबार और आमदनी बढ़े। सरकार इसके लिए सहायता राशि प्रदान कर रही है, जिसका किसानों को लाभ उठाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत भिवानी जिला के एक लाख 17 हजार किसानों के खातों में 23 करोड़ 59 लाख रुपए डाले गए।

पूर्व कृषि मंत्री ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार नीतिगत फैसले लेकर छोटे किसानों को लाभांवित कर रही है। उनके कृषि मंत्री के कार्यकाल में जापान दौरे के दौरान कृषि एवं बागवानी को बढ़ावा देने के लिए जापान से एक प्रतिशत ब्याज पर तीन हजार करोड़ रुपए का लोग टर्म ऋण लिया गया था, जिससे आज कृषि, पशुपालन, बागवानी तथा सूक्ष्म सिंचाई योजना की अनेक परियोजनाएं चल रही हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को परंपरागत खेती की बजाय फल-फूल, सब्जी उत्पादन, बागवानी और मधुमक्खी पालन, मछली पालन, प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करना आदि पर ध्यान देना चाहिए ताकि किसान की आय बढ़े। उन्होंने कहा कि सरकार सूक्ष्म सिंचाई योजना पर 85 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है, इसलिए किसानों को इस योजना को अपनाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के नौ करोड़ किसानों के खातों में 18 हजार करोड़ रुपए की राशि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के रूप में डाली गई है।

पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत देश तेज गति से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। भाजपा ने नीति बनाकर देशहित में काम किया है, भारत की आज विश्व में अलग ही पहचान बनी है, देश ने अपने खोई हुई साख को फिर से हासिल किया है। केंद्र सरकार की तरह प्रदेश की भाजपा सरकार ने जनहितकारी नीतियां लागू कर लोगों का विश्वास जीतने का काम किया है। बिना खर्ची और बिना पर्ची तथा योग्यता के आधार पर नौकरी प्रदान करने से युवाओं में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश के बारे में सोचती है। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेना मजबूत हुई है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है और सरकार ने नई टेक्नोलॉजी को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है। इस दौरान अनेक पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए अलग से कोष तैयारी के लिए करेंगे मुख्यमंत्री से मंत्रणा : विधायक कपूर

**- इंडिया टीम के नदीम ने फिर चमके , नदीम का मैंन ऑफ द मैच पर कब्जा**
**- तीन दिवसीय सीरीज में भारत ने नेपाल को 90 रनों से हराया**




**समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। हांसी मार्ग स्थित जी लिट्रा क्रिकेट ग्राउंड में भारत और नेपाल के बीच तीसरे दिन कड़ा मुकाबला रहा। तीसरे दिन की दुसरी इंगिग के



समय बवानी खेड़ा विधायक कपूर वाल्मीकि मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और समारोह की अध्यक्षता बीजेपी जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र कौशिक ने की और स्वागत अध्यक्ष पीसीसीएआई के चेयरमैन एवं विधायक घनश्याम सर्राफ रहे।

विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जी लिट्रा क्रिकेट ग्राऊंड में फिजिकल चैलेंजेड क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (पीसीसीएआई) द्वारा भारत व नेपाल के बीच तीन दिवसीय राष्ट्रीय टी-20 मैचों का तीसरा दिन रहा। कार्यक्रम में हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम से ध्यान दास महाराज ने भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। दूसरी इनिंग मे दोनों देशों के बीच कड़ामुकाबला रहा।

खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए विधायक घनश्याम सर्राफ व जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र कौशिक ने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। खिलाड़ियों ने अपने दिव्य अंग से अपनी दिव्यांगता को दूर रख दिया।

बवानी खेड़ा विधायक कपूर वाल्मीकि, समारोह की अध्यक्षता बीजेपी जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र कौशिक व विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि पीसीसीएआई के द्वारा जो बेहतरीन प्रयास किया जा रहा है, जिनके बदौलत से दिव्यांग खिलाड़ियों की प्रतिभा दिन प्रतिदिन निखरती जा रही है ।उन्होंने कहा कि जो दिव्यांग खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए पीसीसीए आई जैसी संस्था को बड़ी सपोर्ट की जरूरत है। जिसके लिए वे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी जी से बातचीत करेंगे , ताकि हम इन दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए और इस प्रकार की संगठन के लिए कोई अलग से कोष तैयार हो। जिससे इन दिव्यांग खिलाड़ियों को देश और विदेश में भारत का प्रथम लहराने में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो।

**भारत ने नेपाल को किया 80 रनों पर ढेर**

टीम इंडिया प्रवक्ता अशोक कुमार भारद्वाज ने ने बताया कि तीसरे दिन के मुकाबले में टॉस जीत नेपाल ने पहले बॉलिंग करने का फैसला लिया। इस दौरान भारत ने बल्लेबाजी करते हुए नेपाल के सामने 171 रनों का टारगेट रखा। जिसको नेपाल की टीम लांघ नहीं पाई। मात्र 80 रनों पर ही सिमट गई और इंडिया ने तीसरा मुकाबला 90 रनों से जीत लिया। इस बेहतरीन जीत के लिए जम्मू कश्मीर के खिलाड़ी नदीम को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया जिन्होंने 5 ओवर में 5 रन देकर तीन विकेट लिए और एक छक्के की मदद से 15 रन बनाए, नदीम ने लगातार दो मैच में मैंन ऑफ द मैच का खिताब जीता।

# पंजाब में ड्रग्स की आमद रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर पूरा कंट्रोल जरूरी: सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल

**(समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो प्रमुख रघुनंदन पराशर)**

चंडीगढ़, 5 दिसंबर : राष्ट्रीय भाजपा नेता सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल भुखरी कलां ने कहा कि आज पंजाब एक ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है, जहाँ हमारे युवाओं का भविष्य और हमारे राज्य की आत्मा हमारे कामों की हिम्मत और स्पष्टता पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई सिर्फ कानून और व्यवस्था का मुद्दा नहीं है, बल्कि हर माँ की उम्मीद, हर पिता के सपने और हर बच्चे के सुरक्षित भविष्य के अधिकार के लिए एक भावनात्मक लड़ाई है। आज एक प्रेस रिलीज में ग्रेवाल ने कहा कि वह हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के प्रति दिल से सम्मान, हार्दिक आभार और गहरे विश्वास के साथ सिर झुकाते हैं, जिनके मजबूत और दूरदर्शी नेतृत्व ने पहले ही भारत को राष्ट्रीय सुरक्षा और आंतरिक स्थिरता की एक नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि पंजाब भारत सरकार की ओर नई उम्मीद से देख रहा है, यह मानते हुए कि उनके मार्गदर्शन में ड्रग्स के खतरे को उसी दृढ़ संकल्प से हराया जा सकता है जिससे आतंकवाद और संगठित अपराध को कुचला गया था। ग्रेवाल ने कहा कि पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम पंजाब में नशीले पदार्थों के प्रवेश को रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर पूरा कंट्रोल करना है। लेकिन उन्होंने उतनी ही ईमानदारी से यह भी कहा कि एक बार जब सीमाओं पर कंट्रोल हो जाए, तो ड्रग्स की पूरी आंतरिक सप्लाई चेन को बिना किसी देरी, बिना किसी समझौते और बिना किसी दया के तोड़ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी ज्ञात



हॉटस्पॉट पर तुरंत बड़े पैमाने पर छापे मारने, सप्लायरों, ट्रांसपोर्टरों, फाइनेंसरों और स्टोरेज ऑपरेटरों का बेरहमी से पता लगाने और एन.डी.पी.एस.और पी.एम.एल.ए.के तहत ड्रग तस्करों से संबंधित सभी बैंक खातों और संपत्तियों को फ्रीज करने की आवश्यकता है।

ग्रेवाल ने कहा कि वह भारत सरकार से पुरजोर अपील करते हैं कि ड्रग्स से संबंधित मामलों के लिए विशेष रूप से एक विशेष नारकोटिक्स कोर्ट स्थापित किया जाना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रत्येक मामले का फैसला नब्बे दिनों के भीतर किया जाए। इससे एक शक्तिशाली संदेश जाएगा कि धीमी न्याय का युग, वह युग जिसने माफिया को बेखौफ होकर बढ़ने दिया, अब हमेशा के लिए खत्म हो गया है। उन्होंने पंजाब के भविष्य के लिए ईमानदारी और प्यार भरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि एक और उतना ही महत्वपूर्ण कदम ड्रग माफिया और भ्रष्ट अधिकारियों के बीच जहरीले गठजोड़ को तोड़ना है। ग्रेवाल ने कहा कि पंजाब को पुलिस विभाग के अंदर तुरंत एक आंतरिक सफाई मिशन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ड्रग एक्टिविटी में शामिल पाए जाने वाले किसी भी ऑफिसर को, चाहे वह इनडायरेक्टली ही क्यों न हो, तुरंत सस्पेंड किया जाना चाहिए, ठउद्धर एक्ट के तहत बुक किया जाना चाहिए और सर्विस से परमानेंटली हटा दिया जाना चाहिए, क्योंकि सिर्फ.एक साफ-सुथरी पुलिस फोर्स ही सच्चाई और सम्मान के साथ ड्रग वॉर लड़ सकती है। उन्होंने कहा कि जो ऑफिसर एक ही ज़िले में ज्यादा समय से हैं, उन्हें बिना किसी अपवाद के ट्रांसफर किया जाना चाहिए ताकि लोकल कनेक्शन टूट जाएं और पुलिसिंग न्यूट्रल, निडर और न्याय पर आधारित हो। ग्रेवाल ने कहा कि यह उनकी पर्सनल अपील नहीं है, यह लाखों पंजाबियों की सामूहिक आवाज है जो अपनी जमीन को जहर से आजाद, डर से आजाद और फिर से उम्मीदों से भरा देखना चाहते हैं। उन्होंने पूरा भरोसा जताया कि ढट मोदी जी और अमित शाह जी के नेतृत्व में पंजाब और मजबूत, साफ-सुथरा और सुरक्षित बनेगा और ड्रग फ्री पंजाब का सपना जल्द ही सच होगा।

# ए.पी.आई.अंको का आकलन है, योग्यता का नहीं नही तो दस वर्ष काम करने वाले बाहर नही होते

**- ए.पी.आई. महत्वपूर्ण तो विज्ञापन में ए. पी. आई. का प्रतिशत लिखे, यू. जी. सी.निर्धारित योग्यता क्यों..?**
**- न्याय के सिद्धांत पर सबको साक्षात्कार में बराबरी का मौका मिलना चाहिए: दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक शोधार्थी संघ**




**समाज जागरण**

नई दिल्ली: दिल्ली विश्वविद्यालय में सत्रह दिनों से धरना दे रहे शिक्षको और शोधार्थियों ने न्याय के सिद्धांत के आधार पर हर योग्य व्यक्ति जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम योग्यता रखता है को साक्षात्कार में बुलाने की मांग को आज फिर से दोहराया। आज के अकादमिक परिषद की बैठक में सदस्य विकास कुमार ने इस मुद्दे को उठाया और कहा कि योग्यता रखने वाले सभी अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रक्रिया में भाग लेने का मौका मिलना ही चाहिए। ए.पी.आई. केवल परफॉर्मिंग इंडेक्स है जिससे केवल अंको का आकलन हो सकता है योग्यता का निर्धारण नहीं अगर सिर्फ ए.पी.आई. से आकलन होता तो दस वर्ष से पढ़ा रहे लोग बाहर नहीं होते। ऐसे बहुत से शिक्षक ऐसे हैं जो शिक्षण अनुभव के बावजूद बाहर है क्योंकि उनके स्नातक या स्नातकोत्तर में कम अंक हैं। ऐसा तो नहीं कि वो कमजोर है या वो योग्य नही है। बदलती परीक्षा प्रणाली ने जो गैप किया है वो भी ए. पी.आई. को सही नहीं ठहराता है। सभी के साक्षात्कार में शामिल होने से इंटरव्यू दो दिन ज्यादा चल सकता है पर इससे योग्य चयन नही होगा ये सवाल प्रशासन की खामी को उजागर करता है। जब आपने स्क्रीनिंग नियम बनाएं है तो घबराना कैसा। क्या कमजोर बच्चो को क्लास से बाहर निकाल दिया जाता है नही न उनको भी मौका दिया जाता है तो फिर सिर्फ इंटरव्यू तक पहुंचने देने में भी आपको इतनी परेशानी क्यों है।

# किसान आंदोलन से फिरोजपुर मंडल में 15 स्थानों पर धरना,16 ट्रेन प्रभावित

**रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

फिरोजपुर,5 दिसम्बर : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा जारी प्रैस विज्ञप्ति में कहा है कि विभिन्न किसान संगठनों द्वारा पंजाब में रेल रोको आंदोलन किया गया। इस धरना प्रदर्शन के कारण फिरोजपुर मंडल के 15 स्थानों पर धरना किया गया। इस धरना प्रदर्शन के कारण 16 ट्रेनें प्रभावित हुए लेकिन भी ट्रेन को रद्द नहीं किया गया है।जो ट्रेन प्रभावित हुई है उनमें ट्रेन संख्या 14720 अमृतसर - बीकानेर,74968 लोहिया खास-



फिल्लौर,74936 फिरोजपुर - जालंधर,7465 डेरा बाबा नानक - अमृतसर,14622 हजूर साहिब नांदेड़ एक्सप्रेस,54572 फिरोजपुर - लुधियाना,74976 फाजिल्का - फिरोजपुर,64552 छेहरटा - लुधियाना, 20497 फिरोजपुर हमसफर एक्सप्रेस,74683 खेमकरण - भगतावाला,22485 फिरोजपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस,12497 शाने पंजाब एक्सप्रेस,74691 अमृतसर - कादिया एक्सप्रेस,7467 अमृतसर - पठानकोट,74605 व्यास - तरनतारन व 74975 फिरोजपुर - फाजिल्का ट्रेन शामिल हैं। रेलवे सूत्रों का कहना है कि ट्रेनों को वही रोका गया था, जहां यात्रियों को खाने पीने की कोई असुविधा न हो।

# हरहुआ ब्लाक मुख्यालय पर ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी समन्वय समिति ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

## मांगों को लेकर लड़ाई अंतिम सांस तक लड़ी जाएगी, समिति का निर्णय जीत दिलाएगी।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी सरकार की ऑनलाइन अटेंडेंस और पांच सूत्री मांगो को लेकर शुक्रवार को ब्लाक परिसर में ग्राम पंचायत विकास व ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के प्रदेश व्यापी विरोध के समर्थन में बांह में काली पट्टी बांधकर 11बजे से 1बजे तक धरना देकर सचिवों ने बीडीओ को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा।



क्रमिक सत्याग्रह शांतिपूर्ण आंदोलन से संबंधित बैनर लगाकर सांकेतिक धरना कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जयप्रकाश भारती ने कहा कि मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन व जिलाधिकारी वाराणसी के लिए बीडीओ हरहुआ को ज्ञापन दिया गया जिसमें ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली, साइकिल भत्ता, अन्य विभागों द्वारा थोपे गए कार्यों से संबंधित पांच सूत्री मांगे रखी गई है। लड़ाई अंतिम दम तक लड़ा जाएगा।

सत्याग्रह आंदोलन में विकासखंड के समस्त ग्राम पंचायत अधिकारी वह ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे। जिसमें प्रमुख रूप से रवि सिंह ब्लॉक अध्यक्ष एवं प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत, जयप्रकाश भारती जिला अध्यक्ष ग्राम पंचायत अधिकारी संघ वाराणसी, संजय सोनकर, गौरव विश्वकर्मा,सत्येंद्र कुमार,आनंद प्रकाश गोंड,गणेश पटेल, वीरेंद्र कुमार, स्वाति सिंह,चंदा सिंह, अमीषा सोनकर,दीक्षा श्रीवास्तव,पीयूष सिंह, सौरभ श्रीवास्तव,सुरेश मौर्य एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# स्वस्थ मृदा ही स्वास्थ्य के लिए वरदान: डी0के0 पांडेय

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। शुक्रवार को कृषि विभाग की ओर से किसानों को जागरूक जरने के लिए गोष्ठी का आयोजन हरहुआ विकास खण्ड के गहनी स्थित रविदास मंदिर परिसर में अयोजित किया गया। बाइक रैली के माध्यम से फसल बीमा के लिए प्रेरित किया गया।



गोष्ठी में किसानों को जागरूक करते हुए सहायक विकास अधिकारी कृषि देवेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि अधिक मात्रा में रासायनिक खाद एवं दवाईयों के प्रयोग से मिट्टी से जीवाश्म की कमी हो जाती है। जिसका असर सीधे फासलो पर पड़ता है। जीवाश्म की वृद्धि के लिए हरी खाद का प्रयोग करना चाहिए। हमे ढैचा, पुआल, मूंग आदि आदि फसलों की बुआई करनीं चाहिए।

कृष्ण कुमार मौर्य प्राविधिक सहायक ने किसानों को समसामयिक खेती व विभागीय योजनाओं के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि सोलर पंप का लाभ लेने के लिए विभागीय पोर्टल पर बुकिंग हेतु 15 दिसंबर अंतिम तिथि है किसान भाई समय से बुकिंग कर सकते है '

आकांक्षा राय प्रा. स. ने बताया कि सभी किसानों को फार्मर्स रजिस्ट्री कराना आवश्यक है यदि कोई किसान फार्मर्स रजिस्ट्री नहीं कराता है तो अप्रैल 2026 से कृषि विभाग के लाभ से वंचित हो जायेंगे '

प्रधानमंत्री फसल बीमा के बारे में रवि मिश्रा जिला समन्वयक ने किसानो को बताया कि रबी फसल बीमा हेतु बैंक पासबुक, आधार कार्ड, खतौनी,मोबाइल आदि अभिलेख ले जाकर अपने नजदीकी सहज जन सेवा केंद्र पर जाकर 31 दिसंबर तक फसल बीमा करा सकते है। फसल बीमा कराने के बाद पालिसी नंबर किसान अवश्य प्राप्त कर ले,जिससे भविष्य में प्राकृतिक क्षति होने पर किसान टोलफ्री नंबर (14447)पर शिकायत दर्ज करा सकते है ' किसानों को जागरूक करने के लिए बाइक रैली निकाली गयी।

इस अवसर पर रामसकल प्रसाद, अखिलेश सिंह, मनीष सिंह, अर्चना, सूर्यप्रकाश, नीरज शुक्ला, बालचरन, सुभाष वर्मा, अजीत कुमार, महादेव, आदि सैंकड़ो कृषक उपस्थित रहे '

# रामेश्वर राधा -कृष्ण मंदिर के पुजारी का निधन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। रामेश्वर राधा-कृष्ण मंदिर के पुजारी रविशंकर मिश्रा उम्र लगभग 70 वर्ष की रात्रि में निधन हो गया।



आज शुक्रवार को जब सुबह की आरती में भाग लेने वाले क्षेत्रीय भक्तजन पहुंचे तो पुजारी जी के कमरे पर गए। आवाज दिया दरवाजा नहीं खुलने पर खिड़की से देखने पर पता चला कि मृत पड़े हुए हैं। किसी तरह दरवाजा खोलकर उनके पास पड़े मोबाइल से घर के नम्बर से जानकारी दी गई। भतीजा सुशील मिश्र व परिजनों को स्थानीय प्रधान घनश्याम सिंह यादव ,प्रधान प्रतिनिधि डॉ0 रामप्रसाद ,रामेश्वर मन्दिर के पीठाधीश्वर आचार्य प0 अन्नू तिवारी व क्षेत्र के भक्तजनों ने सौंप दी। परिजनों के अनुसार अपने विधि विधान से अंतिम क्रिया किया जाएगा।

# जीपीडीपी में जलवायु परिवर्तन व जलवायु जनित आपदाओं का एकीकरण जरूरी डॉ0 दयाराम विश्वकर्मा

## जलवायु परिवर्तन - जलवायु जनित आपदाओं के अनुकूलन पर क्षमता संवर्धन विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का समापन।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) एवं सतत विकास की अवधारणा को पूरा करने के लिए ग्राम पंचायत विकास योजना में जलवायु परिवर्तन - जलवायु जनित आपदाओं का एकीकरण करना समय की जरूरत है और समुदाय की सहभागिता से प्रत्येक स्तर पर समुदाय आधारित आपदा तैयारी की योजना विकसित करना होगा और आपदा से बचाव हेतु सामुदायिक स्तर पर जागरूकता जरूरी है।



उक्त बातें जिला ग्राम्य विकास संस्थान परमानन्दपुर में सचिव एवं राहत आयुक्त उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रायोजित "जलवायु परिवर्तन - जलवायु जनित आपदाओं के अनुकूलन पर क्षमता संवर्धन" विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के समापन अवसर पर रिटायर्ड जिला विकास अधिकारी डॉ दयाराम विश्वकर्मा ने अपने सम्बोधन में कही।

इस अवसर पर प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए जिला प्रशिक्षण अधिकारी विमल कुमार सिंह ने कहा कि आज जलवायु परिवर्तन एक बड़ी चुनौती हम सभी के सामने हैं जिसका समाधान हम सभी को मिलकर करना होगा इसके लिए पर्यावरण का संरक्षण बहुत ही जरूरी, पेड़ो को, वनों को, वन्य जीवों को बचाना होगा, जिसके लिए हम सब मिलकर अधिक से अधिक पौध लगाने की दिशा में अपना योगदान दें और प्रकृति में कम से कम कार्बनडाई ऑक्साइड घोलने का कार्य करें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीन दिवसों में प्रतिभागियों को आपदा के प्रकार, आपदा एक्ट, राज्य व राष्ट्रीय आपदा मोचक निधि, आपदा के दौरान क्या करें क्या न करें आदि के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही साथ आपदा जोखिम न्यूनीकरण, जलवायु अनुकूलन एवं विकास में समन्वय, जलवायु परिवर्तन जलवायु जनित आपदाओं का पशुधन पर प्रभाव, ग्राम पंचायत विकास योजना में जलवायु परिवर्तन व आपदा जोखिम समावेशीकरण का औचित्य, आपदा जोखिम न्यूनीकरण में समुदाय की भागीदारी व जन समुदाय की भूमिका आदि विषयों पर प्रशिक्षकों द्वारा जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद वाराणसी व चन्दौली के ग्राम विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, राजस्व विभाग से कुल 60 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

समापन अवसर पर ज्येष्ठ अनुदेशक संजय कुमार ने सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर रिटायर्ड सीडीओ हीरालाल, शिवप्रकाश, राज्य प्रशिक्षक कन्हैया लाल पथिक, अरुण पाठक, अमर सिंह, सुरेश पाण्डेय, डॉ शिशिर कुमार, रामजी, वीरेंद्र दुबे, सुनीता मौर्या, अंकिता, सुनील कुमार, ज्योति, अनिता, सीमा, पूजा, आशीष कुमार, सरिता, जयप्रकाश, शिवप्रकाश, डॉ सुरेन्द्र कुमार, महेश्वर सोनकर, दीपक कुमार, अमरेश, शाहिद आलम, शेख कलीम, नीरज सिंह, हरेंद्र सिंह, पन्नालाल, प्रीती यादव, शंकर शरण दुबे, गोविन्द सिंह आदि की उपस्थिति रही।

# ब्लॉक मुख्यालय पर पंचायत अधिकारियों ने दिया धरना

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। सेवापुरी पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारियों ने शुक्रवार दोपहर 11 बजे को सेवापुरी ब्लॉक मुख्यालय पर धरना देकर अपने विभागीय दायित्वों के अतिरिक्त अन्य विभागों के कार्य जबरन सौंपे जाने का कड़ा विरोध जताया। उनका कहना था कि सरकार द्वारा उनके मूल कार्यों से इतर अनेक योजनाओं और गतिविधियों की जिम्मेदारी बिना किसी संसाधन, साधन-सुविधा या अतिरिक्त मानवबल के दी जा रही है, जिससे उनके नियमित कार्य प्रभावित हो रहे हैं।



उन्होंने यह भी कहा कि बिना उचित प्रशिक्षण और तकनीकी सहयोग के ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू करना उनके लिए अतिरिक्त बोझ बन गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क बाधाओं के कारण समय पर उपस्थिति दर्ज करना मुश्किल हो रहा है।जिससे अनावश्यक परेशानियाँ बढ़ रही हैं।

धरने में शामिल अधिकारियों ने जल्द ही इन समस्याओं का समाधान करने की मांग करते हुए कहा कि यदि विभाग द्वारा उपयुक्त संसाधन, तकनीकी उपकरण उपलब्ध नहीं कराया गया, तो वे आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि प्रशासन उनकी मांगों को गंभीरता से ले, अन्यथा कार्यों के सुचारु संचालन पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। वही इस दौरान मुख्यमंत्री के नाम दिए गए मांग पत्र खंड विकास अधिकारी राजेश सिंह को सौंपा धरना शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ इस अवसर पर प्रमुख रूप से अवनी श्रीवास्तव, राकेश कुमार, पूजा मौर्य, हरिहर सिंह, मनोज कुमार, अशोक कुमार, आदर्श दुबे, सहित अन्य पंचायत अधिकारी उपस्थित रहे।

# जन चौपाल लगाकर सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। सेवापुरी विकास खंड के इसरवार ग्राम पंचायत में जन चौपाल का आयोजन किया गया।बैठक में ग्राम पंचायत में शासन द्वारा चल रहे योजनाओं जैसे आवास योजना,मनरेगा,वृद्धा पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन,शादी अनुदान, श्रम कार्ड,आयुष्मान योजना सौर ऊर्जा स्वास्थ्य योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।बैठक में खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया आधार कार्ड से व्यक्ति की पहचान तथा फीमेल कार्ड से पूरे परिवार की पहचान होता हैं इसको अभियान चला कर जल्द ही पूर्ण किया जाए।साथ ही श्रम कार्ड और सौर ऊर्जा एवं विभिन्न योजनों के लाभांवित होने हेतु ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन हेतु लोगो को जागरूक किया गया।चौपाल में स्वास्थ्य विभाग ,समाज कल्याण विभाग ,पशुपालन विभाग सहित अन्य विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाकर लोगो को योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।बैठक में पशुपालन विभाग अधीक्षक धनंजय कुमार,अवर अभियंता मनोज कुमार मेहरोत्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# राजगढ़ पुलिस ने गांव में किया कांबिंग ग्रामीण इलाकों में शांति व्यवस्था बनाए रखने की की अपील

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर/ विकासखंड के ग्रामीण इलाकों में 6 दिसंबर को बाबरी ढांचा तोड़े जाने के दिन को देखते हुए राजगढ़ पुलिस ने मड़िहान क्षेत्राधिकारी शिखा भारती के नेतृत्व में पुलिस के जवानों के साथ गांव और बाजारों में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए काम्बिंग की और जनता से किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने और भाईचारे को बनाए रखने की अपील की। क्षेत्राधिकारी शिखा भारती और राजगढ़ थाना अध्यक्ष दयाशंकर ओझा ने अपने थाना सहयोगियों के साथ भावां बाजार डढ़िया ग्राम बसंतपुर बघौड़ा इमलिया 84 राजगढ़ बाजार के अलावा मुस्लिम बहूल इलाकों में गांव-गांव की गलियों में जाकर काम्बिग की और लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की साथ ही किसी प्रकार की कोई परेशानी या उपद्रवी तत्व दिखाई या परेशान कर रहे हो तो उसकी जानकारी तुरंत पुलिस को देने को कही साथ ही जनता से किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने और उससे दूर रहने की बात कही।



इस मौके पर थाने के लगभग दो दर्जन पुलिस कांबिंग में रहे।

# सचिवों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया विकासखंड मुख्यालय पर शुक्रवार की दोपहर ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत क्षेत्रीय ग्राम सचिवों से मूल विभागीय दायित्वों के अतिरिक्त बिना कोई संसाधन उपलब्ध कराए अन्य विभागों के कार्य लिए जाने, अव्यवहारिक आनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू किए जाने सहित विभिन्न समस्याओं पर प्रभावी निर्णय लिए जाने के सम्बोधित मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के ज्ञापन को खंड विकास अधिकारी को सौंपा गया। सचिवों द्वारा अपनी मांगों में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत स्तर पर सचिव ग्राम पंचायत कार्यालय के सचिव के रूप में कार्य संपादित करता है,जिस प्रकार से क्षेत्र पंचायत स्तर पर खंड विकास अधिकारी क्षेत्र पंचायत के कार्यालय सचिव के रूप में कार्य करते हैं तथा जिला स्तर पर अनेक अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में कार्यालय सचिव के रूप में काम करते हैं।जिला स्तर अथवा क्षेत्र पंचायत स्तर पर किसी भी कार्यालय में कार्यालय सचिव की उपस्थिति अंकित करने का कोई परंपरा प्रचलन में नहीं है।अतः समस्त स्तरों पर एक ही समान उपस्थित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।सचिव के कार्य को प्रकृति पूर्णतः क्षेत्र आधारित है।ऐसे में आनलाइन उपस्थिति जैसी कार्यालय आधारित प्रणाली हमारे कार्यप्रति के अनुकूल एवं अनुरूप नहीं है।ग्राम पंचायत स्तर पर सचिव ग्राम पंचायत के अतिरिक्त राजस्व विभाग के लेखपाल,शिक्षा विभाग के अध्यापक,कृषि विभाग के तकनीकी सहायक,गन्ना विभाग के गन्ना पर्यवेक्षक,पशुपालन विभाग के पशुधन अधिकारी भी कार्यरत हैं, जिनका कार्यक्षेत्र तथा योजनाएं सचिव ग्राम पंचायत की अपेक्षा सीमित हैं।ग्राम सचिव वर्तमान में ग्रामीण स्तर पर विभिन्न प्रकृति के उन्नतीस से अधिक विभागीय कार्यों का संपादन प्रत्येक ग्राम पंचायत में कर रहा है।ग्राम पंचायत सचिव का कार्य वर्तमान में मांग आधारित न होकर पूर्ण रूप से लक्ष्य आधारित हो गया है।सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन व पर्यवेक्षण के लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायी ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी अभी तक समुचित व मोबाइल फोन भत्ता पाने से वंचित हैं।जिला लेखक परीक्षक उत्तर प्रदेश द्वारा ग्राम पंचायतों की ऑडिट की जाती है,जबकि ग्राम पंचायत स्तर पर मनरेगा के सोशल ऑडिट की व्यवस्था पूर्व के अधिनियम में प्राविधानित है। ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायतों की ऑडिट के विकल्प के रूप में ऑडिटर के स्थान पर चार्टेड अकाउंटेंट से कराए जाने हेतु वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए,जिससे ग्राम पंचायतों में हो रहे शोषण को रोका जा सके सहित दस मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन देते हुए ज्ञापन को सौंपा गया। इस अवसर पर आशीष यादव, कौशलेंद्र राय, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, लक्ष्मी शंकर यादव,विनय यादव, आलोक भारती, बालकृष्ण, संदीप मनोज, संतोष, विजय, शैलेन्द्र,अरविन्द सहित विकासखंड के समस्त सचिव उपस्थित रहे।

# डीएफओ तापस मिहिर ने हलिया रेंज में पौधशाला व अतिक्रमण मुक्त वनभूमि का किया निरीक्षण

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया डीएफओ कैमूर वन्यजीव प्रभाग मिजार्पुर तापस मिहिर व वन्यजीव प्रतिपालक भास्कर प्रसाद पाण्डेय ने शुक्रवार को हलिया रेंज के पौधशाला दिघिया का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश वनक्षेत्राधिकारी अवध नारायण मिश्रा व पौधशाला प्रभारी राजकुमार वर्मा को आवश्यक निर्देश दिया इसके बाद वन क्षेत्र से हटाए गए अतिक्रमण सिलहटा, परसिया, चौरा पहुंचकर खाली कराये गए अतिक्रमण स्थल का निरीक्षण किया और खाली कराये गए वन भूमि पट्ट वृक्षारोपण के लिए कराये गए गड्ढे व सुरक्षा खाई का निरीक्षण किया वन मार्ग मतवार व बडौही मार्ग के स्थान का भी निरीक्षण किया है हर्रा गेस्ट हाउस पंहुचकर निरीक्षण किया इस संबंध में डीएफओ तापस मिहिर ने बताया की हलिया रेंज के अंतर्गत दिघिया पौधशाला का निरीक्षण किया गया और पौधे तैयार करने के लिए आवश्यक निर्देश संबंधित को दिया गया है इसके बाद वनभूमि से खाली कराये गए स्थल का निरीक्षण कर खाली कराई गई वनभूमि पर वृक्षारोपण के लिए कराये गए कार्य का भी निरीक्षण किया गया है मतवार वनमार्ग व बडौही वन मार्ग पट्ट होने वाले कार्य स्थल का भी निरीक्षण किया है इस दौरान रेंजर अवध नारायण मिश्रा, वन दरोगा सूरज पाण्डेय, शनी सिंह, फारेस्ट गार्ड नीटू शर्मा, रामदास आदिवासी, शिवम सिंह, शीतला बक्स सिंह, अंकुर शुक्ला, संदीप कुमार, ब्रम्हादिन पाण्डेय आदि मौजूद रहे



# समिति या किसान के नुकसान की भरपाई केन्द्र प्रभारी से की जाएगी :अवधेश कुमार सिंह

## *केकराही संघ के केन्द्र प्रभारी को खुले मे धान भंडारण के लिए लगाई फटकार।

**समाज जागरण**

वाराणसी। जनपद मे खुले धान क्रय केन्द्रो पर धान की आवक मे पर्याप्त तेजी आई है।किसानो के प्रतिदिन केन्द्र पर धान लेकर पहुंचने के कारण समितियो के गोदामो मे जगह कम पड़ रही है।



सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर एडीसीओ राबर्टसगंज अवधेशसिंह ने आज रामपुरी उर्फ तरावाँ , केकराही संघ तथा रामगढ़ बीपैक्स का निरीक्षण किया।

रामपुरी उर्फ तरावाँ मे 28 किसानो से 1970.40 कुंटल धान खरीद पाई गई।सचिव उमेश सिंह ने बताया कि गोदाम मे जगह नही बची है।एडीसीओ राबर्टसगंज ने सचिव को आगाह किया कि क्रय एजेंसी से संपर्क कर के धान की डिलीवरी सुनिश्चित करायें।खुले मे धान का भंडारण कदापि न करें अन्यथा किसी भी नुकसान की स्थिति मे क्षति की वसूली सचिव से की जाएगी।

केकराही सहकारी संघ पर अभी तक 16 किसानो से 1162.80 कुंटल खरीद हुई है ।समिति परिसर मे खुले मे दो हजार कुंतल से अधिक धान पड़ा देखकर एडीसीओ ने केन्द्र प्रभारी मनोज श्रीवास्तव को जमकर फटकार लगाई और चेतावनी दी कि खुले मे धान रहने से खराब मौसम के कारण यदि समिति को या किसान को कोई नुकसान होता है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी केन्द्र प्रभारी की होगी। केन्द्र प्रभारी को तत्काल मिलर से अनुबंध कराकर धान की डिलीवरी कराने के लिए भी आगाह किया गया। रामगढ़ बीपैक्स के धान क्रय केन्द्र रैयाँ उपकेन्द्र पर 27 किसानो से 2049 कुंटल धानखरीद पाई गई है। सचिव /केन्द्र प्रभारी अमित कुमार गौतम को निर्देशित किया गया कि खरीदे गये धान की डिलीवरी सुनिश्चित कराते हुए धान खरीद जारी रखें।

एडीसीओ सदर ने सभी केन्द्र प्रभारियो को मिल से तत्काल अनुबंध कराने के निर्देश दिए ताकि धान खरीद मे कोई व्यवधान उत्पन्न न हो।

सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह ने जनपद के सभी क्रय केन्द्र प्रभारियो को निर्देशित किया है कि मौसम की अनिश्चितता के दृष्टिगत खरीदे गये धान की सुरक्षा के भी समुचित इंतजाम करे।

सहायक आयुक्त ने यह भी कहा कि जनपद मे बोरो और धनराशि की कहीं कोई कमी नहीं है।सभी किसान बंधु अपने नजदीकी क्रय केन्द्र पर धान बेचकर शासन की योजना का लाभ उठायें तथा किसी कठिनाई की स्थिति मे टोल फ्री नंबर पर अथवा विभागीय अधिकारियो को अवगत करायें।

# परमंदापुर है सहकारिता का प्रकाश स्तंभ:डाक्टर वीरेंद्र वर्मा

## *परमंदापुर बीपैक्स के सामान्य निकाय की वार्षिक बैठक संपन्न।

**समाज जागरण**

वाराणसी। शुक्रवार को आराजीलाईन ब्लाक के परमंदापुर बीपैक्स की वार्षिक सामान्य बैठक समिति कार्यालय पर संपन्न हुई।

बैठक मे समिति के सभापति डाक्टर वीरेंद्र कुमार वर्मा ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि परमंदापुर बीपैक्स का सेवा और समर्पण का लंबा इतिहास रहा है।समिति के सदस्यो और कर्मचारीगण के सहयोग से समिति जनपद की अग्रणी बीपैक्स मे शुमार है।दूसरे अर्थो मे यह बीपैक्स सहकारिता का प्रकाश स्तंभ है।



सहकारी सचिव परिषद के जिलाध्यक्ष तथा बीपैक्स परमंदापुर के सचिव ऋषिकुमार सिंह ने बैठक मे समिति के लाभ हानि, आय व्यय और व्यवसाय के पहलुओ से सदस्यो को अवगत कराया।

ऋषिकुमारसिंह ने समिति के भविष्य की योजनाओ की रूपरेखा सबके सामने रखी और सदस्यो से सहयोग और समर्थन देने का आह्वान किया। बैठक मे उपाध्यक्ष रामधनी प्रसाद , संचालक महेन्द्र प्रताप, सुबाष व समिति के सदस्य व भूतपूर्व लिपिक जिला सहकारी बैंक लिमिटेड वाराणसी रामचरन प्रसाद ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

बैठक मे उपस्थित अन्य लोगो मे बसन्त लाल, राजकुमार, चन्द्रमा प्रसाद, मदन प्रसाद, रामचरन, विजयी पटेल व अनिकेत मौर्य समेत सैकड़ो किसान उपस्थित रहे ।

# विधायक के विद्वान अधिवक्ता पुत्र रजत सिंह ने दिल्ली हाईकोर्ट में हासिल की बड़ी कामयाबी

## *न्याय दिलाना एक संघर्ष भरा दास्तान जो संवैधानिक तर्कों से किया गया अर्जित।

**समाज जागरण**

वाराणसी असल की जिंदगी में देखा जाय तो न्याय दिलाना एक संघर्ष भरा दास्तान जो संबैधानिक तर्कों से ही सम्भव होता है।पीड़ित को न्याय किसी नवजीवन से कम नहीं होता।कारागार में रहकर मानसिक संघर्षो से जूझता व्यक्ति जब सही सलामत बाहर आता है तो उसे बड़ी राहत मिलती है।



रजत सिंह अधिवक्ता दिल्ली हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट।

ऐसा ही कुछ अजगरा विधान सभा के विधायक त्रिभुवन राम के विद्वान अधिवक्ता बेटा रजत सिंह द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय में शशांक पाठक गाजियाबाद के मुकदमें स्वयं बहस करके सेक्शन 528 इठरर के अन्तर्गत 2 करोड़ 62 लाख से अधिक की धनराशि के मामले में दोषारोपित व्यक्ति को जमानत दिलाई जो यह उनकी बड़ी कामयाबी और न्याय दिलाया। क्योंकि नेशनल कैपिटल दिल्ली द्वारा यह मुकदमा का प्रतिरोध प्रतिवाद किया जा रहा था और उसमें दिल्ली राज्य के सरकारी वकील दूसरी पक्ष की ओर से बहस कर रहे थे। विद्वान अधिवक्ता रजत सिंह द्वारा तथ्यों व अपनी विद्वता के आधार पर इस मुकदमे में सम्बंधित व्यक्ति को जमानत दिलाई।यह उनके लिए बहुत बड़ी कामयाबी है तो मुअक्किल को बड़ी राहत दिलाया जिसे हर विद्वान अधिवक्ता से लेकर याचिकाकर्ता सराह रहा है। एक कुशल और विद्वान अधिवक्ता के जिंदगी की सफलता साबित होती है।

# कम लागत में अधिक उपज का साधन है जैविक खेती

## किसान मेले में उमड़ी किसानों की भीड़,दी गई जैविक खेती की जानकारी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

मीरजापुर।। नमामि गंगे योजना द्वारा संचालित बायोसर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पहाड़ी विकास खंड के पड़री गांव में किसान मेले का आयोजन किया गया।जिसमे किसानों को आधुनिक कृषि के बाबत नई जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर योगेंद्र कुमार सिंह ने किसानों को जैविक खेती से कम लागत में अच्छी उपज की जानकारी देते हुए, खेत में हो रही कार्बन की कमी को बढ़ाने के लिए विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराया। डॉ सुरेश ने किसानों को बीजामृत और जीवामृत बनाने और उसके प्रयोग के बारे में जानकारी दी। मेले में किसानों को जैविक खेती पर जोर देते हुए कम लागत से अधिक उपज की बारे में बताया।किसानों को शासन द्वारा किसानों के कल्याण हेतु चल रही योजनाओं, कृषि विविधीकरण की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में गुलाब सिंह, सुभाष मौर्य, रामसकल सिंह, जवाहिर, संजय सहित गांव के अन्य किसान उपस्थित रहे।



## संदिग्ध हालत में विवाहिता ने लगाई फांसी

### मामा ने दामाद पर मढ़ा हत्या का आरोप

**समाज जागरण**

फतेहपुर। धाता थाना क्षेत्र के ग्राम लिहाई में संदिग्ध परिस्थितियों में 28 वर्षीय महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतका के मामा ने हत्या की आशंका जाहिर की है। पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार लिहाई गांव निवासी योगेश रैदास की पत्नी मधु देवी ने गुरूवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के मामा महेश कुमार ने बताया कि उसकी भांजी को दामाद दहेज के लिए प्रताड़ित करता था। तीन वर्ष पूर्व मधु के पिता की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। जिसका क्लेम मिला था। उसने बताया कि पति उस पर दबाव डालता था कि क्लेम की रकम में हिस्सा लेकर आओ। उसने दामाद पर आरोप लगाया कि उसने ही भांजी की हत्या की है। पुलिस ने पति को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

## ट्रक परिचालक को वाहन ने रौंदा, मौत

**समाज जागरण**

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के उसरैना के समीप एनएच-2 में शुक्रवार की भोर पहर पिछले टायर में फंसी गिट्टी निकाल रहे 18 वर्षीय परिचालक को विपरीत दिशा से आ रहे वाहन ने रौंद दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के गनफरी गांव निवासी अजीत का पुत्र हैप्पी ट्रक में परिचालक था। बताते हैं कि भोर पहर मरका से मौरंग लादकर रायबरेली जा रहे थे। तभी उसरैना के समीप टायर में फंसी गिट्टी निकालने के लिए हैप्पी उतरा और गिट्टी निकालने लगा तभी विपरीत दिशा से आ रहे वाहन ने उसे रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

## खड़े ट्रक से टकराया ट्रक, चालक घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के लोधीगंज के समीप एनएच-2 में शुक्रवार की सुबह हाईवे किनारे खड़े ट्रक में पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे 30 वर्षीय चालक घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बकेवर थाना क्षेत्र के बिजौली गांव निवासी रामकिशोर का पुत्र अतुल सुबह लगभग दस बजे इलाहाबाद से कानपुर की ओर ट्रक लेकर जा रहा था। जब वह शहर क्षेत्र के लोधीगंज के समीप पहुंचा तभी हाईवे किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायल चालक को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## अलग-अलग सड़क हादसों में तीन घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के फर्शी लालपुर गांव निवासी मुखिया का 38 वर्षीय पुत्र प्रमोद शुक्रवार की सुबह बाइक से सामान लेने जा रहा था। जब वह गैस एजेंसी के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रही प्राइवेट बस ने टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। इसी प्रकार कल्यानपुर थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव निवासी बृजलाल का 25 वर्षीय पुत्र प्रदीप कुमार बाइक से गुनीर किसी काम से जा रहा था। जैसे ही वह गांव के समीप पहुंचा तभी सड़क पार कर रही बकरी से टकराकर गिरकर घायल हो गया। उधर हुसैनगंज थाना क्षेत्र के मिजार्पुर भिटारी गांव निवासी रामगोपाल का 27 वर्षीय पुत्र ध्यानु साइकिल से कस्बा जा रहा था। तभी गांव के समीप सामने से आ रहे वाहन से बचने के चक्कर में नाली में गिर गया। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## भाजपा जिला अध्यक्ष का चांदी मुकुट पहनाकर किया सम्मान!

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! भारतीय जनता पार्टी जिला द्वारा फरिहा मण्डल की मतदाता पुनः गहन परीक्षण ( SIR) को लेकर अति आवश्यक बैठक क्षत्रिय स्वर्णकार धर्मशाला फरिहा में आयोजित हुई। जिसमें पार्टी के कार्य कताओं ने पुनः निर्वाचित जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह का भव्य स्वागत व अभिनन्दन चांदी का मुकुट पहनकर स्वागत सम्मान किया इस अवसर पर जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह न (SIR) विशेष गहन पुनरीक्षण मतदाता अभियान
की समीक्षा की और कहा कि चुनाव आयोग की गाइडलाइंस का शत-प्रतिशत पालन हो और एक भी योग्य मतदाता वंचित न रहे। SIR लोकतांत्रिक चुनाव प्रणाली को पारदर्शी बनाने का बेहतर कदम है। SIR के कार्य में लगे पार्टी के सभी कर्मशील कार्यकर्ता मतदाताओं की सहायता के लिए घर-घर संपर्क कर उनका फॉर्म सुदृढ़ रूप से भरवाने के लिए निरंतर अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर इस अभियान को सफल बनाने के इस अपनी भूमिका का निर्वहन सक्रिय रूप से करें।। विधान सभा जसराना संयोजक सुरेन्द्र सावन झा ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर बूथ अध्यक्ष BLA 2 प्रवासी कैंप लगाकर अपने बूथों पर सभी मतदाताओं के अविलंब फार्म भरवाकर जमा कराएं ।ताकि इस अभियान से पात्र मतदाता वंचित न रह जाये। डॉ अमित गुप्ता जिला प्रवक्ता / मीडिया प्रभारी ,
देशदीपक चौहान मण्डल अध्यक्ष , डॉ प्रभंजन जैन , बेबी चौहान , अरविंद राघव ,सत्येंद्र यादव , भागीरथ सिंह लोधी, राजू प्रधान ,सत्य प्रताप सिंह ,सत्येंद्र भारद्वाज बॉबी स्वर्णकार, देवेंद्र कश्यप ,सोनू शर्मा, कुलदीप शर्मा , विकास आरोहिया ,दिलीप झा ,राजीव शर्मा, उमाशंकर लोधी, अशोक झा ,वीरपाल लोधी आदि आदि फरिहा मंडल के बड़ी संख्या में कार्य कर्ताबन्धु उपस्थित रहे।

## गर्ल एजुकेशन फुल स्पीड नो ब्रेक पर प्रेस वार्ता का आयोजन

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**




फिरोजाबाद! दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय में प्रबंध समिति की अध्यक्षा माला रस्तोगी ने मीडिया बंधुओं को संबोधित करते हुए सामाजिक जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत विस्तृत जानकारी प्रदान की जिसमें उन्होंने बताया कि वर्तमान परिवेश में नारी शिक्षा को और अधिक उन्नत बनाने के उद्देश्य से निःशुल्क अंग्रेजी माध्यम के स्कूल की नींव रखी गई है! जिसकी इमारत को पूर्णता प्रदान करने एवं शिक्षा के शुभारंभ हेतु एक कैंपेन का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही मुहिम मिशन शक्ति को सफल बनाने के उद्देश्य से स्वयं माला रस्तोगी को अपने दोनों सहयोगी शब्बीर उमर और श कोमल सहित दिनांक 20 दिसंबर 2025 को फिरोजाबाद से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।दक्षिण भारत में स्थित कोच्चि फोर्ट से लेकर जैसलमेर (राजस्थान) तक स्वयं ऑटो रिक्शा चलाकर 3000 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए 5 राज्यों में जन चेतना का प्रचार-प्रसार करेंगी, जो विश्व प्रसिद्ध कांच नगरी फिरोजाबाद की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। श्रीमती माला रस्तोगी ने वार्ता के दौरान छात्राओं के शैक्षिक एवं बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए उन्हें डिजिटल लर्निंग और स्पोर्ट्स के माध्यम से दिन प्रतिदिन फिरोजाबाद में नई पहल की शुरूआत करने का संकल्प लिया है। पिकल बॉल्स एक ऐसा गेम जो की विंबलडन और लॉन टेनिस का मिश्रण है इस खेल में छात्राओं ने नया कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में अग्रसर हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर रेनू वर्मा एवं मीडिया प्रभारी डॉक्टर अंजु गोयल, डॉक्टर नम्रता निश्चल त्रिपाठी, मयंक शर्मा सहित शिक्षक समुदाय उपस्थित रहा।

## एजुकेटर के प्रशिक्षण का हुआ समापन

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद! जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में चल रहे कोलोकेटेड आंगनबाड़ी बालवाटिका केंद्रों में कार्यरत जनपद के ईसीसीई एजुकेटर का प्रशिक्षण शुक्रवार को संपन्न हुआ. समापन सत्र के अवसर पर राज्य परियोजना कार्यालय के प्री प्राइमरी यूनिट से सौम्या डायट प्राचार्य बृजेन्द्र कुमार एवं बीएसए आशीष पांडेय ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करने के उपरांत डाइट प्राचार्य ने संबोधित करते हुए कहा कि ईसीसीई एजुकेटर बेसिक शिक्षा विभाग में बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा हेतु तैनात हैं अतः अपना कार्य पूर्ण मनोबल के साथ करें।बीएसए द्वारा बताया गया कि एजुकेटर का मुख्य दायित्व बच्चों की नींव मजबूत करना है और एक सुदृढ़ भारत के भविष्य के निर्माण हेतु खुद को कर्तव्यनिष्ठ होते हुए कार्यक्षेत्र में परचम लहराना है।जया शर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कक्षा एक के पूर्व के बच्चों को तैयार करना है. यह प्रशिक्षण बच्चो के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत का महत्वपूर्ण है. राज्य परियोजना के प्री प्राइमरी यूनिट से आई सौम्या द्वारा प्रशिक्षण का फीडबैक लिया गया और कहा कि सभी एजुकेटर
इस प्रशिक्षण के विविध आयामों को अपने जीवन में उतारकर हर बच्चे तक पहुंचाए. नोडल प्रवक्ता जयबाला ने बताया कि ईसीसीई एजुकेटर का प्रशिक्षण प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन गुणवत्ता को बढ़ाने तथा बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को बढ़ावा देने में सहायक होगा. नोडल प्रवक्ता के अलावा प्रशिक्षण के अन्य संदर्भदाता प्रदीप चौधरी एवं शालू वर्मा द्वारा क्रमशः कार्यक्रम की रूपरेखा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का परिचय, ईसीसीई एजुकेटर के कार्य एवं दायित्व, भूमिका, ईसीसीई में विकास के क्षेत्र एवं बालवाटिका के संदर्भ में निपुण भारत की भूमिका आदि के बारे में के बारे में विस्तृत चर्चा की।

## आगरा में जनपद के बाल वैज्ञानिकों ने दिखाई अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद! उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, प्रयागराज के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग आगरा के तत्वाधान में डॉ मुकेश चन्द्र अग्रवाल के निर्देशन में 53 वीं जवाहरलाल नेहरु बाल विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का मण्डल स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन एम डी जैन इंटर कॉलेज हरीपर्वत,आगरा में किया गया। जिसमें जनपद फिरोजाबाद, आगरा , मथुरा एवं मैनपुरी के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जनपद फिरोजाबाद के नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि मण्डल स्तरीय प्रदशनी हेतु जनपद फिरोजाबाद के माध्यमिक एवं डायट के विभिन्न विद्यालयों के जूनियर वर्ग, सीनियर वर्ग एवं अध्यापक संवर्ग में अश्वनी कुमार जैन के साथ डायट प्रशिक्षुओं ने एम डी जैन इंटर कॉलेज, हरीपर्वत आगरा में मण्डल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। जिसमें प्रतिभागियों ने इलेक्ट्रिक पिलर करंट अलर्ट, जानवरों से कृषि की सुरक्षा यंत्र, कार्बन कैचर,जल संरक्षण, कचरा प्रबंधन, प्रदूषण, हाइपर लूप आदि मॉडलों का प्रस्तुतिकरण किया गया। विद्यार्थियों के मॉडलों का अवलोकन डॉ मुकेश चन्द्र अग्रवाल संयुक्त शिक्षा निदेशक आगरा, विद्यालय के प्रधानाचार्य जी एल जैन, अनिल वशिष्ठ, आर एन, डॉ निखिल जैन के साथ निर्णायक मण्डल ने किया। जनपद फिरोजाबाद के सुनील जैन, अजीत कुमार, शिव कुमार, राजकुमार, लोकेंद्र कुमार, शिव शंकर, हेमंत कुमार, श्याम गुप्ता, यश पाल सिंह आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## पुलिस ने मुठभेड़े शातिर बदमाश पकड़ा

**समाज जागरण**



फि रोजाबाद। थाना रामगढ़ पुलिस ने अंतर्जनपदीय चोर अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से असलाह तथा चोरी का सामान बरामद किया है। पुलिस की बदमाश से औद्योगिक क्षेत्र थाना रामगढ़ के जंगलों में मुठभेड़ हुई। वह जनपद आगरा का रहने वाला है। पुलिस को उनके बारे ने पता चला था। पुलिस को बताया गया औद्योगिक क्षेत्र थाना रामगढ़ के जंगलों में दो चोर माल बटवारा के लिए इकट्ठा हुए हैं । प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार दुबे थाना रामगढ़ ने पुलिस बल के साथ वहा पर दबिश दी। दबिश के दौरान पुलिस को 02 संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए। पुलिस ने उनकी घेराबंदी की। खुद को घिरता देख दोनों संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर करने लगे। आत्मरक्षार्थ पुलिस ने जवाबी कार्यवाही की। जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति गोली लगने से घायल हो गया। दूसरा व्यक्ति अंधेरा का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। घायल अभियुक्त की पहचान इंदल पुत्र दीवान सिंह के रूप में हुई। वह रायभा थाना अछनेरा जनपद आगरा का रहने वाला है।
पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा 315 बोर, 03 जिंदा कारतूस 315 बोर 02 खोखा कारतूस 315 बोर, चोरी की 02 कान की बाली( पीली धातु), 01 क्रेडिट कार्ड, 01 आधार कार्ड, मोबाइल फोन, 1500 रुपए बरामद किए है। एसपी सिटी रविशंकर प्रसाद ने बताया 18/19 नवम्बर की रात थाना रामगढ़ क्षेत्र में दो घरों में चोरी हुई थी। उनका मुकदमा दर्ज कराया गया था।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था । विवेचना में इंदल पुत्र दिवान सिंह,अजयपाल उर्फ अज्जू तथा विक्की का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस ने अभियुक्त विक्की को गिरफ्तार कर 04 दिसंबर को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया था। पुलिस फरार अभियुक्त अजयपाल उर्फ अज्जू निवासी सैलई थाना रामगढ़ की तलाश कर रही है। पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज है। घायल अभियुक्त को अस्पताल में भर्ती कराया है।

## कन्नौजः बिजली बिल राहत योजना के तहत विभाग ने लगाए दर्जनो ग्रामो में कैम्प

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। अधीक्षण अभियंता विद्युत ने जानकारी देते हुए बताया है कि बिजली बिल राहत योजना-2025- के अंतर्गत आज जनपद कन्नौज के विभिन्न ग्रामों एवं मोहल्लों–फरिकापुर, बछ्ज्जापुर, अड्डापुर्वा, धरमपुर, भजुरिया, मोतीपुर्वा, कुरियन, करनपुर, पल्टेपुर्वा, आकिलपुर, हाजीगंज, शिखाना, रसूलाबाद, नेकपुर, ढिपारा, असालताबाद, रसूलपुर, खानपुर चौबे, अम्बेडकरनगर, त्रिलोकापुर, जहांगीरपुर, बसावनपुरवा, सीमांत नगर तथा सराय–में विशेष कैम्पों का सफल आयोजन किया गया। इन कैम्पों में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 571 उपभोक्ताओं ने मौके पर ही योजना का लाभ प्राप्त करते हुए अपने बकाया बिलों का निस्तारण कराया। आयोजित कैम्पों में उपभोक्ताओं द्वारा कुल ₹25.60 लाख की धनराशि जमा की गई, जिससे योजना के प्रति जनमानस की सकारात्मक प्रतिक्रिया स्पष्ट होती है। कल दिनांक 06-12-2025 को चौरा चांदपुर, कूलापुर, बरधैया, बरूआहार, बहोसी, नदसिया, मौसमपुर मौरारा ,शिखाना, श्यामपुर,आसकरनपुरवा,बस्ता, तिखवा,सराय दायमगंज, गदनापुर ,गुगरापुर,भूडा,राजारामपुर, कुसका, शाहजहांपुर, खोजीपुर, कबिरापुर, भोजापुर,अमोलर तथा नन्दपुर में कैम्प का आयोजन किया जायेगा विद्युत विभाग द्वारा बताया गया कि योजनांतर्गत कैम्प आगे भी निर्धारित तिथियों पर लगाए जाते रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की जा सके। विभाग ने जनता से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण अवसर का लाभ उठाकर अपने बिजली बिलों से संबंधित समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित करें।

## कन्नौजः एसडीएम सदर ने किया अच्छा एस आई आर करने वालों को सम्मानित

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**




कन्नौज। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट आशुतोष मोहन अग्निहोत्री द्वारा दिए गए निदेर्शों के अनुपालन में जनपद में कार्य तेजी से संचालित कराया जा रहा है। इसी क्रम में ज्वांइट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर वैशाली ने बताया है कि 198-कन्नौज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सुपरवाइजर सिम्मी कटियार(लेखपाल), हेमलता गौतम (लेखपाल), आलोक तिवारी (लेखपाल) एवं बीएलओ पूजा अग्निहोत्री (सुपरवाइजर), बीए लओ अनीता राठौर (आगनवाड़ी कार्यकत्री), बीएलओ लडैती देवी (आगनवाड़ी कार्यकत्री), बीएलओ विनीता (आगनवाड़ी कार्यकत्री) ने अपने-अपने बूथों पर 100 गणना प्रपत्र भरवाये, जिनको अंगवस्त्र और माला पहनाकर सम्मानित करते हुये उनके मेहनती एवं जिम्मेदाराना कार्य की सराहना की गई। उनके इस उत्कृष्ट एवं समयबद्ध कार्य को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सराहनीय बताते हुए प्रशंसनीय प्रयास माना गया है। जनपद में मतदाता सूची के प्रगाढ़ पुनरीक्षण को सुचारु एवं प्रभावी बनाने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों / कर्मचारियों को इसी प्रकार संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

## कन्नौजः सरदामई के किसानों के हाथों में आए भू-अभिलेख, किसानों के चेहरे खिले

### 35 वर्ष बाद किसानों के हाथों में आए भू-अभिलेख, गांव में खुशी का महौल

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**




कन्नौज। जिले के ग्राम सरदामई में चकबन्दी कार्यवाही का आरम्भ वर्ष 1980 में धारा-4क(2) के अंतर्गत चकबन्दी निदेशालय की विज्ञप्ति संख्या 3986जी-3880, दिनांक 10 जुलाई 1980 के प्रकाशन से हुआ। इसके बाद वर्ष 1987 में ग्राम में कब्जा परिवर्तन किया गया। वर्ष 1990 में हुए अग्निकांड के कारण ग्राम के सभी मूल राजस्व अभिलेख पूरी तरह नष्ट हो गए, जिसके परिणाम स्वरूप चकबन्दी प्रक्रिया पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। आगे चलकर दिनांक 28 जनवरी 2009 को ग्राम सरदामई की चकबन्दी प्रक्रिया निरस्त कर दी गई। इसके पश्चात ग्राम को पुनः 23 सितम्बर 2016 को चकबन्दी प्रक्रिया में सम्मिलित किया गया।
जिलाधिकारी के सतत प्रयासों से पूर्व की धारा-6(1) एवं पुनः धारा-4(2) की कार्यवाही को 26 सितम्बर 2023 को निरस्त करते हुए, वर्ष 1980 की मूल धारा-4क(2) को पुनः बहाल किया गया। वर्ष 1990 के अग्निकांड में जले कुल 35 ग्रामों में से पूर्व में 4 ग्राम कृनन्दलालपुर, करनौली, उसमानपुर एवं कठिगराकुके आधार अभिलेख तैयार हो चुके हैं। अब जिलाधिकारी श्री आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, उप संचालक चकबन्दी श्री विजय कुमार मिश्र तथा बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी/ डिप्टी कलेक्टर अविनाश कुमार गौतम के मार्गदर्शन में ग्राम सरदामई के आधार अभिलेख भी सफलतापूर्वक तैयार कर ग्राम सरदामई के 200 किसानों के हाथों में भू-अभिलेख वितरित किए।
इस दौरान श्री गौतम ने कहा कि इन अभिलेखों के तैयार हो जाने से ग्रामवासियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ 35 वर्षों के बाद अब प्राप्त होना प्रारम्भ हो जाएगा। साथ ही शेष ग्रामों में आधार अभिलेख तैयार कराने की प्रक्रिया भिन्न-भिन्न स्तरों पर प्रगति पर है।

## कन्नौजः मंत्री ने बनाई लाख बहोसी पक्षी विहार को ईको टूरिज्म के लिए विकसित करने की योजना

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने लाख-बहोसी पक्षी विहार को ईको टूरिज्म के रूप विकसित किये जाने हेतु भ्रमण किया गया। मंत्री ने पक्षी विहार के विकास एवं टूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु वन्य जीव लुप्त प्राय परियोजना के क्षेत्रीय वन अधिकारी एवं प्रभागीय



वनाधिकारी तथा पर्यटन अधिकारी के साथ जनपद कन्नौज के अन्य टूरिष्ट स्थलों को जोड़ते हुए एक पर्यटन परिपथ बनाये जाने के उद्देश्य से सामूहिक विचार-विमर्श किया गया। शीतकाल के मौसम में लाख-बहोसी पक्षी विहार में देश-विदेश से आने वाले पक्षियों के बारे में क्षेत्रीय वन अधिकारी, लाख-बहोसी एवं उसके स्टाफ द्वारा जानकारी दी गयी। लाख बहोसी में प्रत्येक वर्ष लगभग 30 से 35 हजार पक्षी प्रत्येक वर्ष आते है।
मंत्री द्वारा पक्षी विहार में आवश्यकताओं एवं उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की भी जानकारी प्राप्त की गयी एवं इस पक्षी विहार के प्रबंधन में नवीन विचारों अभिनव प्रयासों तथा समेकित रूप से प्रयास कर इसके प्रबंधन में उपयुक्त उत्कृष्ठता लाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को विभिन्न स्तर पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

## कन्नौजः धीरा ताल समेत तीन तालाबो के सौन्दर्यीकरण को मंजूरी

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। नगरीय क्षेत्र के तीन प्रमुख तालाब धीरा तालाब, वन विभाग के समीप स्थित तालाब तथा कलेक्ट्रेट कॉलोनी तालाब को अमृत सरोवर 2.0 योजनान्तर्गत चयनित किया गया है। इनका व्यापक सौन्दर्यीकरण एवं पुनजीर्वीकरण क्रमशः कलेक्ट्रेट कॉलोनी तालाब हेतु 293.97 लाख रुपये, धीरा तालाब हेतु 384.64 लाख रुपये तथा वन विभाग तालाब हेतु 297.97 लाख रुपये की स्वीकृत धनराशि से सौन्दर्यीकरण एवं पुनजीर्वीकरण का कार्य होगा। यह बात प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्री असीम अरुण ने सर्किट हाउस के सभागार में तालाबों के सौन्दर्यीकरण के संबंध में आयोजित बैठक के दौरान कही। उन्होनें कहा कि तालाबों का संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण केवल विकास परियोजना नहीं, बल्कि जल संरक्षण, पर्यावरणीय संतुलन और जनजागरूकता की साझा पहल है। कन्नौज में धीरा तालाब, वन विभाग कार्यालय के पीछे तालाब एवं कलेक्ट्रेट कार्यालय के समीप स्थित तालाब का पुनर्विकास कार्य पूर्ण होने पर जल संरक्षण, स्थानीय जैव विविधता और पर्यावरणीय संतुलन सुनिश्चित होगा। निश्चित रुप से यह पहल जनपद कन्नौज को हरित विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। असीम अरूण ने नगर क्षेत्र के प्रमुख तालाबों को अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत पुर्नजीवित कर उन्हें आकर्षण और पर्यावरण संरक्षण के आदर्श मॉडल के रूप में विकसित करने हेतु जोर देते हुए कहा कि तालाबों का विकास इतना आकर्षक और समग्र होना चाहिए कि लोग स्वयं उत्सुक होकर इन्हें देखने आएं। मंत्री ने निर्देशित किया कि विकास कार्य वेटलैण्ड मॉडल और सस्टेनेबल ब्यूटीफिकेशन की तर्ज पर हों, जिससे कन्नौज के ये तालाब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना सकें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय विरासत, स्वच्छता और सौन्दर्यीकरण समन्वय अनिवार्य है। उन्होंने योगाभ्यास हेतु उत्तम मंच के निर्माण तथा स्थानीय सांस्कृतिक विरासत को प्रमुखता देने पर विशेष बल दिया। शौचालय, पार्किंग आदि को भी ध्यान में रखा जाये। मंत्री जी ने कार्यदायी संस्थाओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये। नागरिकों की सहभागिता से यह कार्य अच्छे से सम्पन्न होना चाहिए। बैठक में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, प्रभागीय वानिकी अधिकारी हेमंत सेठ, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज के निदेशक डा0 मनोज शुक्ला, पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कन्नौज श्यामेन्द्र चौधरी सहित संबंधित विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## कन्नौजः जिले में धान खरीद के लिए नोडल अधिकारी नामित

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जिला खाद्य विपणन अधिकारी अनूप कुमार श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जनपद कन्नौज में समर्थन मूल्य पर धान खरीद की अवधि 01 नवम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। धान खरीद के लिए जनपद में कुल 27 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें खाद्य विभाग के 16, पी.सी.एफ. के 10 तथा भारतीय खाद्य निगम (FCI) का 01 केंद्र शामिल है। इनमें तहसीलवार क्रय केंद्र– कन्नौज में 05, तिर्वा में 06 तथा छिबरामऊ में 16 संचालित हैं। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार धान क्रय केंद्रों पर धान खरीद की पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुचारू बनाने हेतु निम्न अधिकारियों को नोडल/निरीक्षणकर्ता अधिकारी नामित किए गए हैं कन्नौज मंडी एवं कन्नौज मंडी द्वितीय जिला पूर्ति अधिकारी। बी-पैक्स गुगरापुर, बी-पैक्स अटारा तिर्वा, बी-पैक्स फत्तेहपुर सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता।
तिर्वा मंडी, तिर्वा मंडी द्वितीय, मंडी ठठिया - परियोजना निदेशक एफसीआई उमर्दा, बी-पैक्स अगौस, जसोदा (हसेरन) उप निदेशक कृषि। हरिभानपुर, हरिभानपुर द्वितीय, देवपुर सकरावा, देवपुर सकरावा द्वितीय जिला खाद्य विपणन अधिकारी। ग्यासपुर, ग्यासपुर द्वितीय, बी-पैक्स सकरावा, बी-पैक्स सौरिख, बी-पैक्स प्रेमपुर श्रम प्रवर्तन अधिकारी। छिबरामऊ मंडी, छिबरामऊ मंडी द्वितीय, बी-पैक्स छिबरामऊ (पूर्वी) जिला क्रीड़ा अधिकारी। गुरसहायगंज, गुरसहायगंज द्वितीय, बी-पैक्स तालग्राम, बी-पैक्स क्रय-विक्रय गुरसहायगंज जिला कृषि अधिकारी। ये सभी अधिकारी अपने-अपने क्रय केंद्रों का साप्ताहिक निरीक्षण कर रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रेषित करेंगे।

# अवैध रेत उत्खनन के दौरान दिल दहला देने वाला हादसा, 15 साल के नाबालिग की ट्रैक्टर पलटने से मौत

**समाज जागरण**



गौरेला-पेंड्रा-मरवाही ।गौरेला थाना क्षेत्र के धनगवां गांव के बरपारा में बीते बुधवार को अवैध रेत उत्खनन के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। बताया जाता है कि नदी में ट्रैक्टर को मोड़ते समय ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया और ट्रैक्टर की चपेट में आने से दब कर नाबालिक की मौके पर मौत हो गई। मामला जीपीएम जिले के गौरेला थाना क्षेत्र का है जहां 15 वर्षीय सुनील कुमार ट्रैक्टर चलाते हुए नदी की ओर रेत भरने गया था , रेत भरने गए ट्रैक्टर को पीछे मोड़ते समय अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसके नीचे दबने से 15 वर्षीय नाबालिग चालक सुनील धुर्वे पुत्र रामसिंह धुर्वे की मौके पर ही मौत हो गई।सूचना मिलते ही गौरेला पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. साथ ही अवैध रेत उत्खनन और इस हादसे की गहन जांच शुरू कर दी गई है.पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर नाबालिग चालक सुनील के खिलाफ ही लापरवाही से वाहन चलाने और तेज गति का मामला दर्ज कर लिया है।हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया. परिजन रो-रोकर बुरा हाल हैं.पूरा इलाका मातम में डूब गया है.अवैध रेत खनन के कारण आए दिन हो रही इस तरह की घटनाएं क्षेत्र में प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही हैं। सवाल यह भी उठना है कि जब कई वर्षों से जीपीएम जिले के अंतर्गत अनेक स्थानों में अवैध उत्खनन निरंतर हो रहा है किंतु खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा समुचित कार्यवाही नहीं की जा रही है और अवैध उत्खनन का सिलसिला पूरे जिले में बढ़ता ही जा रहा है। जिले के अंतर्गत अनेक नदी एवं नालों से अवैध उत्खनन खनिज माफिया द्वारा किया जा रहा है और वन भूमि से भी परिवहन एवं उत्खनन किया जा रहा है।

# वर्षों का सपना 'साकार': सपटा ग्राम के 'शिवालाय मंदिर' तक भव्य पहुँच मार्ग स्वीकृत

**समाज जागरण**
**विजय तिवारी ब्यौहारी।**

शहडोल जिले के ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मंडल पपौंध में आज भक्ति और विकास का उत्साह चरम पर है। क्षेत्र के लाखों श्रद्धालुओं की वर्षों पुरानी और सबसे बड़ी आस्था से जुड़ी मांग आखिरकार पूरी हो गई है। ग्राम सपटा पुरानी बस्ती के रंगमंच से पावन शिवालाय मंदिर तक के भव्य पहुँच मार्ग के निर्माण को विधिवत स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।
विधायक शरद कोल के अथक प्रयासों से स्वीकृत यह पुनीत मार्ग न केवल मंदिर तक आवागमन को सुगम बनाएगा, बल्कि देवालय तक पहुँचने वाले हर भक्त की यात्रा को सहज, मंगलमय और आनंददायी बना देगा। पर्यटन को मिलेगा 'बढ़ावा', खुलेगा विकास का द्वार
इस मार्ग की स्वीकृति से पपौंध क्षेत्र के पर्यटन मानचित्र पर एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ेगा। यह क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य और समृद्ध विरासत से परिपूर्ण है, जो धार्मिक एवं वन्यजीव पर्यटन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।इस स्थान की महत्ता इसलिए भी अधिक है क्योंकि इसके निकट ही:

बाणसागर बाँध (डैम) का विशाल जल-भंडार और पवित्र सोन नदी का प्रवाह है।मध्य प्रदेश पर्यटन का प्रसिद्ध सरशी आइलैंड स्थित है।विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान भी ठीक नजदीक है, जो वन्यजीव प्रेमियों का आकर्षण केंद्र है। * मैहर माता जी का धाम और अमरकंटक (नर्मदा नदी का उद्गम स्थल) जैसे प्रमुख धार्मिक स्थल सुविधाजनक दूरी पर हैं। पहुँच मार्ग बनने से यहाँ पर्यटकों और श्रद्धालुओं की आवाजाही में भारी वृद्धि होगी, जिससे स्थानीय रोजगार सृजन होगा और क्षेत्र की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। यह मार्ग धार्मिक आस्था के साथ-साथ प्राकृतिक,वन्यजीव और ऐति हासिक-धार्मिक पर्यटन के लिए भी द्वार खोलेगा। विधायक शरद कोल जी का 'ऐतिहासिक' प्रयास इस जनहितैषी कार्य का संपूर्ण श्रेय ब्यौहारी के विधायक, शरद कोल जाता है। उन्होंने क्षेत्रीय जनता की आस्था, श्रद्धा और विकास की भावना को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा। वरिष्ठ भाजपा नेता विमलेश मिश्रा जी (बिम्मू भैया ) द्वारा इस धार्मिक एवं पर्यटन आवश्यकता को सामने रखने पर, विधायक ने इसे सेवा के रूप में स्वीकार किया। उनके अथक, समर्पित और निरंतर प्रयासों की शुभ परिणति ही है कि यह सपना आज साकार हो सका है। क्षेत्रवासियों ने विधायक के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा, "आपने केवल एक सड़क की स्वीकृति नहीं दी है, बल्कि आपने हमारी अखंड आस्था को प्रणाम किया है,

और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए मार्ग प्रशस्त किया है। पपौंध क्षेत्र की जनता आपके इस 'जन-कल्याणकारी' और धर्म-सम्मान कार्य के लिए सदैव ऋणी रहेगी।विधायक का यह कार्य पपौंध क्षेत्र के विकास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ेगा और उनकी जनसेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# ट्राइबल के सेवानिवृत्त कर्मचारी की भ्रष्टाचार से अर्जित संपत्ति पुनः सुर्खियों में?

## लोकायुक्त से कार्यवाही का इंतजार?

**समाज जागरण**



शासकीय सेवा लोकसेवा मानी जाती है। जहां जनकल्याण एवं आमजन के हितार्थ कार्य किया जाता है किंतु उमरिया जिले मे मोहम्मद अजीज सिद्दीकी जैसे कर्मचारी भी है जिन्होंने शासकीय सेवा को अपनी और अपने परिजनों के कल्याण का साधन बना लिया है। ताजा मामला प्रशासन के संज्ञान में लाया गया है जहां ट्राइबल के सेवानिवृत्त कर्मचारी पर शासकीय सेवा के दौरान करोड़ों रुपयों के दम पर बेनामी संपत्ति का अवैध साम्राज्य खड़ा करने का आरोप है? विश्वस्त सूत्रों के हवाले से खबर है कि उक्त कर्मचारी ने उमरिया एवं सीमांत जिलों में ट्राइबल विभाग में अपनी शासकीय सेवा के दौरान करोड़ों रुपयों की अवैध संपत्ति जिसमें ज्वालामुखी कालोनी, कैम्प तथा मस्जिद के पास स्थित 03 दोमंजिला मकान, पत्नी किश्वर जहाँ के नाम राष्ट्रीय राजमार्ग 43 भरौला की 07 एकड़ भूमि, एनएच 43 भरौला में निर्मित व्यावसायिक दुकाने एवं भूखंड, पुराना बसस्टैंड में दुकान, हवाईपट्टी के पास स्थित व्यावसायिक भूखंड, ग्राम महरोई में स्थित प्लाट एवं अन्य संपत्तियां शामिल है? इसके अतिरिक्त 07 एकड़ भूमि शासन को गुमराह करने के उद्देश्य से पत्नी किश्वर जहाँ के नाम से खरीदी गयी है। उक्त भूमि का कुछ हिस्सा स्थानीय लोगों के माध्यम से बेचकर करोड़ों रुपयों का मुनाफा कमाया गया है। जिससे खरीद-फरोख्त में पत्नी का नाम न आने पाए एवं लाखों रुपयों के आयकर को भी शासन की नजर में धूल झोंककर बचा लिया जाय। दूसरे लोगों को इस सौदे में शामिल करके बड़ी चालाकी से जाँच से बच निकलने का प्रयास अजीज सिद्दीकी द्वारा किया गया? हाईवे की जमीन से लगी शासकीय भूमि भी बेची अजीज सिद्दीकी पर आरोप है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में स्थित उनकी पत्नी किश्वर जहाँ के नाम से दर्ज 07 एकड़ आराजी से लगी मूल्यवान शासकीय भूमि भी उनके द्वारा विक्रय कर दी गयी है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राजमार्ग से लगी हुई उक्त शासकीय भूमि अजीज सिद्दीकी की जमीन के सामने स्थित थी। जिसे अपनी जमीन की कीमत बढ़ाने के उद्देश्य से बड़ी चालाकी से उनके द्वारा रास्ते के रूप में प्रयोग करने के उद्देश्य से विक्रय कर दी गयी है। जबकिं शासकीय जमीन का सीमांकन इत्यादि नही हुआ था।
पुराने बसस्टैंड में खरीदी कीमती दुकान विश्वस्त सूत्रों ने सूचना दी है कि अजीज सिद्दीकी ने हाल में पुराने बसस्टैंड स्टेशन रोड में स्थित एक व्यावसायिक परिसर ऊंचे दामों में खरीदा है। इस प्रकार उक्त सेवानिवृत्त कर्मचारी द्वारा भ्रष्टाचार से कमाई गयी दौलत को अन्य सौदों में खपाने का प्रयास किया जा रहा है। लोकायुक्त भोपाल।को की गई शिकायत में उक्त कर्मचारी के भ्रष्टाचार की जांच एवं जल्द कार्यवाही के लिए लिखा गया है। जिस पर जल्द कार्यवाही किये जाने का आश्वासन प्राप्त हुआ है।

# जिला प्रशासन की बड़ी कार्यवाही:3441 बोरी अवैध भंडारित धान जब्त

## अवैध धान भंडारण पर पहाड़ी के दो गोदाम सील,वाहन जब्त

## कलेक्टर के सख्त रूख से व्यापारियों में मचा हड़कंप

**समाज जागरण**

कटनी जिला प्रशासन की सख्ती की वजह से जिले में समर्थन मूल्य पर अवैध रूप से धान की बिक्री करने की मंशा रखने वाले धान के अवैध भंडारण और परिवहन में लिप्त लोगों पर हो रही ताबड़तोड कार्यवाहियों की वजह से उनके कुत्सित मंसूबों पर पानी फिर गया है। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी द्वारा धान के अवैध भंडारण में लिप्त दलालों व व्यापारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के दिये निर्देश के बाद जांच दल द्वारा औचक निरीक्षण और छापेमारी की कार्यवाही सतत रूप से जारी है। कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश के परिपालन में मंगलवार को राजस्व, खाद्य एवं कृषि उपज मंडी के संयुक्त जांच दल ने कटनी तहसील के ग्राम पंचायत पहाड़ी में आकस्मिक रूप से दबिश देकर कुल 3 हजार 441 बोरी अवैध भंडारित धान जब्त किया। जिसमें 3 हजार 221 बोरी धान राहुल जैन और 200 बोरी जब्त अवैध धान विकास जैन की शामिल है। कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश पर गठित संयुक्त जांच दल द्वारा समर्थन मूल्य पर बीते सोमवार से शुरू हुई धान खरीदी के पहले से ही धान के अवैध भंडारण के विरूद्ध मुहिम चलाकर जांच और छापेमारी करने का कार्य किया जा रहा है।

### दो गोदाम सीलबंद

अवैध भंडारित धान के संबंध में जांच दल को राहुल जैन द्वारा कोई भी वैध दस्तावेज व अभिलेख उपलब्ध नहीं कराने पर पुरानी जैन धर्मशाला पहाड़ी में रखी 2055 बोरी और फर्नीचर गोदाम में भंडारित 790 बोरी भंडारित अवैध धान के गोदाम को जांच दल ने सीलबंद कर दिया है। इसके अलावा संतोष पटेल के आवास में अवैध रूप से भंडारित 186 बोरी धान की अभिरक्षा हेतु राहुल जैन की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया है।

### धान सहित वाहन जब्त

इसी प्रकार वाहन क्रमांक एमपी 21 जी 0662 से अवैध रूप से परिवहन करने हेतु वाहन में लोड 200 बोरी धान वाहन सहित जब्त कर पुलिस चौकी निवार की अभिरक्षा में दिया गया है। इसके वाहन चालक और वाहन मालिक द्वारा धान के स्त्रोत एवं परिवहन अनुमति संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। वहीं फर्नीचर गोदाम में 790 बोरी धान अवैध रूप से संचित पाई गई। गोदाम संचालक द्वारा भंडारण अनुमति या खरीद संबंधी कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए। गोदाम को सील कर बंद किया गया तथा आगे की जांच के लिए धान को सुरक्षित रूप से चिन्हित किया गया। जबकि संतोष पटेल के आवास में 186 बोरी धान संचित पाई गई। जांच दल को पूछताछ में धान पर राहुल जैन का दावा पाया गया। जिन्हें बिना दस्तावेज प्रस्तुत किए मौखिक रूप से धान का स्वामित्व बताया। उचित अभिरक्षा सुनिश्चित करने हेतु धान को राहुल जैन की सुपुर्दगी में दिया गया, साथ ही उनके खिलाफ जांच जारी रखने का निर्णय लिया गया।
पुछताछ में राहुल जैन द्वारा बताया गया कि धान उन्हीं के द्वारा भंडारित की गई थी। किंतु वह किसी प्रकार का बिल, खरीद विवरण, परिवहन अनुमति या भंडारण लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके अलावा विकास जैन से 210 बोरी धान जप्त की गई। ये भी बिना किसी वैध दस्तावेज के पाई गईं, इसलिए इन्हें भी प्रकरण में सम्मिलित करते हुए आगे की विवेचना में लिया गया।
दस्तावेजों के अभाव अनियमित भंडारण, संदेहास्पद गतिविधियों को देखते हुये संयुक्त जांच टीम ने मंडी अधिनियम 1972 के अंतर्गत जप्त कर अग्रिम विवेचना हेतु दर्ज किया। सभी जब्त धान को नियमानुसार पंचनामा तैयार कर अभिलेखों में दर्ज करने की कार्यवाही की गई है।

### ये रहे कार्यवाही में शामिल

अवैध भंडारण के विरूद्ध यह कार्यवाही एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में गठित जांच दल ने किया। जिसमें तहसीलदार अतुलेश सिंह, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी यज्ञदत्त त्रिपाठी, मंडी निरीक्षक सी एस मरावी, सहायक उपनिरीक्षक सुधीर त्रिपाठी, प्रशांत मौर्य और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी विकास पटेल शामिल रहे।

# टोरेंट पावर की 'मेगा डील' से किसानों पर संकट! उपजाऊ जमीन गई, अब रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे स्थानीय युवा

**समाज जागरण**
**[अनूपपुर/विशेष संवाददाता]**



गुजरात की दिग्गज ऊर्जा कंपनी 'टोरेंट पावर' द्वारा अनूपपुर जिले में 'न्यू जोन इंडिया' के अधिग्रहण की खबर कॉपोरेट जगत के लिए भले ही बड़ी उपलब्धि हो, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है करीब ₹211 करोड़ के इस सौदे के बाद रक्सा और कोलमी गांवों के निवासियों के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है

### क्या है पूरा मामला?

टोरेंट पावर ने अनूपपुर में न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का अधिग्रहण पूरा कर लिया है कंपनी की योजना यहाँ की 922 एकड़ जमीन पर कोयला आधारित थर्मल पावर प्लांट लगाने की है लेकिन इस 'विकास' की कीमत यहाँ के स्थानीय किसान और नौजवान चुका रहे हैं। लाखों टन धान उगलने वाली जमीन अब बंजर स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस 922 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया है, वह बेहद उपजाऊ थी यहाँ पहले लाखों टन धान का उत्पादन होता था, जिससे सैकड़ों परिवार अपना भरण-पोषण करते थे अब खेती बंद होने से न केवल उनकी आय खत्म हो गई है, बल्कि खाद्य सुरक्षा पर भी प्रश्नचिन्ह लग गया है

### "योग्यता है, पर काम नहीं"

सबसे बड़ा आक्रोश स्थानीय युवाओं में रोजगार को लेकर है ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी ने जमीन लेते समय बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन अब स्थानीय लोगों की अनदेखी की जा रही है। पढ़े-लिखे और तकनीकी रूप से योग्य (Qualified) युवाओं को भी काम नहीं दिया जा रहा है कंपनी बाहरी लोगों को प्राथमिकता दे रही है, जबकि जिन किसानों ने अपनी जमीन दी, उनके बच्चे बेरोजगार बैठे हैं

### प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग

रक्सा और कोलमी के निवासियों ने जिला प्रशासन और सरकार से मांग की है कि कंपनी की मनमानी पर रोक लगाई जाए उनकी मांग है कि स्थानीय लोगों को उनकी योग्यता के अनुसार पावर प्लांट में नौकरी दी जाए

# आबकारी विभाग ने की अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही

**समाज जागरण**

शहडोल। कलेक्टर डॉ केदार सिंह के आदेशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी सावित्री भगत के निर्देशन में आबकारी वृत्त बुढ़ार के अंतर्गत आबकारी उपनिरीक्षक रजनीश त्रिपाठी के नेतृत्व में अवैध मदिरा के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध मदिरा अधिपत्य के कुल 11 प्रकरण कायम किये गये उक्त प्रकरणों में आरोपियों में बंशी लाल केवट5 लीटर हाथ भट्ठी मदिरा,राव केवट5 लीटर हाथ भट्ठी मदिरा,पंचम जायसवाल 2 लीटर हाथ भट्ठी मदिरा,सुनील जायसवाल3 लीटर हाथ भट्ठी मदिरा,कृष्णा प्राजापति 5 लीटर हाथ मट्ठी मदिरागलीराम जायसवाल5 लीटर हाथ मट्ठी मंदिरा,सरोज केवट 5 लीटर हाथ भट्ठी मदिरा,बिल्लू बाई जायसवाल3 लीटर हाथ भट्ठी मदिरा,कृष्णा कोल6 लीटर हाथ भट्ठी मदिरा ,कौशल्या चौधरी 3 लीटर हाथ मट्ठी मदिरागुड़िया कोल6 लीटर हाथ भट्ठी मदिरा, जप्त की गई।जप्ती की कुल मात्रा 48 लीटर हाथ भट्ठी मदिरा जिसका मूल्य 7200 सौ रुपए है।

# वन स्टॉप सेंटर सखी जागरूकता अभियान कार्यक्रम संपन्न

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। विवेकानन्द पैरामेडिकल कॉलेज में महिला बाल विकास विभाग जिला शहडोल के द्वारा वन स्टॉप सेंटर सखी जागरूकता अभियान का कार्यक्रम रखा गया ।इस कार्यक्रम में श्रीमती संजीता भगत महिला बाल




विकास विभाग सहायक संचालक भानुप्रिया केस वर्कर वन स्टॉप सेंटर सुमित्रा बेगा आउटरीच वर्कर महिला बाल विकास विभाग शहडोल से उपस्थित रहे ।इस कार्यक्रम के माध्यम से एक ही छत के नीचे हिंसा से पीड़ित महिला एवम बालिकाओं को सामान्य रूप से सहायता और सहयोग कैसे प्रदान किया जाये असुरक्षित स्पर्श को कैसे पहचाने और इसका कैसे विरोध करें के बारे में जानकारी दी गई वन स्टॉप सेंटर हेल्पलाइन नंबर 181 के बारे में जानकारी दी गई इस कार्यक्रम में कॉलेज के डायरेक्टर डॉ हरीश गुप्ता डॉ नम्रता पटेल सीनियर स्टाफ राजकिशोर दुबे, मनीष गुप्ता, उमेश सोंधिया सरिता जायसवाल, प्रीति विश्वकर्मा, शिवानी सिंह राजपूत, अंगद कुशवाहा ,आरती राठौर ,सुधा राठोर, हर्षिता मिश्रा, प्रियंका तिवारी सभी उपस्थित रहे।

# अमानत में खयानत कर निकाले ढाई करोड़

## कन्या शिक्षा परिसर में रख रखाव के बिना आहरित हुई राशि

**समाज जागरण**




उमरिया --- निर्माण काल से ही भष्टाचार के दलदल में फंसी कन्या शिक्षा परिसर गोरईया में एक नया घोटाले की जानकारी प्रकाश में आयी है। बताया जाता है कि इस बार अमानत में खयानत कर समय से पहले ढाई करोड़ के लगभग शासकीय राशि के आहरण का बताया जाता है। विदित होवे की कन्या शिक्षा परिसर गोरईया में आवासीय परिसर, विद्यालय और छात्राओं के छात्रावास के निर्माण कराने के लिए निविदा आंमत्रित किया गया था और विद्यालय भवन के कार्य में मानक गुणवत्ता के विरुद्ध कार्य कर निर्माण कार्य को पूरा किया गया था, भवन निर्माण में गुणवत्ता हीन की उच्च स्तरीय शिकायत होने पर मामले में जांच होने पर विभागीय अधिकारियों की संलिप्तता पाये जाने पर उस समय के कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने पी आई यू के तत्कालीन एस डी ओ और एक उपयंत्री को निलंबित किया गया था, लेकिन संबंधित ठेकेदार पर वांछित कार्य वाही नहीं की गयी, जिससे ठेकेदार के मंसूबे बेलगाम होते चले गए और उन्होंने एक बार फिर से कतिपय अधिकारियों के सामने दाना डालकर अपने मकड़जाल में फंसाते हुए समय पूर्व विभाग में जमा अनेष्ट मनी जो लगभग ढाई करोड़ को निकालने में महारथ हासिल कर लिया है। अमानत की समय पूर्व आहरित राशि मामले में कन्या शिक्षा परिसर से लेकर पी आई यू के वरिष्ठ अधिकारियों तक संदेह के दायरे में आ गयें है। जानकार सूत्रों का मानना है कि इस निर्माण कार्य की निविदा में पांच साल के रख रखाव भी शामिल था जिसकी अवधि पूरी हुए बिना इस राशि का आहरण किया जाना नियम विरूद्ध है और इस राशि का आहरण किये जाने से भ्रष्टाचार की भारी बूं आ रही है। बताया जाता है कि कन्या शिक्षा परिसर गोरईया की इसी निविदा में शामिल चाहर दीवारी के लिए बांऊण्डी बाल जो इसे निर्माण एजेंसी के व्दारा निर्मित की गयी थी, वह पूरी ध्वस्त हो गयी है, जिसके लिए कन्या शिक्षा परिसर के व्दारा जन जातीय कार्य विभाग को पत्राचार कर बांऊण्डी बाल कार्य कराने का उल्लेख किया गया था जिस पर कलेक्टर उमरिया ने मामले की गंभीरता से लेते हुए सबंधित विभाग को पत्र जारी कर पांच दिनों में जबाब चाहा था, लेकिन लोक निर्माण पी आई यू के आला अधिकारी ने पांच माह बाद भी कलेक्टर उमरिया को जबाब देना उचित नहीं समझा और न ही इस ओर कोई कार्यवाही करना उचित समझा,ऊपर से शासन के पक्ष में जमा राशि का नियम विरूद्ध आहरण कर न अपने कदाचरण का परिचय दिया, अपितु कलेक्टर उमरिया को भी खुली चुनौती दे दिया है। उमरिया जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की इस कार्य शैली से कलेक्टर जैसे संवेदनशील अधिकारी की छबि को भी पलीता लग रहा है। शासकीय राशि के नियम विरूद्ध आहरण मामले में मिली चुनौती पर अब कलेक्टर की कार्यवाही पर लोगों की निगाहें गडी हुई है कि अब क्या कार्यवाही की जायेगी।

# रक्तदान शिविर में जुटी मानवता की मिसाल, 20 यूनिट रक्त एकत्रित

**समाज जागरण अनूपपुर,**

जिला चिकित्सालय और एचडीएफसी बैंक अनूपपुर द्वारा संकल्प पैरामेडिकल कॉलेज में आयोजित रक्तदान शिविर में 20 यूनिट रक्त का सफल संग्रह किया गया। शिविर में पहुंचे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका तिवारी ने रक्तदान के महत्व पर विस्तार से बताते हुए कहा कि रक्तदान वास्तव में जीवनदान है और पीड़ित मानवता की सच्ची सेवा है। शिविर के संचालन में जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक प्रभारी एमडी पैथोलॉजी डॉ. नीलेश द्विवेदी, नर्सिंग ऑफिसर प्रियंका नागपुरे, लैब टेक्नीशियन पिंकी चौधरी, भाई लाल पटेल, रामलाल राठौर सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों का सराहनीय सहयोग



रहा। रक्तदान शिविर में युवाओं और स्टाफ की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जिससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।

# दराहार पनपथा बफर की बीट खितौली बफर में रेत का परिवहन करते ट्रेक्टर जब्त।

**समाज जागरण**

उमरिया । बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया अन्तर्गत क्षेत्र संचालक एवं उप संचालक, बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया द्वारा दिये गये निदेर्शानुसार उप वनमण्डल अधिकारी पनपथा द्वारा वन परिक्षेत्र पनपथा बफर की बीट खितौली बफर के कक्ष क्रमांक आरएफ-500 स्थान दराहार में आरोपी वकील भुमिया वल्द संतराम भुमिया साकिन बम्हौरी तहसील बरही जिला कटनी (म.प्र.) द्वारा ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 54 एए-0415 से अबैध रेत परिवहन करते हुये मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर रेत से भरी ट्राली को जप्त कर आरोपी को हिरासत में लिया गया ।जब्त ट्रैक्टर रेत से भरी ट्राली को बीटगार्ड खितौली की सुपुर्दगी में रखा गया। कार्यवाही के दौरान वन परिक्षेत्र पनपथा बफर का स्टाफ उपस्थित रहा। नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है ।इस प्रकार की कार्यवाही सतत रूप से जारी रहेगी।

# भदार नदी में अवैध रेत उत्खनन और जिले भर में अवैध शराब बिक्री पर रोक की मांग

## कांग्रेस कमेटी उमरिया ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**

उमरिया। भदार नदी व आसपास की अन्य नदियों में तेजी से बढ़ रहे अवैध रेत उत्खनन, पूरे जिले भर के गांवों में फैलती अवैध शराब बिक्री (पैकारी) तथा सलैया-मोड़गुड़ी-पड़वार के बीच पुल निर्माण से संबंधित समस्याओं को लेकर आज कांग्रेस कमेटी उमरिया का प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर से मिला।
प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी उमरिया के अध्यक्ष इंजी विजय कोल ने किया। उन्होंने कलेक्टर को सौंपे गए लिखित ज्ञापन में कहा कि भदार नदी एवं क्षेत्र की अन्य नदियों से हो रहा अवैध रेत उत्खनन न केवल पर्यावरण और नदी संरचना के लिए हानिकारक है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों की सड़क सुरक्षा और जल संरक्षण पर भी गंभीर प्रभाव डाल रहा है। भदार नदी के अंदर कई किलो मीटर तक पत्थर बोल्डर से सड़क बनाकर भारी वाहनों के माध्यम से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन हो रहा है जो सीधे तौर पर कानूनों की धज्जियां उड़ाई जा रही है इसके अतिरिक्त, उसी क्षेत्र में, जो कि पर्यावरण संवेदनशील बफर जोन के अंतर्गत आता है, वहाँ से अवैध रूप से भारी वाहनों द्वारा रेत का परिवहन एवं खनन किया जा रहा है। इन गतिविधियों से– नदी की प्राकृतिक धारा बाधित हो रही है,बफर जोन के पर्यावरणीय संतुलन को क्षति पहुँच रही है, वन्यजीव संरक्षण क्षेत्र प्रभावित हो रहा है, भू-क्षरण, प्रदूषण और जैव-विविधता को गंभीर हानि हो रही है। यह सब कार्य पूर्णतः गैरकानूनी और दंडनीय हैं। अतः निम्न कानूनी धाराएँ स्पष्ट रूप से लागू होती हैं– पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 की धारा 7 पर्यावरण को हानि पहुँचाने वाली प्रतिबंधित गतिविधि, धारा 8 बिना अनुमति पर्यावरण प्रभावित करने वाली गतिविधि, धारा 15 उल्लंघन पर 5 वर्ष तक का कारावास या जुमार्ना। जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 धारा 24 - जल स्त्रोत को प्रदूषित/प्रभावित करना, धारा 43-44 - अवैध भराव, निर्माण और जलमार्ग बाधित करना। भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत धारा 270 सार्वजनिक उपद्रव, धारा 279 जल स्त्रोत को प्रदूषित करना, असंज्ञेय अपराध तथा धारा 326(अ) नदी/जलमार्ग को नुकसान पहुँचाना (संज्ञेय अपराध), जिसके तहत 5 वर्ष की सजा का प्रावधान है तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधि नियम, 1957 (MMDR Act) ke तहत धारा 4(1) - बिना अनुमति खनन/रेत परिवहन अवैध, धारा 21 अवैध रेत परिवहन पर वाहन जब्ती + दंड। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 (यदि बफर जोन वन क्षेत्र से संबंधित है) के तहत धारा 29/30/33 वनों/बफर जोन में पर्यावरण को क्षति पहुँचाना दंडनीय। ज्ञापन में पूरे उमरिया जिले में गांव गांव अवैध शराब बिक्री पर भी तत्काल रोक लगाने की मांग की गई। प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर को अवगत कराया कि गांव-गांव में फैली अवैध पैकारी से युवा वर्ग प्रभावित हो रहा है और कानून-व्यवस्था की स्थिति पर नकारात्मक असर पड़ रहा है।मानपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सलैया-मोड़गुड़ी-पड़वार मार्ग के बीच नए पुल निर्माण की मांग की गई। जिससे संबंधित ग्राम पंचायतों के स्कूली छात्र छात्राओं को पड़वार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आने जाने में सुगमता हो जाएगी।
इंजी विजय कोल ने कहा कि यदि प्रशासन समय रहते कदम नहीं उठाता है, तो क्षेत्र की जनता आंदोलन के लिए बाध्य होगी। उन्होंने कलेक्टर से मांग की कि अवैध उत्खनन व शराब बिक्री पर तत्काल प्रतिबंध लगाकर जिम्मेदार व्यक्तियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए तथा मानपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सलैया-मोड़गुड़ी-पड़वार मार्ग के बीच नए पुल निर्माण की मांग को पूरी की जाए। कलेक्टर ने ज्ञापन प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल में जिला संगठन महासचिव पुष्पराज सिंह, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिथलेश राय, उमरिया कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष शिशुपाल यादव, वीरेंद्र सिंह सेंगर, नीरज सिंह सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मण्डी परिषद में दलहन-तिलहन क्रय केन्द्र हुआ संचालित, 29 जनवरी तक होगी खरीद

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता देवेन्द्र बर्मन ने बताया है क शासन द्वारा मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत दलहन-तिलहन (मूंग, मूगफली, उरद, तिल) की खरीद के लिए 29 जनवरी 2026 तक का समय निर्धारित किया गया है। उन्होने बताया है कि जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त जनपद में सहकारिता विभाग के अन्तर्गत पी०सी०यू० द्वारा मण्डी परिषद प्रतापगढ़ में दलहन-तिलहन का एक क्रय केन्द्र संचालित किया गया है। इस क्रय केन्द्र पर किसान मूंग 8768 रुपए प्रति कुन्तल, मूंगफली 7263 रुपए प्रति कुन्तल, उरद 7800 रुपए प्रति कुन्तल और तिल 9846 रुपए प्रति कुन्तल की दर से बेंच सकते हैं। किसान अपना पंजीकरण प्रमाण पत्र के साथ निर्धारित एमएसपी पर फसल बेंच सकेगें। किसान बन्धु दलहन-तिलहन खरीद से सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए आजाद सिंह (जिला प्रबन्धक पी०सी०यू० मोबाइल नम्बर 7518892190) से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

# विष्णु सरोज का चयन उत्तर प्रदेश की विजय मर्चेंट ट्रॉफी के लिए हुआ

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। चिलबिला निवासी भगत राज व पुष्पा देवी के सुपुत्र विष्णु सरोज का चयन उत्तर प्रदेश की क्रिकेट टीम विजय मर्चेंट ट्रॉफी अंडर 16 के लिए हुआ है जो कि कर्नाटक के शिमोगा में दिनांक 6 दिसंबर से खेली जाएगी उल्लेखनीय है कि विष्णु सरोज प्रतापगढ़ स्पोर्ट्स स्टेडियम के प्रशिक्षु रहे तथा वर्तमान में ग्रीन पार्क कानपुर स्थित खेल छात्रावास के प्रशिक्षु है, ज्ञात हो इसके पहले अभी ग्रीन पार्क में साउथ अफ्रीका की टीम मैच खेलने आई थी तो विष्णु सरोज ने अपनी गेंदबाजी से सभी को अपनी ओर आकर्षित किया था और इसके पहले 2023 में भी सचिन तेंदुलकर ने विष्णु सरोज को अपना आशीर्वाद दिया था और सराहना की थी, उनके इस चयन पर क्रीड़ाधिकारी पूनम लता राज, उप क्रीड़ाधिकारी रंजीत यादव, विष्णु सरोज के प्रशिक्षक पूर्व रणजी ट्रॉफी और देवधर ट्रॉफी खिलाड़ी आदित्य शुक्ला, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला, जिला क्रिकेट संघ के आयोजन सचिव दुर्गेश तिवारी, जिला क्रिकेट संघ के सचिव मोहम्मद शफीक, वरिष्ठ खिलाड़ी विनीत मिश्रा, ऋतिक श्रीवास्तव, मनीष मिश्रा, विक्रम प्रताप सिंह, अनुज श्रीवास्तव सहित जनपद के सभी क्रिकेट खिलाड़ियों और शुभचिंतकों ने खुशी व्यक्त करते हुए इसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# डुमरडिहा में भीषण सड़क हादसा: चार लोग गंभीर रूप से घायल, एक जिला अस्पताल रेफर

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ सोनभद्र**




सोनभद्र/ दुद्धी। दुद्धी तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत डुमरडिहा में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक ही गांव के चार व्यक्ति घायल हो गए। सभी घायल पींडारी, बीजपुर के निवासी बताए जा रहे हैं जो कचहरी के कार्य से दुद्धी आ रहे थे। हादसा इतना जोरदार था कि मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना के तुरंत बाद वरिष्ठ अधिवक्ता सत्य नारायण यादव ने बिना देर किए अपने निजी साधन से सभी घायलों को दुद्धी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया। स्वास्थ्य केंद्र पर पहले से ही मौजूद रहे अजय यादव, समाजवादी पार्टी छात्रसभा विधान सभा अध्यक्ष, अवधनारायण यादव दुद्धी विधानसभा अध्यक्ष, अविनाथ यादव अधिवक्ता ने घायलों को तुरंत उपचार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। घायलों को स्ट्रेचर से लेकर दवा उपलब्ध कराने तक सभी नेताओं ने सक्रिय सहयोग दिया।

स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉक्टर शाह आलम ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टरों ने बताया कि तीन लोगों की हालत सामान्य है, जबकि एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रॉबर्ट्सगंज रेफर किया गया है। घायलों मे बिरजु पुत्र शिवधर, उम्र 42 वर्ष, राजेन्द्र पुत्र सुखई, उम्र 62 वर्ष, रामबाबु पुत्र रामनरेश, उम्र 28 वर्ष, रामनरेश पुत्र राम कुमार, उम्र 60 वर्ष, सभी घायल बीजपुर के पींडारी गांव के निवासी हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन अनियंत्रित होने से यह हादसा हुआ। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। स्थानीय ग्रामीण और सामाजिक संगठनों ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# खतरे में न्याय! गवाहों को पिता की तरह मार डालने की खुली धमकी सोनभद्र में युवक पर जानलेवा हमला

### न्यायिक प्रक्रिया में बाधा का प्रयास!

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ सोनभद्र**




सोनभद्र/ रेणुकूट। सोनभद्र जिले में न्याय और सुरक्षा व्यवस्था को सीधे चुनौती देने वाली एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जिसने न्यायिक प्रक्रिया पर सवाल खड़े कर दिए हैं। रेणुकूट में, मुख्य गवाहों के सामने ही अभय प्रताप सिंह, पुत्र स्वर्गीय शिव प्रताप सिंह (बबलू सिंह) पर जानलेवा हमला किया गया, जिसके बाद आरोपियों ने उन्हें पिता की तरह हत्या करने की खुली धमकी दी।

इस पूरे प्रकरण में सबसे दर्दनाक पहलू यह है कि पीड़ित की विधवा माँ अपने परिवार और बच्चों की सुरक्षा के लिए दर-दर की ठोकर खाने को मजबूर है। उनका आरोप है कि योगीराज में प्रशासन पीड़ित की सुनवाई नहीं कर रही है। दिनांक 04 दिसंबर 2025 की रात को, चुर्क स्थित विकास बैंक्वेट के बाहर यह पूर्व नियोजित आपराधिक षड्यंत्र रचा गया। पीड़ित अभय प्रताप सिंह अपने मुकदमे के चार मुख्य गवाहों– गणेश तिवारी, किशन सिंह, दिलीप बागले, और सत्या सिंह–के साथ एक विवाह समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। गाड़ी से उतरते ही, अनिल सिंह पुत्र स्वर्गीय सत्यनारायण सिंह, रेणुकूट, उनके भाई बृजेश सिंह, और सहयोगियों शानू सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, अखिल यादव, सहित लगभग पांच अन्य लोगों ने उन्हें घेर लिया। हमलावरों ने तुरंत ही गवाहों को डराते हुए अभय प्रताप सिंह को लक्षित किया और चिल्लाकर धमकी दी जैसे तुम्हारे पिता की हत्या की गई थी, वैसे ही तुम्हारी भी हत्या कर देंगे, साले मुकदमे की पैरवी बंद कर दो। यह धमकी न केवल हत्या की खुली चुनौती है, बल्कि यह स्पष्ट रूप से दशार्ती है कि हमलावर गवाहों को डराकर और पीड़ित को खत्म करके न्यायिक प्रक्रिया को पूरी तरह से बाधित करने का प्रयास कर रहे हैं। धमकी के तत्काल बाद हिंसा हुई। अनिल सिंह के उकसाने पर, बृजेश सिंह ने अभय प्रताप सिंह के चेहरे पर कड़े से जोरदार प्रहार किया। शानू सिंह, अखिल यादव और रुद्र प्रताप सिंह ने पीड़ित के हाथ पकड़े रखे। प्रहार इतना घातक था कि अभय प्रताप सिंह मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़े, और उनके चेहरे से अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद तुरंत फरार हो गए। पीड़ित अभय प्रताप सिंह ने रॉबर्ट्सगंज कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई है और अपनी जान को वास्तविक खतरा बताया है, क्योंकि यह हमला पूर्व की एक गंभीर घटना (पिता की हत्या) से जुड़ा है।

लेकिन सबसे गंभीर मोड़ तब आया जब पीड़ित की माँ, एक प्रताड़ित विधवा, न्याय की गुहार लगाते हुए सामने आईं। उन्होंने कहा मैंने पूर्व में भी अपनी जान को खतरे की लिखित सूचना प्रशासन को दी थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। यह हमला साबित करता है कि अपराधी बेखौफ हैं। मेरे परिवार और मेरे बच्चों की सुरक्षा खतरे में है, और हमें दर-दर चौखट काटनी पड़ रही है। हम योगीराज में हैं, फिर भी प्रशासन पीड़ित की सुनवाई क्यों नहीं कर रहा है ? अभय प्रताप सिंह ने प्रशासन से कठोर अपेक्षा व्यक्त की है कि आरोपियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता (IPC) की गंभीर धाराओं के अंतर्गत तत्काल, प्रभावी और कठोर कार्रवाई की जाए। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए, क्षेत्र के नागरिकों और न्यायविदों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस घटना को केवल मारपीट के रूप में न देखा जाए, बल्कि इसे गवाहों को धमकाने और न्यायिक प्रक्रिया को बाधित करने के एक संगठित आपराधिक षड्यंत्र के तौर पर तुरंत दर्ज किया जाए। अभय प्रताप सिंह ने प्रशासन से गवाहों की तत्काल सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि न्यायपालिका पर लोगों का विश्वास बना रहे। त्वरित कार्रवाई और गवाहों की सुरक्षा इस समय सबसे बड़ी प्राथमिकता है। पुलिस प्रशासन का आधिकारिक बयान और उनकी कार्रवाई की गति अब सवालों के घेरे में है।

# एडमिट कार्ड पर गलत समय, छात्रों का हंगामा, परीक्षा देने पहुंचे एक दर्जन से अधिक छात्र वंचित रहे

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ सोनभद्र।**



सोनभद्र। जनपद के लोढ़ी स्थित संत कीनाराम महाविद्यालय में उस समय हंगामा हो गया, जब बीकॉम की परीक्षा देने पहुंचे छात्रों को पता चला कि उनका एग्जाम समाप्त हो चुका है। छात्रों के एडमिट कार्ड पर परीक्षा का समय दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक अंकित था, जबकि परीक्षा सुबह 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित की गई थी। महात्मा काशी विद्यापीठ की परीक्षाएं संत कीनाराम महा विद्यालय में चल रही हैं। आज बीकॉम की परीक्षा थी, जिसमें लगभग एक दर्जन से अधिक छात्र शामिल होने पहुंचे थे। उन्हें बताया गया कि परीक्षा सुबह ही खत्म हो गई है, जिससे वे परीक्षा देने से वंचित रह गए। छात्रों ने आरोप लगाया कि अगर परीक्षा का समय बदला गया था, तो इसकी सूचना उन्हें क्यों नहीं दी गई। एडमिट कार्ड पर अंकित समय के अनुसार ही वे परीक्षा केंद्र पर पहुंचे थे। इस विसंगति के कारण छात्रों ने कॉलेज परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर छात्रों के परिजन भी महाविद्यालय पहुंच गए। अभिभावकों ने कॉलेज प्रशासन से बात की, लेकिन कोई ठोस निष्कर्ष नहीं निकल सका। कॉलेज प्रशासन ने उच्च अधिकारियों से बात करने की बात कही। जब कॉलेज प्रशासन से इस मामले पर प्रतिक्रिया लेने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

# अवैध शराब से लदा ट्रक पलटा, हजारों बोतलें बरामद, फर्जी नंबर प्लेट पर पंजाब से बिहार ले जाई जा रही थी खेप

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ सोनभद्र।**



सोनभद्र/ दुद्धी। शुक्रवार को दुद्धी कोतवाली क्षेत्र की रजखड़ घाटी में अवैध अंग्रेजी शराब से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। यह ट्रक पंजाब से बिहार जा रहा था। हादसे के बाद ट्रक में छिपाकर ले जाई जा रही हजारों बोतलें सड़क पर बिखर गईं। ग्रामीणों की सूचना पर एडिशनल एसपी त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी, सीओ राजेश राय, प्रभारी निरीक्षक स्वतंत्र सिंह, कस्बा इंचार्ज हरिकेश राम और जयशंकर राय सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने पलटे हुए ट्रक को कब्जे में लेकर उसमें भरी अवैध अंग्रेजी शराब की भारी खेप बरामद की। पुलिस ने घंटों तक बोतलों की गिनती और संबंधित दस्तावेजों की जांच की। सूत्रों के अनुसार, ट्रक संख्या यूपी 63 टी 6441 पंजाब से बिहार की ओर जा रहा था। तस्करों ने पुलिस से बचने के लिए ट्रक में चावल की बिल्टी बनवाई थी, जबकि उसमें अवैध अंग्रेजी शराब भरी हुई थी। जांच में यह भी सामने आया कि ट्रक का नंबर प्लेट भी फर्जी था। यह घटना दशार्ती है कि यह नेटवर्क कई राज्यों में सक्रिय एक संगठित गिरोह द्वारा संचालित किया जा रहा था। पुलिस अब ट्रक चालक, मालिक, फर्जी बिल्टी तैयार करने वालों और शराब माफिया के बीच के संबंधों की गहनता से जांच कर रही है। बिहार में पूर्ण शराबबंदी के कारण वहां इसकी कीमत कई गुना बढ़ जाती है। ट्रक पलटने के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस ने किसी भी प्रकार की अफरा-तफरी या चोरी को रोकने के लिए भीड़ को सख्ती से नियंत्रित किया। अधिकारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में इस गिरोह से जुड़े और बड़े खुलासे होने की संभावना है।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय चोपन में हर्षोल्लास से मनाया गया वार्षिक खेलकूद

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। चोपन स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय चोपन में शुक्रवार 5 दिसंबर को वार्षिक खेलकूद मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य





पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय चोपन अमरनाथ थे। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने संगीत शिक्षिका ममता चटर्जी के नेतृत्व में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य रूप से बालिकाओं द्वारा आत्मरक्षा के करतब का प्रदर्शन किया गया। प्राचार्य अमरनाथ ने खेल के महत्व को बताया। इस वार्षिक खेलकूद में रमन सदन की छात्रा कुमारी अनन्या यादव ने ४ स्वर्ण पदक जीत के सर्वश्रेष्ठ धावक का खिताब जीता तथा अपने सदन रमन को विजेता बनाने में योगदान दिया। विजेताओं को प्राचार्य ने पदक दे के सम्मानित किया। खेलकूद प्रतियोगिता का संचालन खेलकूद शिक्षक अशोक कुमार यादव ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अशोक वर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार श्रीवास्तव ने किया।

# जिला कारागार सोनभद्र में निरुद्ध 765 बंदियों के बीच न्यायाधीश ने जगाई जागरूकता की अलख

### विचाराधीन कैदी हैं 619, और 146 कैदी हैं सिद्ध।

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ सोनभद्र।**

सोनभद्र। अपर जनपद न्यायाधीश /सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र ने शुक्रवार 5 दिसंबर 2025 को जिला कारागार सोनभद्र का निरीक्षण कर विधिक साक्षरता और जागरूकता शिविर आयोजित किया। निरीक्षण के दौरान अरूण कुमार मिश्र जेल अधीक्षक सोनभद्र तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें। जेल में कुल 765 बंदी निरूद्ध मिले जिसमें 619 विचाराधीन थे एवं सिद्धदोष बंदियों की 146 थी।

न्यायाधीश ने सिद्धदोष बंदियों से एक-एक कर सजा के विरूद्ध अपील के बावत बातचीत किया तथा सभी को बताया कि जो प्राइवेट अधिवक्ता के माध्यम से अपील करने में सक्षम ना हों तो जेल अधीक्षक के माध्यम से सजा के विरूद्ध अपीलीय न्यायालय में योजित कर सकते है। इसके अलावा जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि मानसिक रूप से अस्वस्थ बंदियों की नियमानुसार सूचना संबंधित न्यायालय में देना सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के दौरान बैरको में कैदियों से मुलाकात कर निःशुल्क विधिक सहायता, सजायाफ्ता बंदियों के अपील के प्रावधान के संबंध में नियमित पेशी खान-पान एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के बावत उन्हे बताया। विचाराधीन बंदियों से एक-एक कर बातचीत कर उनके मुकदमें की प्रगति एवं जमानत के संबंध में पूछताछ किया तथा सभी बंदियों को नालसा द्वारा चलायी गयी स्कीमों के बारे में भी जागरूक करते हुए उससे होने वाले लाभ की जानकारी दी। न्यायाधीश श्री यादव ने सोनभद्र कारागार स्थित पाकशाला, पाठ शाला, नव निर्मित महिला बैक, पुरूष बैरक, चिकित्सालय व लीगल एड क्लीनिक का भी निरीक्षण किया। बैरक में साफ-सफाई व ठंडी से बचाव के लिए किए गए इंतजाम को देखने के बाद बंदियों से उनके स्वास्थ के बारे में पूछा गया। किसी भी बंदी द्वारा किसी विशेष प्रकार की समस्या से अवगत नही कराया गया। निरीक्षण के दौरान समक्ष आयी कमियों के सुधार हेतु जिला कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया गया। यह जानकारी शैलेन्द्र यादव, अपर जनपद न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र ने दी।




# बाल संसद व अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी में एसडीएम ने बच्चों से किया संवाद

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ सोनभद्र।**

सोनभद्र/ घोरावल। तहसील घोरावल के हीरानखुरी प्राथमिक विद्यालय में बाल संसद एवं अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी आशीष कुमार त्रिपाठी ने किया।




इस दौरान एसडीएम ने बच्चों से संवाद स्थापित किया, बाल संसद के कार्यप्रणाली व गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली और बच्चों को जिम्मेदारी एवं नेतृत्व कौशल के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम में एसडीएम द्वारा बाल संसद के सभी सदस्यों को कैप पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं उन्होंने अभिभावकों से भी चर्चा कर बच्चों की उपस्थिति और नियमित शिक्षा के महत्व पर बल दिया, साथ ही विद्यालय में बच्चों की सक्रिय भागीदारी को सराहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार मौर्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह और सहभागिता का माहौल देखने को मिला।

# सभासदों का डाला नगर पंचायत कार्यालय पर सांकेतिक धरना, आय-व्यय विवरण न मिलने पर व्यक्त की नाराजगी

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**



डाला/ सोनभद्र। नगर पंचायत डाला बाजार में सभासदों और नगर पंचायत प्रशासन के बीच खींचतान बढ़ती जा रही है। शुक्रवार दोपहर सभासदों ने नगर पंचायत कार्यालय के बाहर जमीन पर बैठकर सांकेतिक धरना दिया और आयझ्व्यय का ब्यौरा उपलब्ध न कराए जाने पर कड़ा विरोध जताया।सभासदों ने आरोप लगाया कि 2 दिसंबर 2025 को हुई बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया था कि नगर पंचायत द्वारा पिछले दो वर्षों में प्राप्त राज्य वित्त, अन्य वित्त तथा कुल आय-व्यय का पूरा विवरण सभासदों के सामने रखा जाएगा। साथ ही नगर की समस्याओं जैसे–खम्भों पर लाइट, अलाव की व्यवस्था, सफाई कर्मियों की बढ़ोतरी आदि मुद्दों पर भी चर्चा की गई थी। बैठक में बताया गया था कि कई कार्यों में धनाभाव हो रहा है, इसलिए आयझ्व्यय का विवरण रखना आवश्यक है।

सभासद विशाल कुमार ने कहा कि बैठक में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि दो वर्ष का आय-व्यय विवरण रखा जाएगा, लेकिन बारझ्बार मांगने के बावजूद अभी तक कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है।

सभासद अवनीश देव पांडेय ने भी आरोप लगाया कि बोर्ड बैठक का प्रस्ताव होने के बावजूद भी आयझ्व्यय का लिखित विवरण नहीं दिया गया। आखिर क्यों जानकारी छिपाई जा रही है?सभासद दीक्षा पटेल और बिंदु सिंह ने भी अध्यक्षा पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। उनका कहना है कि तीन दिनों के भीतर विवरण देने की बात कही गई थी, लेकिन समय बीतने के बाद भी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं हुई। अधिशासी अधिकारी से मिलने पर उन्होंने कहा कि लिखित आदेश मिलने पर ही जानकारी उपलब्ध कराई जा सकेगी। इस संबंध में अधीशासी अधिकारी अखिलेश कुमार ने बताया कि प्रस्ताव तो पारित हुआ था, लेकिन आय-व्यय विवरण उपलब्ध कराने के लिए अध्यक्ष महोदया की स्वीकृति आवश्यक है। स्वीकृति न मिलने तक विवरण देना संभव नहीं है। नगर पंचायत अध्यक्षा फुलवंती गोड़ से उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। इस मौके पर विशाल कुमार, अवनीश देव पांडेय, संतोष, बलबीर, दीक्षा पटेल, बिंदु सिंह मौजूद रहीं और शबाना खान ने भी सांकेतिक प्रदर्शन को अपना समर्थन दिया।

# RTE में बड़ा घोटाला : निजी स्कूलों की मनमानी चरम पर, सीटों की चोरी कर गरीब बच्चों का अधिकार लूट रहे हैं स्कूल

### राकेश केशरी ने मुख्यमंत्री को भेजा विस्फोटक शिकायत-पत्र

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ सोनभद्र।**



सोनभद्र। उत्तर प्रदेश में शिक्षा का अधिकार (RTE) योजना को लेकर बड़ा फर्जीवाड़ा और सिस्टम कैप्चर सामने आया है। राज्य के तमाम निजी विद्यालयों पर आरोप है कि वे आरटीई पोर्टल पर अपनी सीटें जानबूझकर कम दिखाकर गरीब बच्चों का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। सोनभद्र ओबरा निवासी राकेश केशरी ने इस संगठित अनियमितता का पदार्फाश करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विस्तृत और आरोपों से भरा शिकायत-पत्र भेजा है, जिसमें स्कूलों पर डेटा मैनिपुलेशन और सरकारी योजना को ठगने के आरोप लगाए गए हैं। निजी स्कूलों का खुला खेल सीटें हैं ज्यादा, पोर्टल पर दिखा रहे कम,शिकायत-पत्र में सीधे-सीधे आरोप लगाया गया है कि निजी विद्यालय अपनी वास्तविक क्षमता छुपा रहे हैं, RTE पोर्टल पर फर्जी और मनमाने तरीके से सीटें कम दिखा रहे हैं। पात्र गरीब बच्चों को जबरन बाहर किया जा रहा है, ताकि स्कूलों को गरीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा न देनी पड़े।यह पूरा खेल प्रबंधन के मुनाफे और सरकारी धन बचाने के लिए किया जा रहा है।कई स्कूलों में सीटें खाली हैं, लेकिन पोर्टल में सीट नहीं दर्शाई जा रही है। यह आरोप शिक्षा विभाग सहित पूरे RTE सिस्टम की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़ा करता है।यह सिर्फ अनियमितता नहीं यह गरीब बच्चों के अधिकारों की लूट है शिकायतकर्ता राकेश केशरी के अनुसार यह सोची-समझी शिक्षा-अधिकार की डकैती है,निजी स्कूल सिस्टम को चकमा देकर डेटा हेरफेर कर रहे हैं,गरीब और कमजोर वर्ग के बच्चों के साथ यह बेहद निर्दयी अन्याय है, सरकार की योजना को स्कूलों द्वारा खुलेआम ठगा जा रहा है। शिकायत में उठाई ये कड़ी माँगें कार्रवाई न हुई तो आरटीई बेकार हो जाएगा शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री से निम्नलिखित कठोर कार्रवाई की माँग की है- RTE पोर्टल पर दर्ज सीटों का फिजिकल वेरिफिकेशन ( सत्यापन), हर विद्यालय में जाकर तथ्य-जाँच हो, सीटें कितनी हैं और कितनी दिखाई जा रही हैं – इसका खुला परीक्षण हो, सभी निजी स्कूलों का कक्षा-वार सीट क्षमता ऑडिट, कितनी कक्षाएँ, कितनी सीटें, कितने कमरे सबका विस्तार से ऑडिट कराया जाए, पिछले वर्षों की RTE प्रवेश लिस्ट की जाँच,किस वर्ष कितने बच्चों को प्रवेश दिया गया? किसे रोका गया? किसने डेटा गलत डाला, गलत जानकारी देने वाले विद्यालयों पर सख्त दंड मान्यता रद्द,भारी आर्थिक दंड, पोर्टल ब्लॉक, प्रबंधन पर कानूनी कार्रवाई, पात्र बच्चों को तुरंत RTE के तहत प्रवेश दिलाया जाए, जो बच्चे सीटों की चोरी के कारण वंचित हुए हैं, उन्हें तुरंत उनके अधिकार का लाभ दिया जाए। यदि सरकार ने कड़ा कदम नहीं उठाया, तो RTE मात्र कागजी कानून रह जाएगा विशेषज्ञ भी मानते हैं कि यदि स्कूलों पर अब सख्ती नहीं हुई, तो गरीब बच्चों के भविष्य के रास्ते बंद हो जाएंगे, RTE की मूल भावना नष्ट हो जाएगी,निजी स्कूल मनमानी की हद पार कर देंगे,सरकारी पोर्टल की विश्वसनीयता खत्म हो जाएगी मुख्यमंत्री जी, हस्तक्षेप कीजिये नहीं तो यह घोटाला शिक्षा व्यवस्था को खा जाएगा राकेश केशरी इतने विस्फोटक आरोपों के बाद अब सबकी निगाहें मुख्यमंत्री कार्यालय और शिक्षा विभाग की प्रतिक्रिया पर टिकी हैं।

# हाईवा ट्रक ने भीख मांगने वाला व्यक्ति को मारा जोरदार टक्कर, गंभीर रूप से घायल

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

डाला/ सोनभद्र। स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के वैष्णो मंदिर के पास भीख मांगने वाला अधेड़ व्यक्ति को हाइवा ट्रक ने जोरदार मारा टक्कर, गंभीर रूप से घायल। मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को दोपहर में डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के वैष्णो मंदिर के पास भीख मांगने वाला अधेड़ व्यक्ति सड़क पार कर रहा था जिसको तेज रफ्तार से आ रही हाइवा ट्रक ने जोरदार धक्का मार दिया सर में लगा गंभीर चोट और घटना स्थल से हाइवा ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया अधेड़ व्यक्ति भीख मागने वाला



घायल हो गया वहीं स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस और डायल 112 नम्बर पुलिस को दी गई वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची डायल 112 नम्बर पुलिस ने स्थानीय लोगों के मदद अपने वाहन से घायल को चोपन अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं स्थानीय लोगों का कहना था कि घायल व्यक्ति सलखन बैरिहवा टोला से हर दिन वैष्णो मंदिर पर भीख मांग कर अपना जीवन यापन करता था जो कि आज रोड पार करते समय हाईवे ट्रक की चपेट में आ गया।

# कोटा ग्राम पंचायत भवन पर ग्राम चौपाल का किया गया आयोजन

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**







डाला/ सोनभद्र। गांव की समस्या गांव में समाधान के तहत शुक्रवार को कोटा ग्राम पंचायत के परासपानी स्थित पंचायत भवन पर ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम चौपाल के दौरान चड्डपन विकास खण्ड अधिकारी कोटा ग्राम विकास अधिकारी, कोटा ग्राम प्रधान के साथ क्षेत्र की ग्रामीण जनता उपस्थित रही। मौके पर खंड विकास अधिकारी अजीत यादव ने ग्रामीणों को एस आइ आर फॉर्म जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कहा गया और होने वाली समस्याओं को लेकर संबंधितों से बात करने के लिए ग्रामीणों को बताया गया इस अवसर पर ग्रामीणों में मुन्ना सिंह, ओम प्रकाश यादव, कन्हैया, हीरावती देवी, विजय भान, राजीव, पूर्व प्रधान रामचंद्र गोड, जवाहर,जगदीश,छोटेलाल, शेषनाथ, गुल्लू, रामदेव, हीरालाल, आदि ने अपनी अपनी समस्याओं को लेकर अपनी बात रखा गया। जिसमें कोटा मे पेयजल की समस्या को लेकर लोगों ने अपनी बात रखी। पेयजल को लेकर कोटा क्षेत्र पंचायत सदस्य जगदीश ने पानी की समस्या को लेकर अपनी बात रखा। सलईबनवा में रोड से रामदुलारे खारवाल के घर तक सड़क बनवाने को लेकर जगदीश ने अपनी बात रखी। ग्राम सिलाई बनवा पश्चिमी रोड से बुल्लू यादव के घर तक संपर्क मार्ग के निर्माण की मांग की गई। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रहलाद चेरो, पंचायत सचिव दीपक सिंह, पूर्व प्रधान रामचन्द्र गोड़, राजकुमार गोड़ क्षेत्रीय बीएलओ आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# न्यू 16 चक्का वाहन चेचिस के ड्राइवर को मिर्गी का दौड़ा आने से ढाबा पर खड़ी एक ट्रक से हुआ टक्कर, बाल बाल बचा चालक

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**




डाला/ सोनभद्र। चोपन थाना के मालोघाट स्थित टोल प्लाजा के पास शुक्रवार की सुबह 10:00 बजे एक 12 चक्का चेसिस चालक को अचानक चलती वाहन में मिर्गी का दौरा पड़ने से ढाबा पर सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक में चेचिस वाहन की टक्कर हो गई। बड़ी दुर्घटना टली, बाल बाल बचा चालक। जानकारी मुताबिक चालक लालता सिंह चौकाघाट टाटा नगर झारखंड से चेचिस वाहन लेकर वाराणसी शक्तिनगर हाईवे से राजस्थान के लिए जा रहा था की मालोघाट टोल प्लाजा से 100 मीटर पहले अचानक मिर्गी का दौरा आ जाने से चलती गाड़ी में लुढ़क गया, संयोग रहा कि अपने ड्राइविंग सीट से दाहिने नहीं लुढ़का नहीं तो सड़क की तरफ गिर जाने से बड़ी घटना घटित हो जाती।आनन-फानन में साथ चल रहे अन्य चेचिस वाहन चालकों ने स्थिति की देखते ही तुरंत चेचिस वाहन से चालक को नीचे उतारा दिया गया। इस दौरान चेचिस वाहन अनियंत्रित होकर ढाबा के पास सड़क किनारे खड़े एक ट्रक के पीछे जा टकराई। 16 चक्का चेचिस चालक लालता सिंह ने होश आने पर बताया कि इससे पहले भी एक दो बार मिर्गी का दौरा पड़ चुका है। स्वस्थ होने पर दूसरे चालक ने चेचिस को लेकर मालोघाट टोल प्लाजा से रवाना हो गए।

# पुत्र शोक में डूबी मां ने अपने मृत पुत्र को न्याय दिलाने पहुंची पुलिस अधीक्षक कार्यालय लगाई न्याय की गुहार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज - न्याय कि गुहार लगाने पीड़ित मां पहुंची पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कोचिंग संचालक घटना के बाद से फरार। बताते चले कि छात्र की आत्महत्या के बाद सामने आया था कोचिंग संचालक का अश्लील वीडियो। विगत 28 अक्टूबर को किशनगंज जिले के पहाड़कट्टा थाना क्षेत्र के कोल्था कॉलोनी छत्तरगाछ निवासी 16 वर्षीय देवनंदन रॉय उर्फ सुरजीत रॉय ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने पर मजबूर हो गया था। पीड़ित युवक के आत्महत्या के दस दिन बाद मुख्य आरोपी कोचिंग संचालक आदिल रब्बानी का एक आपत्तिजनक वीडियो सामने आया था, जिसमें वह मृतक छात्र के साथ कथित तौर पर आप्राकृतिक संबंध बनाते दिख रहा था। यह वीडियो छत्तरगाछ स्थित उसी होस्टल का बताया जा रहा है, जहां देवनंदन पढ़ाई के लिए रहता था। इलाके में यह वीडियो वायरल होने से सनसनी फैल गई है। मृतक के परिजनों का दावा है कि आदिल रब्बानी लंबे समय से होस्टल में देवनंदन के साथ शारीरिक शोषण कर रहा था। बताते चले कि इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग बनाकर उसे ब्लैकमेल किया जाता था। परेशान होकर देवनंदन ने छत्तरगाछ का कोचिंग छोड़ दिया और पौआखाली चला गया। लेकिन आरोपी ने वहां भी पीछा नहीं छोड़ा। वीडियो दिखाकर मानसिक प्रताड़ना जारी रखी। आखिरकार 28 अक्टूबर को देवनंदन ने घर लौटकर कमरे में फांसी लगा ली थी। पीड़ित मां ने बताया कि देवनंदन पढ़ने-लिखने में होशियार था। दसवीं की तैयारी कर रहा था। लेकिन आरोपी की हरकतों से डिप्रेशन में चला गया। रात एक-दो बजे व्हाट्सएप कॉल कर धमकियां देता था। मृतक के बड़े भाई देवाशीष रॉय ने लिखित शिकायत पर पहाड़कट्टा थाना में कांड संख्या 127/25 दर्ज कराया। इसमें छत्तरगाछ मियांबस्ती के कोचिंग संचालक आदिल रब्बानी और झीनाखोर तैयबपुर निवासी जिसान को नामजद आरोपी बनाया गया है। प्राथमिकी में शारीरिक शोषण, ब्लैकमेलिंग और मानसिक प्रताड़ना का जिक्र है। देवाशीष रॉय ने कहा, मेरा भाई निर्दोष था। आरोपी उसे होस्टल में अकेला पाकर गलत काम करता था। वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करता रहा। पौआखाली जाने के बाद भी पीछे पड़ा रहा। पुलिस ने अब तक गिरफ्तारी नहीं की। पीड़ित मां व उसके भाई ने पुलिस अधीक्षक सागर कुमार से मिलकर तत्काल कार्रवाई की मांग की व आरोपी को जल्द से जल्द हिरासत में लेने की गुहार लगाई। वहीं कोचिंग संचालक का अन्य छात्रों के साथ भी अश्लील वीडियो सामने आने कि बात कही जा रही है। कई और छात्र छात्राए भी उसके अश्लील हरकत से परेशान थे, जो धीरे धीरे सामने आ रहे हैं। वही मामला सामने आने के बाद से ही छत्तरगाछ पुलिस कैंप से सटे कोल्था कॉलोनी में तनाव है। ग्रामीणों में आक्रोश है कि आरोपी खुले घूम रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि होस्टल में कई अन्य छात्र भी रहते हैं, लेकिन डर से कोई बोल नहीं रहा। कुछ का दावा है कि आरोपी का प्रभाव क्षेत्र में है, इसलिए पुलिस नरमी बरत रही है। यह मामला छात्र सुरक्षा और कोचिंग संचालकों की जवाबदेही पर सवाल उठाता है। अभिभावक चिंतित हैं कि उनके बच्चे सुरक्षित हैं या नहीं। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे मामलों में त्वरित जांच और काउंसलिंग जरूरी है। मानसिक स्वास्थ्य को नजरअंदाज करने की कीमत देवनंदन को जान देकर चुकानी पड़ी। परिजन अब न्याय की गुहार लगा रहे हैं। उनका सवाल है- कब तक मासूमों का शोषण होता रहेगा? पुलिस पर कार्रवाई का दबाव बढ़ रहा है। अगर वीडियो साबित हुआ तो मामला और गंभीर हो जाएगा। फिलहाल छत्तरगाछ में सन्नाटा है, लेकिन गुस्सा सुलग रहा है। वही पुलिस अधीक्षक सागर कुमार ने कहा कि हमारी टीम आरोपी को खोज रही। कोचिंग संचालक के अश्लील वीडियो के आधार पर जांच चल रही है व आरोपी को पुलिस ढूंढ रही है। कानून से कोई भी आरोपी नहीं बच पाएगा। श्री सागर ने कहा जल्द ही आरोपी सलाखों के पीछे होगा।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुशांत कुमार की अदालत ने हत्या के मामले में अभियुक्त को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनायी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




किशनगंज थाना कांड संख्या 432/22 से संबंधित दहेज प्रताड़ना एवं हत्या के प्रकरण में अभियुक्त रब्बानी द्वारा विवाह उपरांत अपनी पत्नी निसरत जहाँ उम्र 22 वर्ष से मोटर साइकिल एवं तीन लाख रुपये दहेज माँग को लेकर निरंतर शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना की जाती थी तथा दिनांक 01.10.2022 को अभियुक्त ने उसकी निर्मम हत्या कर साक्ष्य छिपाने हेतु शव को सिघिया कुलामनी नहर के पास फेंक दिया था। घटना के पश्चात पीड़ित की ओर से दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया एवं चार्जशीट प्रस्तुत की। इस मामले की सुनवाई के उपरांत माननीय न्यायालय ने अभियुक्त रब्बानी आलम को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 हत्या के तहत दोषी करार देते हुए आजीवन सश्रम कारावास एवं दस हजार रुपये के अर्थदंड, धारा 201 आईपीसी के तहत तीन वर्ष कठोर कारावास एवं दो हजार अर्थदंड तथा धारा 498अ आईपीसी के तहत तीन वर्ष कारावास एवं दो हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# पटना पुलिस ने किया शराब तस्कर युवक व युवती को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बेउर थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर शाम को पुलिस ने शराब तस्करी के एक मामले का पदार्फाश किया है। बेउर के 70 फीट रोड पर खड़ी एक ब्रेजा कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने मौके से एक युवक और एक युवती को गिरफ्तार किया है। दोनों बेउर क्षेत्र के ही निवासी बताए जा रहे हैं। सिटी एसपी पश्चिम ममता कल्याणी ने बताया कि बेउर थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि 70 फीट रोड किनारे एक कार संदिग्ध रूप से खड़ी है जिसमें शराब की बड़ी खेप छिपाई गई है। सूचना मिलते ही बेउर थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम जब घटनास्थल पर पहुंची तो कार की तलाशी ली गई और उसके अंदर से 108 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। यह शराब अलग-अलग ब्रांडों की थी और अंदेशा है कि इसे आसपास के कई इलाकों में सप्लाई किया जाना था। कार के पास मौजूद दो लोगों को पुलिस ने तुरंत हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान 19 वर्षीय सूर्य कुमार के रूप में हुई है, जबकि युवती की पहचान 26 वर्षीय विनीता यादव के रूप में की गई है। दोनों बेउर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। शुरूआती पूछताछ में दोनों ने शराब की खेप से जुड़े प्रश्नों के उत्तर अस्पष्ट रूप से दिए, जिसके आधार पर पुलिस को संदेह है कि इनके पीछे एक बड़ा तस्करी नेटवर्क सक्रिय है। पुलिस दोनों आरोपियों से यह जानने की कोशिश कर रही है कि यह शराब कहां से मंगाई गई थी और किसे सप्लाई की जानी थी। इसके साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि क्या इस अवैध धंधे में इनके अलावा और लोग शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार युवक और युवती सिर्फ डिलीवरी चेन का हिस्सा हो सकते हैं, जबकि असली तस्कर और सप्लायर कोई और हो सकता है। इस दिशा में पुलिस ने कई बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी है। मोबाइल कॉल डिटेल्स, गाड़ियों की आवाजाही और संदिग्ध व्यक्तियों के संपर्कों की जांच की जा रही है ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। बिहार में शराबबंदी लागू होने के बाद पुलिस लगातार अवैध शराब के खिलाफ अभियान चला रही है। इसके बावजूद तस्कर नए-नए तरीके अपनाकर शराब की सप्लाई जारी रखने की कोशिश करते रहते हैं। शराब की इतनी बड़ी खेप जब्त होने के बाद स्थानीय लोगों के बीच यह मामला चर्चा का विषय बन गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। शराबबंदी कानून के तहत इस तरह की तस्करी के मामलों में कठोर सजा का प्रावधान है। यदि जांच में यह साबित हो जाता है कि ये दोनों आरोपी तस्करी का हिस्सा थे, तो उन्हें गंभीर कानूनी परिणामों का सामना करना पड़ेगा। सिटी एसपी ने कहा कि इस मामले में हर पहलू की गहन जांच की जाएगी और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# पटना पुलिस ने किया कुख्यात भू-माफिया नौशाद मलिक को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ फुलवारी शरीफ का कुख्यात भू-माफिया नौशाद मलिक को एसटीएफ और बंगाल पुलिस की संयुक्त टीम ने उसे कोलकाता के टेंगरा थाना क्षेत्र स्थित एक अपार्टमेंट से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी की खबर देर रात फुलवारी शरीफ पहुंचते ही कई सफेदपोश और उसके समर्थकों में खलबली मच गई। थाने को भी इसकी सूचना मिल चुकी है। नौशाद मलिक 22 जून को बजरंगबली कॉलोनी में दिनदहाड़े फिल्मी स्टाइल में गोलीबारी कर दहशत फैलाई थी। उसके ऊपर जमीन कब्जा, रंगदारी, सट्टा कारोबार और कई अवैध गतिविधियों के संचालन के आरोप लंबे समय से लगते रहे हैं। कंस्ट्रक्शन साइट पर की गई गोलीबारी के बाद वह सुर्खियों में आया था। इसके अलावा वह इमारत शरीया के सामने दिनदहाड़े अनवर आलम उर्फ अनवर दिराहा की हत्या में भी नामजद है। हत्या के बाद वह पुलिस की नजरों से बचकर बिहार छोड़कर फरार हो गया था, जिसकी तलाश में एसटीएफ लगातार लगी थी। गुरुवार की देर शाम संयुक्त टीम ने कोलकाता के टेंगरा क्षेत्र में छापेमारी कर नौशाद मलिक को पकड़ा। बताया जाता है कि उसने कोलकाता में एक भव्य फ्लैट खरीद रखा था और हर वारदात के बाद वहीं या गोवा जाकर छिप जाता था।फुलवारी शरीफ थानाध्यक्ष मो. गुलाम शहबाज आलम ने बताया कि नौशाद मलिक अनवर आलम हत्या कांड सहित कई मामलों में फरार था और उसके खिलाफ कई गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।



# नबीनगर में अवैध क्लिनिकों पर छापेमारी बना चर्चा का विषय दागी जा रही सवालिया निशान

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**




नबीनगर (बिहार)औरंगाबाद जिले के नबीनगर प्रखंड मे नगर पंचायत क्षेत्र सहित कई पंचायतों के बाजारों में जैसे –टंडवा,रामनगर, माली,नबीनगर रोड,तेतरिया, बड़ेम सहित कई जगहों पर धड़ल्ले से निजी क्लिनिक एवम जांच घर अवैध रूप से संचालित किए जा रहे हैं इन अवैध जांच घरों में अल्ट्रा साउंड सहित एक्सझ रे एवम अन्य पैथोलॉजिकल जांच शामिल है।इन अवैध क्लिनिक संचालकों एवम जांच घरो को कानून का कोई भय नहीं है बजाप्ते क्लिनिक पर डॉक्टर का बोर्ड भी लगा रहता है।दर्जनों ऐसे क्लिनिक नबीनगर नगर पंचायत क्षेत्र के अतिरिक्त गांवो और देहाती क्षेत्रों मे भी अवैध क्लिनिक संचालित हो रहे हैं।वही सरकार के लचर व्यवस्था के कारण मरीज इन झोला छाप डाक्टरों के चंगुल मे फस जाते है।और जब मरीज की हालत काफी नाजुक हो जाती है तब इन झोला छाप द्वारा हायर सेंटर रेफर कर दिया जाता है तब तक मरीज की कहानी खत्म हो जाती है इतना ही नही मरीजों से इन डाक्टरों द्वार काफी पैसा ऐंठा जाता है।शायद ही कभी सिविल सर्जन एवम नबीनगर के चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा इन अवैध संचालकों की जांच की जाती हो।अभी हालिया घटना विगत दिनों की है जहां नबीनगर के पोखरपर के समीप दास मोहल्ला में छापेमारी के दौरान अवैध क्लीनिक एवं दवा दुकानों को प्रशासन द्वारा शील किया गया जबकि पास ही के कई क्लिनिक संचालक बंद कर भाग गए।बाजार एवं चौक चौराहा पर यह चर्चा जोरो पर है कि क्या नबीनगर में शील किए गए ही अवैध क्लीनिक संचालित हो रहे थे।लोगों द्वारा सवालिया निशान लगाए जा रहे है कि नबीनगर के बसन बीघा मोड़ से लेकर रेफरल अस्पताल मोड़ के सामने टंडवा रोड में एवं रेलवे स्टेशन रोड से लेकर मुख्य बाजार तक कई ऐसे क्लीनिक एवं पैथोलॉजी केंद्र संचालित हो रहे है क्या ये सभी वैध हैं?लेकिन प्रशासन की नजर इनपर नहीं पड़ती है।लोगो का यह भी कहना है कि यदि सही मायने में प्रशासन कारवाई करे तो दर्जनों अवैध क्लीनिक शील किया जा सकता है

# पटना में बन्द घर से लाखों की चोरी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के दानापुर स्थित इमलीतल वार्ड संख्या 24 में बीती गुरुवार रात मोहम्मद जावेद उर्फ गुड्डू के बंद पड़े घर को निशाना बनाकर चोरों ने न सिर्फ ताला तोड़ा, बल्कि अलमारी और गोदरेज तोड़कर डेढ़ लाख रुपये नगद और सोने-चांदी के कीमती जेवरात भी चुरा ले गए। घर के मालिक का परिवार चंडीगढ़ गया हुआ था, ऐसे में पूरे घर के सूने होने का फायदा उठाकर चोरों ने बिना किसी बाधा के इस घटना को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह इलाके के लोगों की नजर घर के मुख्य दरवाजे पर गई, जो टूटा हुआ था। यह देखकर उन्हें तुरंत शक हुआ कि घर में चोरी हुई है। पड़ोस में रहने वाले रेयाज अहमद को इस घटना की जानकारी दी गई। रेयाज जब मोहल्लेवासियों के साथ मौके पर पहुंचे, तो स्थिति और भी स्पष्ट हो गई। दूसरे तल पर बने कमरे का ताला टूटा पड़ा था, अलमारी और गोदरेज पूरी तरह क्षतिग्रस्त थे और कमरे का सारा सामान इधर-उधर बिखरा हुआ था। स्पष्ट था कि चोरों ने घर की तलाशी बारीकी से ली थी और कीमती सामान निकालकर ले गए थे। रेयाज अहमद के अनुसार जब उन्होंने फोन पर जावेद से बात की तो जावेद ने बताया कि गोदरेज में लगभग डेढ़ लाख रुपये नकद रखे थे। इसके अलावा उनकी पत्नी के सोने और चांदी के कई प्रकार के गहने भी वहीं रखे हुए थे। हालांकि जेवरों की वास्तविक कीमत का आकलन जावेद के लौटने पर ही संभव होगा लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि कुल चोरी की रकम लाखों में होगी। परिवार के शहर से बाहर होने के कारण चोरों ने बिना किसी डर के घर को निशाना बनाया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस को बुलाया गया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। दानापुर थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला गंभीर है और इसे पूरी प्राथमिकता के साथ देखा जा रहा है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगाल रही है ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके। चोरी किस समय और किस तरीके से हुई यह पता लगाने के लिए तकनीकी जांच भी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आवेदन मिलने के बाद मामले को विधिवत दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

# पोस्को एक्ट का फरार अभियुक्त गिरफ्तार भेजा गए जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

कुटुंबा (बिहार) औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र में पॉक्सो एक्ट के मामले में फरार चल रहे गैर जमानतीय अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि समकालीन अभियान के तहत पॉक्सो एक्ट के मामले में फरार चल रहे गैर जमानतीय वारंटी थाना क्षेत्र के कुटुंबा निवासी 25 वर्षीय मौसम कुमार पिता स्व संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है बताया गया कि अभियुक्त पर पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज था और वह फरार चल रहा था जिसपर न्यायालय द्वारा गैर जमानतीय वारंटी निर्गत था जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है




# पटना पुलिस ने किया 30 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ चार लोगो को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के गौरीचक थाना की पुलिस ने छापामारी अभियान के दौरान ग्राम खैरा में दबिश देकर 30 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की और चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से बरामद शराब को जप्त करते हुए सभी को हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान धनरुआ थाना क्षेत्र के देवकली गांव निवासी प्रशांत रविदास के 45 वर्षीय पुत्र शंकर रविदास, गौरीचक थाना क्षेत्र के खैरा गांव निवासी लालदेव मांझी के 35 वर्षीय पुत्र सुरज मांझी, फतुहा थाना क्षेत्र के नरमा महदीपुर गांव निवासी रामवृक्ष मोची के 25 वर्षीय पुत्र राम पुकार तथा गौरीचक थाना क्षेत्र के खैरा गांव निवासी रमेश मांझी के 45 वर्षीय पत्नी मालती देवी के रूप में की गई है। थाना पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर चली इस कार्रवाई के दौरान मौके से देसी चुलाई शराब की खेप बरामद की गई। सभी अभियुक्तों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।

# बड़ी मात्रा में देशी शराब बरामद तस्कर फरार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नवीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र के बरियावां गांव के समीप से बड़ी मात्रा में देसी शराब बरामद किया गया है । वहीं तस्कर भागने



में सफल रहा। माली थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बरियावाँ गांव के समीप तलाशी के दौरान झारखंड निर्मित 168 बोतल देसी टनाका शराब और 21 बोतल तूफानी शराब कुल 189 बोतल बरामद किया गया है वही शराब तस्कर भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब को जप्त कर थाना लाया गया है और मामले में फरार अभियुक्त के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# एनएच 522 स्थित सड़क किनारे संचालित हो रहा था अवैध शराब फैक्ट्री

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**



विष्णुगढ़ ।बीते गुरुवार रात्रि उत्पाद अधीक्षक के नेतृत्व में दो जगहों पर छापामारी कर अवैध नकली विदेशी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया ।बताते है प्रखंड में नकली शराब बनाने वाले गिरोह बीते एक वर्षों से संरक्षक के पैरोकारी पर बड़े पैमाने में शराब बनाने का कार्य कर रहे थे ।गिरोह का नेटवर्क झारखंड और बिहार से जुड़ा हुआ है ।गिरोह में विष्णुगढ़ के अलावा झुमरा और गिरिडीह के भी निवासी शामिल है ।मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा साव( आठ मिल,विष्णुगढ़ )धनेश्वर प्रसाद (झुमरा) टेकलाल पासवान (बदीखरना) मोती साव(गिरिडीह) शामिल है इनके विरुद्ध उत्पाद विभाग द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर आगे की करवाई की जा रही है।

# पदमा में दवा दुकानों पर सघन जांच अभियान, कई दुकानों में मिली अनियमितताएँ

**पंकज कुमार पाठक,संवाददाता पदमा, दैनिक समाज जागरण**




पदमा : झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश और हजारीबाग उपायुक्त के आदेश पर पदमा में दवा दुकानों की जांच के लिए शनिवार को एक सघन अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व पदमा अंचलाधिकारी मोतीलाल हेम्ब्रम एवं सी एच सी पदमा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. धीरज कुमार ने किया। इस दौरान दवाइयों की वैधता, लाइसेंस, भंडारण व्यवस्था, स्टॉक पंजी, क्रय-विक्रय से जुड़े दस्तावेज सहित कई मानकों की विस्तृत जांच की गई।

जांच दल चांदनी मेडिकल हॉल (सरैया), शर्मा मेडिकल हॉल, केशरी मेडिकल हॉल, श्री राधा नर्सिंग होम (पदमा) और संतोष मेडिकल हॉल (पदमा) सहित कई मेडिकल स्टोर पर पहुँचा। जांच के दौरान सरैया स्थित चांदनी मेडिकल हॉल में विभिन्न अनियमितताएँ पाई गईं, जिसके बाद अधिकारियों ने दुकान को ताला बंद कर चाबी अपने कब्जे में ले ली।

डॉ. धीरज कुमार ने बताया कि क्षेत्र में कुछ दवा दुकानों और क्लीनिकों का संचालन बाहर रहने वाले निबंधित फार्मासिस्टों एवं चिकित्सकों के नाम पर चलाया जा रहा है, जो नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ स्थानों पर प्रतिबंधित दवाइयाँ और इंजेक्टेबल मेडिसिन भी मिली हैं। सामने आई अनियमितताओं के आधार पर संबंधित संचालकों के विरुद्ध रिपोर्ट भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जांच के दौरान पदमा ओपी के स.अ.नि. अविनाश कुमार, जीवन किशोर लकरा तथा सशस्त्र पुलिस बल भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि क्षेत्र में दवा दुकानों का संचालन निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जा सके।

# संपन्न हुआ हरली जतरा मेला जमकर खरीदा गया कृषि उपकरण की सामग्री

**समाज जागरण**

हजारीबाग के दारु प्रखंड अंतर्गत लगने वाला हरली जतरा मेला संपन्न हो गया । इस मेले का इंतजार किसान महीनों पहले धन रोपाई के बाद खरीदना कौन सा कृषि उपकरण खरीदना है उसके बारे में सोचने लगते हैं। कहा जाता है जतरा मेला में कृषि कार्य के लिए जरूरी सामान खरीदेंगे इसकी उत्सुकता बनी रहती है। बहुत वर्षों पहले इस मेले का आयोजन हर्ली में होता आ रहा है। बताते चलें कि यह मेला धान के फसल काटने के बाद लगता है इस बार धान की पैदावार भी बहुत अच्छी हुई है। लोग धान सीझाने के लिए छोटे कड़ाही से लेकर बड़े कड़ाही तक खरीदते देखे गए ।वस्तुओं के खरीदने में मोलभाव भाव करते लोग आपस में बातचीत कर रहे थे । कड़ाही, हंसुआ ,छोलनी चटु, बेलना, चौकी, खाना पकाने के सामग्री खरीदते देखे गए ।



# एमडीएम व विद्यालय विकास राशि को लेकर प्रबंधन समिति और प्रधानाध्यापक आमने सामने

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**



विष्णुगढ़ ।प्रखंड के बेड़ाहरियारा पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय बेड़ाहरियारा में एमडीएम व विद्यालय विकास राशि को लेकर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और प्रधानाध्यक एक दूसरे के खिलाफ हो गए ।प्रबंधन समिति ने बताया प्रधानाध्यापक के द्वारा विद्यालय विकास राशि का उपयोग विद्यालय के विकास कार्यों में नहीं कर रहे ।पिछले तीन वर्षों से विकास राशि को लेकर प्रधानाध्यक के द्वारा मनमानी किया जा रहा है ।वर्तमान में विद्यालय में जरूरी कार्य नहीं होने के कारण विद्यालय की स्थिति और बदतर होती जा रही है। वही प्रधानाध्यक ने बताया प्रबंधन समिति के अपनी जिम्मेवारी सही से नहीं निभा रहे है सिर्फ ओर सिर्फ प्रबंधन समिति अध्यक्ष का ध्यान पैसे पर है।

# आंगनवाड़ी सेविकाओं को दिया गया समर ऐप का प्रशिक्षण

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**



विष्णुगढ़ ।प्रखंड सभागार में शुक्रवार को आंगनवाड़ी सेविकाओं को समर ऐप से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया ।प्रशिक्षण के दौरान क्रुपोषित बच्चे सेम/मेम को चिन्हित कर ऐप मे अपडेट और सेम बच्चे को एमटीसी में भर्ती करने एवं फॉलोअप करने संबंधित प्रशिक्षण दिया गया ।मौके पर जिला स्तरीय ट्रेनर रंजीत कुमार,महिला पर्यवेक्षिका मनीषा गुप्ता समेत आंगनवाड़ी सेविका उपस्थित थी।

# जहरीली होती हवा से गहराता सांसों का संकट

दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में अभी दीपावली आने में कुछ दिन है, उससे पहले ही जहरीली हवा एवं वायु प्रदूषण से उत्पन्न दमघोटू माहौल का संकट जीवन का संकट बनने लगा हैं और जहरीली होती हवा सांसों पर भारी पड़ने लगी है। एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी एक्यूआइ बहुत खराब की श्रेणी में पहुंच चुका है। दिल्ली में औसत एक्यूआइ 293 पहुंच गया है। दिल्ली के अनेक क्षेत्रों में यह अभी से 300 पार जा चुका है। अतीत का अनुभव बताता है कि आने वाले दिनों में यह और बढ़ेगा। बढ़ते वायु प्रदूषण से जनता की सांसों पर गहराते संकट के समाधान के लिए सरकार के पास विभिन्न चरणों में लगाए जाने वाले प्रतिबंधों के अलावा कोई योजना नजर नहीं आती। दिल्ली सरकार जो भी तर्क दें, पर हकीकत यही है कि लोगों का दम घुटेगा, बच्चों एवं बुजुर्गों के सामने बड़ा संकट खड़ा होगा, अगर दिल्ली सरकार सचमुच इससे पार पाने को लेकर गंभीर नहीं हैं, वह गंभीर होती तो पहले से कोई ठोस योजना बनाती। दिल्ली के वायु प्रदूषण एवं हवा के जहरीले होने में पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों द्वारा जलाई जाने वाली पराली का बड़ा योगदान बताया जाता है। उससे निपटने के प्रयासों के दावे भी राज्य सरकारों द्वारा किए जाते हैं पर वांछित परिणाम नजर नहीं आते। वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए बना आयोग भी जिम्मेदारी के निर्वाह में नाकाम नजर आता है।प्रश्न है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रही दिल्ली को कोई समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती। सरकारें एवं राजनेता एक दूसरे पर जिम्मेदारी ठहराने की बजाय समाधान के लिये तत्पर क्यों नहीं होते? वैसे प्रदूषण कम करने और दिल्ली सहित देश के अन्य महानगरों-नगरों को रहने लायक बनाने की जिम्मेदारी केवल सरकारों की नहीं है, बल्कि हम सबकी है। हालांकि लोगों को सिर्फ एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी है, एंटीडस्ट अभियान भी निरन्तर चलाया जाना चाहिए। लोगों को खुद भी पूरी सतर्कता बरतनी होगी। लोगों को खुली जगह में कूड़ा नहीं फैंकना चाहिए और न ही उसे जलाया जाए। वाहनों का प्रदूषण लेवल चैक करना चाहिए। कोशिश करें कि हम निजी वाहनों का इस्तेमाल कम से कम करें और सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करें। प्रदूषण से ठीक उसी प्रकार लड़ना होगा जैसे एक नन्हा-सा दीपक गहन अंधेरे से लड़ता है। छोटी औकात, पर अंधेरे को पास नहीं आने देता। क्षण-क्षण अग्नि-परीक्षा देता है। पर हां! अग्नि परीक्षा से कोई अपने शरीर पर फूस लपेट कर नहीं निकल सकता। सुप्रीम कोर्ट राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण को लेकर कठोर टिप्पणियां करने के साथ सरकार को कठोर एवं प्रभावी कदम उठाने के लिये जागरूक करती रही है। हाल ही सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने से रोकने में पंजाब सरकार की नाकामी पर सख्त टिप्पणी भी की। पंजाब और दिल्ली, दोनों ही राज्यों में आम आदमी पार्टी की सरकारें हैं, इसलिए यह आप और भाजपा के बीच राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप का मुद्दा भी बनता रहता है। ध्यान रहे कि पंजाब और दिल्ली के बीच स्थित राज्य हरियाणा में भाजपा की सरकार है। उत्तर प्रदेश में भी भाजपा सरकार है, जिसके पश्चिमी क्षेत्र के किसानों पर पराली जलाने का आरोप लगता रहता है। आम आदमी की सेहत ही नहीं, जीवन से भी जुड़े इस जानलेवा मुद्दे पर राजनीति नहीं, बल्कि ठोस समाधान की राह निकलनी चाहिए। हमारे राजनीति दल संवेदनहीन नहीं बल्कि संवेदनशील बने। दीपावली पर आतिशबाजी न हो, इसके लिये व्यापक प्रयत्न किये जाये। क्योंकि पटाखे जलाने से न केवल बुजुर्गों बल्कि बच्चों के जीवन पर खतरनाक प्रभाव पड़ने और अनेक रोगों के पनपने की संभावनाएं हैं। आम जनता की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाली पटाखे जलाने की भौतिकतावादी मानसिकता को विराम देना जरूरी है। प्रदूषण मुक्त पर्यावरण की वैश्विक अभिधारणा को मूर्त रूप देने के लिये इको फ्रेंडली दीपावली मनाने की दिशा में पिछले कुछ सालों में कई पायदान हम ऊपर चढ़े हैं, एक सकारात्मक वातावरण बना। लेकिन पटाखों से ज्यादा खतरनाक हैं पराली का प्रदूषण। पराली आज एक राजनीतिक प्रदूषण बन चुका है। तमाम बंदीशों एवं चेतावनियों के दीपावली की रात आतिशबाजी जमकर होती है, इसके कारण पिछले साल अगले दिन वायु प्रदूषण 999 के बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गया था। यह आम आदमी की सेहत, खासकर बुजुर्गों और बच्चों के लिए कितना खतरनाक साबित हो सकता है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि 401 से 500 तक के एक्यूआइ को ही 'गंभीर' एवं खतरनाक माना जाता है। वायु प्रदूषण से जुड़े आंकडे हमें बार-बार सतर्क एवं सावधान करने के साथ डराते भी है। यह डराने वाला ही आंकड़ा है कि भारत में हर साल वायु प्रदूषण से 20 लाख मौतें होती हैं। देश में होने वाली मौतों का यह पांचवां बड़ा कारण है। दिल्ली-एनसीआर के वायु प्रदूषण में पराली और पटाखों की ही तरह वाहनों एवं भवन-निर्माण से जुड़ा प्रदूषण भी खतरनाक होता है। भू-विज्ञान मंत्रालय के एक रिसर्च के अनुसार वायु निर्माण में 41 प्रतिशत हिस्सेदारी वाहनों की रहती है। भवन निर्माण आदि से उड़नेवाली धूल 21.5 प्रतिशत के दूसरे स्थान पर है। दिल्ली परिवहन विभाग के आंकड़े के मुताबिक पिछले 30 साल में वाहन और उनसे होने वाला प्रदूषण तीन गुणा बढ़ गया है। फिर भी सार्वजनिक यातायात व्यवस्था को बेहतर और विश्वसनीय बनाने की दिशा में कुछ खास नहीं किया गया। इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये हर राजनीतिक दल एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न बनना होगा। क्या हमें किसी चाणक्य के पैदा होने तक इन्तजार करना पड़ेगा, जो जड़ों में मठ्ठा डाल सके।...नहीं, अब तो प्रत्येक राजनीतिक मन को चाणक्य बनना होगा। तभी विकराल होती वायु प्रदूषण की समस्या से मुक्ति मिलेगी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार दिल्ली के प्रदूषण में पराली के धुएं की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत के आसपास है। अभी से हर दिन पराली जलाने की घटनाएं दर्ज होने लगी है। क्या इसे रोकना वाकई इतना कठिन है? आखिर दिल्ली, पंजाब के साथ केंद्र सरकार इसके लिए क्या कर रही है कि किसान पराली न जलाएं? सच यह है कि इसके लिए कोई प्रभावी कोशिश हो ही नहीं रही है। किसानों से बात करने का साहस कोई भी सरकार नहीं दिखा रही है। ऐसा माहौल बना दिया गया है, मानो खेती के नाम पर कुछ भी करने की छूट है। इसका कारण राजनीतिक ही है। कोई किसान है, इसका यह अर्थ नहीं कि उसे वातावरण को दमघोंटू बनाने एवं लोगों के जीवन को संकट में डालने का अधिकार है। अभी से दिल्ली की आबोहवा बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से खतरनाक होने लगती है। दिल्ली की हवा में उच्च सांद्रता है, जो बच्चों को सांस की बीमारी और हृदय रोगों की तरफ धकेल रही है। शोध एवं अध्ययन में यह भी पाया गया है कि यहां रहने वाले 75.4 फीसदी बच्चों को घुटन महसूस होती है। 24.2 फीसदी बच्चों की आंखों में खुजली की शिकायत होती है। सर्दियों में बच्चों को खांसी की शिकायत भी होती है। बुजुर्गों का स्वास्थ्य तो बहुत ज्यादा प्रभावित होता ही है। सर्दियों के मौसम में हवा में घातक धातुएं होती हैं, जिससे सांस लेने में दिक्कत आती है। हवा में कैडमियम और आर्सेनिक की मात्रा में वृद्धि से कैंसर, गुर्दे की समस्या और उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इसमें पराली के प्रदूषण से घातकता कई गुणा बढ़ जाती है। पटाखों का प्रदूषण उससे भी घातक है। 300 से अधिक एक्यूआइ वाले शहरों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहने वाले सांस के रूप में जहर खींचने को क्यों विवश है, इसके कारणों पर इतनी बार चर्चा हो चुकी है कि उन्हें दोहराने की आवश्यकता नहीं।

**मेकअप न सिर्फ चेहरे के फीचर्स को डिफाइन करता है. बल्कि खूबसूरती को और बढ़ा देता है. परफेक्ट मेकअप के लिए सबसे जरूरी होता है फाउंडेशन. ये चेहरे के दाग-धब्बे को छिपाने का काम करता है और चेहरे को एक क्लीन लुक देता है. फाउंडेशन सही नहीं हो तो पूरा मेकअप ही खराब है. एक परफेक्ट बेस के लिए सही शेड का फाउंडेशन होना बेहद जरूरी है. लेकिन अक्सर महिलाएं फाउंडेशन खरीदते समय अपने चेहरे से लाइट या डार्क शेड का फाउंडेशन खरीद लेती हैं. इससे या तो उनका चेहरा बहुत ज्यादा सफेद दिखता है या फिर काला.**

# फेयर से डस्की तक.स्किन टोन के हिसाब से कैसे चुनें सही फाउंडेशन, ये टिप्स आयेंगे काम





कुछ महिलाओं का अक्सर ये सवाल रहता है कि आखिर सही शेड के फाउंडेशन का चुनाव कैसे करें. अगर आप भी इसी दुविधा में हैं तो आज हम आपको कुछ टिप्स बताएंगे , जिसकी मदद से आप फाउंडेशन खरीदते समय अपने लिए सही शेड चुन सकेंगी. ये आपके मेकअप को परफेक्ट बनाएंगा और फ्लॉलेस बेस देगा.

## अंडरटोन पहचानें

सही फाउंडेशन चुनने के लिए सबसे पहले आपको अपनी अंडरटोन पहचाननी है. अंडरटोन की तरह की होती है इससे जानने के लिए आपको अपनी कलाई की



नसों को नेचुरल लाइट में देखना है. अगर नसों का कलर हरा है तो आप वॉर्म टोन हैं. अगर नसों का कलर बैंगनी या नीला है तो कूल अंडरटोन है. वहीं अगर नसों का कलर दोनों तरह का है तो आपका टोन न्यूट्रल है.

## स्किनटाइप के हिसाब से चुने फाउंडेशन

सही फाउंडेशन शेड के लिए स्किनटाइप का पता होना भी बहुत जरूरी है. जैसे आपकी स्किन ऑयली है, ड्राई है या फिर कॉम्बिनेशन. अगर आपकी स्किन ऑयली है तो सुपर स्टे वाला फाउंडेशन चुनें. वहीं, अगर आपकी स्किन ड्राई है तो ष्ठद्र24 या सैटिन फिनिश वाला फाउंडेशन सेलेक्ट करें और कॉम्बिनेशन स्किन के लिए आप किसी भी तरह का फाउंडेशन चुन सकती हैं.

## कैसे चुनें सही शेड?

फाउंडेशन का सही शेड चुनने के लिए आप थोड़ा सा फाउंडेशन लें और उससे अपनी जॉलाइन पर लगाएं. इसके बाद इसे हल्के हाथों से रब करें. अगर ये आपकी स्किन में अच्छे से मैच होता है तो ये सही शेड है. वहीं अंडरटोन के हिसाब से फाउंडेशन चुनने के लिए आप अपनी कलाई पर फाउंडेशन लगाएं और उसे ब्लेंड करें. फाउंडेशन नसों के कलर से मेल खाता है तो आपका शेड सही है.

